निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स




रांची में आयोजित राज्य स्तरीय रबी कर्मशाला के दौरान पुस्तक का विमोचन करती कृषि मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की

• बोकारो, बुधवार 5 नवम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 168 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

### राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने एमएसएमई विधेयक को दी मंजूरी

# झारखंड में औद्योगिक विकास को मिलेगा प्रोत्साहन, निवेश को बढ़ावा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मानसून सत्र के दौरान झारखंड विधानसभा से पारित झारखंड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (विशेष छूट) विधेयक, 2025 को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक का उद्देश्य राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों यानी एमएसएमई के माध्यम से औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देना और निवेश को बढ़ावा देना है। इस विधेयक के तहत उद्योगों की स्थापना एवं संचालन के लिए आवश्यक विभिन्न अनुमतियों और निरीक्षणों से छूट प्रदान की गई है जिससे नए उद्यमों की स्थापना प्रक्रिया अधिक सरल और सुगम होगी। इसके साथ ही 'सिंगल विंडो सिस्टम' के



माध्यम से लाइसेंस एवं अनुमतियों से संबंधित सभी सुविधाएं, एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जाएंगी। यह विधेयक राज्य में एमएसएमई क्षेत्र को गति प्रदान करने, छोटे व्यवसायों के विकास को प्रोत्साहन देने और निवेश आकर्षित करने की दिशा में पहल है। इस विधेयक का उद्देश्य राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के माध्यम से औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देना और निवेश को बढ़ावा देना है। इस विधेयक के तहत उद्योगों की स्थापना एवं संचालन के लिए आवश्यक विभिन्न अनुमतियों और निरीक्षणों से छूट प्रदान की गई है, जिससे नए उद्यमों की स्थापना प्रक्रिया अधिक सरल और सुगम होगी। साथ ही, 'सिंगल विंडो सिस्टम' के माध्यम से लाइसेंस एवं अनुमतियों से संबंधित सभी सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जाएंगी। यह विधेयक राज्य में एमएसएमई क्षेत्र को गति प्रदान करने, छोटे व्यवसायों के विकास को प्रोत्साहन देने और निवेश आकर्षित करने की दिशा में पहल है। बीते मानसून सत्र के दौरान सदन से पारित होने के बाद राजभवन पहुंचा यह विधेयक अब कानूनी रूप में बदल गया है। इसके तहत नए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों यानी एमएसएमइ को सिंगल विंडो के माध्यम से अनुमोदन मिलेगा। इसके अलावा विधेयक स्थापना और संचालन में अनुमोदनों और निरीक्षणों से छूट का प्रावधान करता है, जिससे व्यापार करने की सुगमता बढ़ेगी। इसका मुख्य लक्ष्य राज्य में निवेश को बढ़ाना, छोटे-मझोले उद्योगों को बढ़ावा देना और रोजगार के अवसर पैदा करना है। बहरहाल राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद इसकी अधिसूचना जारी होगी, तत्पश्चात यह नया कानूनी रुप में आ जाएगा।

## झारखंड स्थापना दिवस पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 18 नवंबर से 15 दिसंबर 2025 तक सभी जिलों में यह कार्यक्रम चलेगा। इस बार के अभियान में आय, जाति और आवासीय प्रमाण पत्र जारी करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही लाभार्थियों को राज्य सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इसमें खास बात यह रहेगी कि सरकार द्वारा मंईयां सम्मान योजना के तहत भी आवेदन लेने की तैयारी है। वैसी महिलाएं जो 18-50 साल की हैं, उन्हें इस योजना के तहत आवेदन देने का अवसर मिलेगा। इसके लिए राज्यभर के सभी प्रखंडों में विशेष कैंप लगाएं जाएंगे। दरअसल झारखंड के राज्य स्थापना के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सरकार आपके द्वार को प्राथमिकता के रूप में रखा गया है। सरकार का मानना है कि इसके माध्यम से लोगों की छोटी-मोटी समस्या का समाधान होने में सहुलियत मिलती है। इस बार के समारोहों की थीम झारखंड@25 रखा गया है, जिसके तहत मुख्य कार्यक्रम 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के दिन होगा। इसके बाद 16 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम और 29 नवंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में एक भव्य समापन समारोह होगा। राज्य सरकार की ओर से सभी उपायुक्त को राज्य स्थापना दिवस के मौके पर होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जुट जाने के निर्देश मुख्य सचिव की ओर से दिए जा चुके हैं। सत्तारूढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत एक बार फिर आवेदन लिए जाने से वैसी महिलाओं को आवेदन देने का अवसर मिलेगा जो अब तक इससे वंचित थी। बहरहाल राज्य स्थापना दिवस को लेकर तैयारियां जोरों पर है। राज्य स्थापना के रजत वर्ष पर खास का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसे लेकर प्रदेश भर में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### संक्षिप्त समाचार

## सड़क हादसे में बीएड की छात्रा की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के सदर थाना क्षेत्र के खनवा गांव में सड़क हादसे में बीएड की छात्रा की मौत हो गई। हादसे में उसके पति और दो छोटे बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतका की पहचान 28 वर्षीय आशा कुमारी के रूप में की गई है। वह जीएलए कॉलेज की बीएड छात्रा थीं। सिक्की कला विद्यालय में अपना शिक्षण अभ्यास पूरा कर पति और सात माह व दो साल के बच्चों के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रही थीं। खनवा गांव के समीप पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

## ट्रेन की चपेट आने से एक की मौत

**गिरीडीह (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हीरोडीह थाना क्षेत्र में मंगलवार को ट्रेन की चपेट में आने एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना झारखंडधाम हॉल्ट के नजदीक दुबे बांध के पास हुई। मृतक की पहचान हीरोडीह थाना क्षेत्र के रेम्बा गांव निवासी नरेश तूरी (45) के रूप में हुई है। इधर घटना में आसपास के स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने परिजन व पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## गर्भवती नाबालिग प्रेमिका की हत्या

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रायडीह थाना क्षेत्र के पुराना रायडीह गांव में मंगलवार को एक हत्या का मामला सामने आया है। 19 वर्षीय युवक सुमन यादव ने अपनी नाबालिग प्रेमिका अंशिका तिर्की की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। मृतका पांच माह की गर्भवती थी। यह घटना सुबह करीब सात बजे हुई। अंशिका तिर्की छत्तीसगढ़ के धरमजयगढ़, शांति नगर की रहने वाली थी। वह पिछले एक सप्ताह से सुमन के घर में रह रही थी। वारदात के समय आरोपी युवक घर में ही मौजूद था और उसने भागने का प्रयास नहीं किया। सूचना मिलने पर रायडीह थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी सुमन यादव को हिरासत में ले लिया।

## रहस्यमय स्थिति में छात्र की मौत

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** देवघर थाना क्षेत्र के बरमसिया स्थित एक लॉज में एक छात्र की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान जसीडीह थाना क्षेत्र के संथाल बदिया निवासी प्रिंस बेसरा के रूप में हुई है, जो देवघर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। जानकारी के अनुसार प्रिंस सुबह नींद से जागा और बाथरूम गया। काफी देर तक बाहर न आने पर उसके दोस्त ने आवाज लगाई। कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर अन्य छात्रों की मदद से बाथरूम का दरवाजा तोड़ा गया। प्रिंस अंदर बेसुध हालत में फर्श पर पड़ा मिला। साथी छात्र उसे तत्काल देवघर सदर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## मझिआंव सीओ के खिलाफ प्राथमिकी, निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** जिले के मझिआंव अंचल के सीओ प्रमोद कुमार के खिलाफ उनकी पत्नी ने स्थानीय थाने में आवेदन दिया है। आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इसकी पुष्टि गढ़वा एसडीपीओ नीरज कुमार ने की है। पुलिस को दिए गए आवेदन में उन्होंने लिखा है कि उनके पति मझिआंव सीओ उनपर दहेज के रूप में 50 लाख रुपये देने का दबाव बना रहे थे। दर्ज कराई गई प्राथमिकी में सीओ प्रमोद कुमार के चरित्र पर सवाल उठाते हुए उनके कई लड़कियों से अवैध संबंध होने की बातों का जिक्र किया गया है। साथ ही सीओ की पत्नी ने आवेदन में लिखा है कि 01 नवंबर 2025 को उन्हें सूचना मिली थी कि उनके पति प्रमोद कुमार के सरकारी आवास में लातेहार जिला के चंदवा थाना की एक लड़की उनके पति के साथ रह रही है और गलत काम कर रही है। इसके बाद वे अपने चचेरे भाई रोशन और ममेरे भाई राजा के साथ मझिआंव पहुंचीं। उन्होंने आवेदन में बताया है कि जैसे ही वे सरकारी आवास पहुंचीं उन्होंने देखा कि कमरे में उनके पति और लड़की आपत्तिजनक अवस्था में बेड पर लेटे हुए हैं और उन्हें देखते हुए दोनों हड़बड़ा गए। इसके बाद वे कमरे से बाहर आ गईं और बाहर से कमरे का ताला बंद कर दिया। इसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लड़की को हिरासत में लेकर महिला थाना गढ़वा ले गई। इधर, झारखंड सरकार ने गढ़वा जिले के मझिआंव के सीओ प्रमोद कुमार को निलंबित कर दिया है।

## अवैध कोयला तस्करी पर शिकंजा, 20 टन कोयला जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** जिले में अवैध कोयला तस्करी पर नकेल कसने के लिए मंगलवार को पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम श्रीकांत यशवंत विस्पुते और एसडीपीओ जीतवाहन उरांव के नेतृत्व में सुबह से ही सीसीएल कोलियरी क्षेत्र के कबरीबाद और आसपास के इलाकों में छापेमारी की गई। इस दौरान टीम ने मौके से 20 टन से अधिक अवैध कोयला और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही पांच मोटरसाइकिलें जब्त कीं। सभी जब्त वाहनों को मुफस्सिल थाना लाया गया है। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही तस्कर मौके से फरार हो गए। प्रशासन ने कई संदिग्धों की पहचान कर ली है और जल्द गिरफ्तारी की उम्मीद जताई है। जानकारी के अनुसार बीते कुछ दिनों से कबरीबाद और उसके आसपास के



क्षेत्रों में अवैध खनन और कोयला चोरी का धंधा तेजी से बढ़ रहा था। स्थानीय स्तर पर कई छोटे-बड़े गिरोह सक्रिय थे जो रात के अंधेरे में कोयला निकालकर ट्रैक्टर, बाइक और छोटे वाहनों से उसकी तस्करी करते थे। प्रशासन को लगातार इसकी गुप्त सूचनाएं मिल रही थीं। इसके बाद पुलिस और सीसीएल प्रबंधन ने मिलकर यह संयुक्त अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान टीम ने कोलियरी के विभिन्न मार्गों और छिपे स्थानों पर सघन तलाशी ली। एसडीएम श्रीकांत यशवंत विस्पुते ने बताया कि माईनस क्षेत्र से बड़े पैमाने पर अवैध कोयला तस्करी की सूचना मिल रही थी। इसी आधार पर छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसी भी कीमत पर अवैध खनन और तस्करी को बर्दाश्त नहीं करेगा। जिले में लगातार निगरानी बढ़ा दी गई है और कोयला माफियाओं की पहचान कर उन पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद इलाके के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने कहा कि गिरिडीह पुलिस अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए अभियान को और तेज करेगी। आने वाले दिनों में जिले के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी ताकि कोयला माफियाओं पर पूरी तरह से लगाम लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस अब खनन स्थलों के आसपास गश्त बढ़ाएगी और संलिप्त लोगों की संपत्तियों की भी जांच कराएगी। प्रशासन का यह सख्त रुख साफ संकेत देता है कि जिले में अवैध कोयला कारोबार अब नहीं चल पाएगा।

## सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना सबकी जिम्मेदारी : अजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में रक्त प्रतिस्थापन पर प्रतिबंध के मद्देनजर, जरूरतमंदों को रक्त प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े, इसके लिए एक बैठक की गई। इसके लिए स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी की कार्यकारी निदेशक डॉ नेहा अरोड़ा, एनएचएम के निदेशक शशि प्रकाश झा, डीआईसी सिद्धार्थ सान्याल, उपसचिव ध्रुव प्रसाद सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। राज्य के सभी ब्लड बैंकों के प्रतिनिधियों ने भी ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में भाग लिया। इस बैठक में यह फैसला लिया गया कि राज्य



स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वृहद रक्तदान अभियान 12 से 28 नवंबर तक राज्यव्यापी रक्तदान अभियान चलाया जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि इस अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाने के लिए शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जागरूकता फैलाई जाए और अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि ब्लड डोनेशन को जन आंदोलन का रूप देना होगा और इसके लिए सोशल मीडिया और स्थानीय प्रचार माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। झारखंड राज्य स्वास्थ्य समिति की कार्यकारी निदेशक डॉ नेहा अरोड़ा ने कहा कि सभी अस्पतालों को थैलेसीमिया के सभी मरीजों का विस्तृत डेटा एक अलग रजिस्टर में रखना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि हर ब्लड बैंक अपनी मासिक ऑडिट रिपोर्ट तैयार करे। अब हर तीन माह में एक बार ड्रग डायरेक्टरेट द्वारा ब्लड बैंकों का ऑडिट किया जाएगा। कार्यकारी निदेशक डॉ नेहा अरोड़ा ने सभी रक्त केंद्रों को ई-रक्तकोष पंजी पर पूर्ण रूप से डाटा की इंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही मैनपावर की कमी दूर करने और ब्लड बैंक के लिए आवश्यक स्टाफ की तैनाती शीघ्र पूरी करने पर बल दिया। बैठक के दौरान एनएचएम के निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि ब्लड डोनेशन कैंप में गैर सरकारी संगठन और सामाजिक संस्थाओं का योगदान अपेक्षित है। सामूहिक योगदान से ब्लड डोनेशन कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने इसके लिए बृहद प्रचार प्रसार पर जोर दिया।

## प्रसूता की मौत, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** जिले में एक निजी अस्पताल की कथित लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। बाघमारा थाना क्षेत्र के डुमरा हीरक रोड स्थित अवनित हेल्थ केयर अस्पताल से डिस्चार्ज होने के तुरंत बाद एक प्रसूता की रास्ते में मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजन और ग्रामीण शव लेकर अस्पताल पहुंचे और जमकर हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देख अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार गीता देवी नामक प्रसूता को 26 अक्टूबर को प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार रात डॉक्टरों ने उन्हें डिस्चार्ज कर दिया। परिजन नवजात शिशु और प्रसूता को घर ले जा रहे थे तभी बीच रास्ते में महिला की मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। वे शव को लेकर अस्पताल पहुंचे और अस्पताल को सील करने, दोषी डॉक्टर पर कार्रवाई करने और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। मामले की जानकारी मिलने के बाद मंगलवार को बाघमारा सीओ गिरजानंद किस्कू मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से बात की और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। सीओ ने बताया कि अस्पताल और घटना की जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सक को निर्देश दिए गए हैं। मुआवजा दिलाने के लिए अस्पताल प्रबंधन से बातचीत की जाएगी। इधर सीओ गिरजानंद किस्कू ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सभी निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया जाएगा।

## कांग्रेस चलायेगी 'मतदाता बचाओ-लोकतंत्र बचाओ' अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पार्टी झारखंड में 'मतदाता बचाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान शुरू करने जा रही है ताकि किसी भी नागरिक को उसके संवैधानिक मताधिकार से वंचित नहीं किया जा सके। उन्होंने कहा कि मतदान का अधिकार हर भारतीय नागरिक का मौलिक और संवैधानिक अधिकार है जिसे कोई भी संस्था या एजेंसी छीन नहीं सकती। उन्होंने बताया कि झारखंड के हर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की ओर से बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए जा रहे हैं। ये एजेंट मतदाता सूची के पुनरीक्षण और सत्यापन कार्य की निगरानी करेंगे तथा किसी भी गड़बड़ी की जानकारी पार्टी



को देंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में मतदाता सूची से नाम हटाने जैसी घटनाएं देखने को मिली हैं और झारखंड में भी ऐसी आशंका है, इसलिए कांग्रेस ने पहले से ही तैयारी कर ली है ताकि कोई भी नागरिक अपने वोट के अधिकार से वंचित न हो। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य केवल राजनीतिक लाभ नहीं बल्कि लोकतंत्र की रक्षा है। मताधिकार छीनना या वोट चोरी लोकतंत्र पर सीधा हमला है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष ने घाटशिला उपचुनाव का भी जिक्र किया है। उन्होंने बताया कि गठबंधन के प्रत्याशी सोमेश कुमार सोरेन के समर्थन में कांग्रेस पूरी ताकत से चुनाव मैदान में है। सभी जिला, प्रखंड और मंडल स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बूथ-स्तर तक सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन के सभी दल एकजुट होकर काम कर रहे हैं और भारी बहुमत से उम्मीदवार की जीत तय है। इधर, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने बताया कि कांग्रेस की मजबूती ही देश की मजबूती है। उन्होंने कहा कि देश की एकता, धर्मनिरपेक्षता और संविधान की अखंडता तभी सुरक्षित रह सकती है जब कांग्रेस मजबूत रहेगी। वोट का अधिकार दलितों, पिछड़ों और आम नागरिकों का अधिकार है और इसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान, लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखने वाले सभी दलों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया है। यूपीए गठबंधन इसी दिशा में सफल प्रयोग है और झारखंड में महागठबंधन एकजुट होकर काम कर रहा है। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि कांग्रेस का संघर्ष उन शक्तियों के खिलाफ है, जो सांप्रदायिकता फैलाकर देश को कमजोर करना चाहती हैं और जो पूंजीवादी ताकतों के हित में काम करती हैं।

## 101.4 किलो डोडा छिलका बरामद, एक गिरफ्तार

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत आज चरही थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वैद्यनाथ प्रसाद के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने एनएच-20 स्थित चरही चौक के पास वाहन चेकिंग के दौरान ट्रेलर (जेएच 02 एएस-2906) को रोका। पुलिस को देखते ही चालक ने गाड़ी को तेजी से भगाने का प्रयास किया लेकिन तत्परता से पीछा कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में चालक की पहचान बिरेन्द्र सिंह निवासी-जरवाय तालाब, थाना टाटीबंध, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) के रूप में हुई। वाहन की तलाशी लेने पर ट्रेलर में लदे रॉड के ऊपर से 9 बोरे डोडा छिलका बरामद किए गए, जिनका कुल वजन 101.4 किलोग्राम पाया गया। इस संबंध में चरही थाना कांड संख्या 103/25 के तहत धारा 317(5)/3(5) बीएनएस एवं 15(ए)/25/29 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।

2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।

3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com

CMYK

# सदर थाना में पुलिस-व्यापारी संयुक्त बैठक : शहर को भयमुक्त और अपराधमुक्त बनाने का संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हजारीबाग।** शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सदर थाना परिसर में पुलिस प्रशासन और व्यावसायिक संगठनों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार एवं थाना प्रभारी सुभाष कुमार की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, स्वर्णकार व्यवसाय संघ और सब्जी मंडी व्यवसाय संघ के प्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत व्यापारियों द्वारा अपनी समस्याओं और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को अधिकारियों के समक्ष रखने से हुई।

अधिकारियों ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण हेतु व्यापारियों से पुलिस को पूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया। सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार ने कहा कि प्रत्येक व्यापारी अपने प्रतिष्ठान के बाहर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाएं, जिससे न केवल प्रतिष्ठान की सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि सड़कों की निगरानी भी प्रभावी होगी। उन्होंने कहा, 'यह पहल आपकी सुरक्षा के लिए है। हर व्यापारी कैमरा लगवाएगा तो अपराध रोकथाम में बड़ी मदद मिलेगी।'

व्यापारियों ने इस सुझाव का समर्थन करते हुए कहा कि सभी व्यापारियों को व्यक्तिगत रूप से कैमरा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इस पर डीएसपी ने सहमति जताई और आश्वासन दिया कि थाना प्रभारी सुभाष कुमार एवं उनकी टीम हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और समाज दोनों के संयुक्त प्रयास से ही शहर को सुरक्षित, भयमुक्त और चोरीमुक्त बनाया जा सकता है। बैठक का समापन आपसी सहयोग और समन्वय के साथ शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के संकल्प के साथ हुआ। बैठक में प्रमुख रूप से फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष शंभूनाथ चौधरी, सचिव राकेश ठाकुर, संयुक्त सचिव नीरज अग्रवाल, सहसचिव तारीक अहमद रजा, तनवीर सिंह, कोषाध्यक्ष सीए विनीत अग्रवाल, धनंजय गुप्ता, रितेश खंडेलवाल, राज वर्मा, सब्जी मंडी व्यवसायी विनोद सिंह, रुद्र राज, बबलू सिंह, सोनू जैन सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

# 'रफ्तार घटाओ, सुरक्षा बढ़ाओ' अभियान के तहत दारू थाना में संयुक्त वाहन चेकिंग अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**दारू (हजारीबाग)।** सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दारू थाना एवं मोटर यान निरीक्षक (एम.वी.आई.) हजारीबाग की संयुक्त टीम ने विशेष वाहन जांच अभियान चलाया।

यह जांच अभियान 'रफ्तार घटाओ, सुरक्षा बढ़ाओ' स्लोगन के तहत सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर आयोजित किया गया। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी और मोटर यान निरीक्षक की देखरेख में तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। दोषी चालकों पर ऑनलाइन चालान काटे गए। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट और ट्रिपल राइडिंग जैसे नियम उल्लंघनों पर भी कड़ी कार्रवाई की गई। मौके पर वाहन चालकों की काउंसलिंग की गई तथा उन्हें सुरक्षा संबंधी पम्पलेट और पुस्तिकाएं वितरित की गईं। अभियान में मोटर यान निरीक्षक श्री विजय गौतम, सुश्री रवीना कुमारी, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक श्री संतोष कुमार, रोड इंजीनियर एनालिस्ट शारीक इकबाल एवं आईटी सहायक अरविन्द कुमार शामिल रहे। जांच के दौरान कुल 30 चालान किए गए, जिससे 93,050 का जुमार्ना वसूला गया। अभियान का उद्देश्य लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना और सड़क हादसों में कमी लाना है।

# अवैध महुआ शराब निर्माण स्थलों पर छापामारी, 2400 किलो जावा महुआ नष्ट एवं 160 लीटर महुआ शराब जब्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** उपायुक्त हजारीबाग के निदेशानुसार प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध महुआ शराब के निर्माण एवं बिक्री केंद्रों पर संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया।

इस दौरान विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत नागी, करोंज मोड़, उर्गी, आठ माइल, दारू थाना अंतर्गत झुमरा बाजार, तथा मुफ्फसिल थाना अंतर्गत मेरु आदि ग्रामों में छापामारी की गई। अभियान के दौरान कुल 2400 किलोग्राम जावा महुआ को विनष्ट किया गया तथा 160 लीटर अवैध रूप से तैयार महुआ शराब जब्त की गई। छापामारी के क्रम में आठ माइल एवं करोंज मोड़ क्षेत्र से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य फरार अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। इस छापामारी अभियान का नेतृत्व अवर निरीक्षक (उत्पाद) कृष्णा प्रजापति ने किया, जिनके साथ गृहरक्षक बल के जवान भी उपस्थित थे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आमजन से अपील की गई है कि वे ऐसे किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना प्रशासन को दें ताकि समाज में इस अवैध कारोबार पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सके।

# सड़क हादसा : गुड़ियो बांझेडीह में खराब सड़क बनी मौत का कारण, महिला की मौके पर ही मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** गुड़ियो शिवांगी धाम कलवर्ट के पास खराब सड़क ने एक महिला की जान ले ली। सोमवार को तुर्कबाद, केंदुआ बरकट्ठा निवासी सोनी देवी (30 वर्ष), पति रविन्द्र यादव बाइक से तिलैया डैम जा रही थीं। इसी दौरान गुड़ियो बांझेडीह शिवांगी धाम कलवर्ट के पास सड़क की खराब स्थिति के कारण बाइक असंतुलित हो गई और वह गिर पड़ीं।

गिरने से सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण सोनी देवी की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि कलवर्ट के पास सड़क धँसने और गड्ढा हो जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क की मरम्मत की मांग करते हुए प्रशासन से जल्द कार्रवाई की अपील की है, ताकि आगे ऐसी दुर्घटनाएं दोबारा न हों।

**स्थान:** गुड़ियो बांझेडीह, शिवांगी धाम कलवर्ट, बरही।

**मृतका:** सोनी देवी, उम्र 30 वर्ष, पति रविन्द्र यादव, निवासी तुर्कबाद केंदुआ, बरकट्ठा।

# ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ऑब्जर्वर कार्तिक पासवान ने किया जनसंपर्क

■ कांग्रेस पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग, हर समाज और हर धर्म के लोगों को साथ लेकर चलती है कार्तिक पासवान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बिहार प्रदेश विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। जिसमें पहले चरण 6 नवंबर तथा दूसरी चरण 11 नवंबर को मतदान होनी है, इसी क्रम में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर एवं बरही एससी सेल प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक पासवान ने दरभंगा जिले के बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी मिथिलेश कुमार चौधरी के पक्ष में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की जनता से कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिह्न हाथ पर बटन दबाकर पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश को एक बार फिर कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा की जरूरत है, ताकि समानता, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय को मजबूती मिल सके। कार्तिक पासवान ने लोगों से आह्वान किया कि वे कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें और बिहार में एक नई राजनीतिक सोच को जन्म दें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग, हर समाज और हर धर्म के लोगों को साथ लेकर चलती है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी मिथिलेश कुमार चौधरी को विजयी बनाने का संकल्प लिया और कहा कि बेनीपुर की जनता विकास और भाईचारे की राजनीति चाहती है, जो केवल कांग्रेस के नेतृत्व में संभव है। कार्तिक पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि वे लगातार जन-जन तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाने का काम कर रहे हैं और आगामी विधानसभा चुनाव में बेनीपुर सीट पर कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करेंगे।

# राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 4.0 : पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के निदेशक गुमला में करेंगे डीएलसी शिविरों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

## पेंशनभोगियों के डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम

**रांची।** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय 01 से 30 नवंबर, 2025 तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र(डीएलसी) अभियान 4.0 आयोजित करेगा। सरकार के पेंशनभोगियों के डिजिटल सशक्तिकरण के दृष्टिकोण के तहत यह अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है, जो डिजिटल इंडिया और ईज ऑफ लिविंग मिशन के साथ जुड़ा हुआ है।

डीएलसी अभियान 4.0 का उद्देश्य संतृप्ति-आधारित आउटरीच दृष्टिकोण के साथ 2,000 से अधिक शहरों और कस्बों में दो करोड़ पेंशनभोगियों तक पहुंचना है। इस अभियान में आधार-आधारित फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के उपयोग पर बल दिया जाएगा, जिससे पेंशनभोगियों को बायोमेट्रिक उपकरणों पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा और वे स्मार्ट फोन द्वारा घर बैठे आसानी से अपना जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकेंगे। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की डोरस्टेप डीएलसी सेवा के माध्यम से अति-वरिष्ठ और दिव्यांग पेंशनभोगियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम (24 नवंबर, 2024), संविधान दिवस संबोधन (26 नवंबर, 2024) में भी इस बात पर बल दिया कि डिजिटल भारत की नई पहलों जैसे डिजिटल प्रमाणपत्र द्वारा देशभर के वरिष्ठ नागरिकों की पेंशन प्रक्रिया को आसान बनाया जा रहा है। राष्ट्र-व्यापी डीएलसी अभियान 4.0 के तहत फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से डीएलसी जमा करने वाले पेंशनभोगियों से बातचीत करने तथा डोरस्टेप डीएलसी सेवाओं तथा शिविरों का निरीक्षण करने के लिए श्री राकेश कुमार, निदेशक पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, भारत सरकार, (एसबीआई/आईपीपीबी) द्वारा आयोजित शिविरों में भाग लेने के लिए 06 नवंबर, 2025 को गुमला, झारखंड का दौरा करेंगे। अधिकारी शिविरों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए बैंकों, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (डाक विभाग), यूआईडीएआई, एनआईसी और स्थानीय पेंशनभोगी कल्याण संघों के बीच समन्वय की समीक्षा करेंगे।

देश के सुदूर कोनों में रहने वाले पेंशनभोगियों के डिजीटल समावेशन के उद्देश्य से इस अभियान को सभी प्रमुख हितधारकों नामतः बैंकों, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, यूआईडीएआई, मेटी (MeitY), एनआईसी, सीजीडीए, रेलवे तथा स्थानीय पेंशनभोगी कल्याण संघों के सहयोग से संचालित किया जाएगा।

## चौपारण में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# चार अवैध कोयला लदे ट्रक जब्त, तस्करों में मचा हड़कंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रादेशिक वन विभाग की टीम ने बीती रात अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए चौपारण चेकनाका के पास से चार कोयला लदे ट्रकों को जब्त किया। विभाग की इस सटीक कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

सूत्रों के अनुसार, वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध रूप से कोयला लदे कई ट्रक बिहार की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर विभाग की टीम ने चौपारण चेकनाका पर नाका बंदी की। लेकिन टीम की भनक लगते ही ट्रक चालक गाड़ियाँ सड़क किनारे खड़ी कर मौके से फरार हो गए। वन विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए चारों ट्रक — जेएच 09 ए 9398, जेएच 02 बीयू 6236, जेएच 10 बीवाई 8111 और जेएच 02 एबी 7046— को अपने कब्जे में लेकर चौपारण रेंज कार्यालय पहुंचाया। हालांकि इस दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई। प्रादेशिक वन पदाधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए वाहनों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने वन विभाग की इस कार्रवाई की सराहना की है। उनका कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध कोयला ढुलाई का खेल चल रहा था, जिससे पर्यावरण और सरकारी राजस्व दोनों को नुकसान पहुंच रहा था। विभाग की यह कार्रवाई ऐसे अवैध नेटवर्क पर नकेल कसने की दिशा में एक सख्त कदम मानी जा रही है।

# केबीएसएस +2 उच्च विद्यालय चौपारण में बाल संसद के नए मंत्रियों को बैज प्रदान, विद्यालय में गूंजा लोकतंत्र का उत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**चौपारण (हजारीबाग)।** मंगलवार को केबीएसएस +2 उच्च विद्यालय, चौपारण में बाल संसद के नवगठित मंत्रिमंडल के सदस्यों को बैज प्रदान करने के लिए एक गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री दिलीप कुमार राणा ने की।

इस अवसर पर श्री राणा ने अपने संबोधन में कहा कि 'बाल संसद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्य विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है।' उन्होंने सभी नव-निर्वाचित मंत्रियों को ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर उत्साह और उल्लास से भर उठा। विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति जागरूकता और नेतृत्व की भावना स्पष्ट झलक रही थी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कालीचरण राम ने सभी शिक्षकों, अतिथियों और विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों में महेश प्रसाद वर्णवाल, नागेश्वर वर्मा, राजेन्द्र कुमार, कमाल अहमद अंसारी, महेश महतो, संजय कुमार राम, राधा कृष्ण पाठक, राजा राम रवि, शिव कुमार, सतेन्द्र मिश्र, अमित रंजन सिंह, विवेक कुमार, विजय कुमार, सुषमा कुमारी, सुभाषिनी कुमारी, रेशमी कुमारी, अंकुर कुमार, इन्द्रजीत कुमार, मनोतोष प्रमाणिक, जितेंद्र कुमार, विनय कुमार, नीरज कुमार, सुरेंद्र कुमार, सुबोधकांत राणा, विभा कुमारी और पप्पू कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे। विद्यालय में बाल संसद के नव-निर्वाचित मंत्रियों में भविष्य के सशक्त नेतृत्व की झलक स्पष्ट दिखाई दी।

# गुरुनानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व पर मेदिनीनगर में निकली भव्य शोभा यात्रा, माहौल बना भक्तिमय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ शहर के कई स्थानों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शोभायात्रा का किया स्वागत, प्रसाद का किया गया वितरण



**मेदिनीनगर (पलामू)।** सतगुरु नानक परगटेया, मिट्टी धुंध जग चानण होया... यानी सच्चे गुरु नानक देव जी प्रकट हुए। इससे धरती पर छाई अज्ञानता रूपी धुंध मिट गई। चारों ओर ज्ञान का प्रकाश फैल गया। गुरुनानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व पर मेदिनीनगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। दिन के 12 बजे बेलवाटिका स्थित श्रीगुरु सिंघ सभा गुरूद्वारा से निकाली गई। शोभा यात्रा में सबसे आगे दशमेश मॉडल, गुरुकुलम स्कूल सहित कई स्कूल के बच्चे गुरुनानक जी के पताका लिए चल रहे थे। ठीक उसके पीछे शहर के बैंड पार्टी अपने फिलाट की धुन पर गुरु नानक जी की शान में एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर रहे थे। इस बीच बाहर से आए ज्ञानी जी व महिलाएं नगर कीर्तन करते हुए शहर में भ्रमण कर रहे थे। पंजाब से आई गतका पार्टी ने गजब का समां बांध सदियों से चली आ रही तलवारबाजी, गतका, भालाबाजी के कई आकर्षक कलाबाजी प्रस्तुत कर लोगों को अचंभित कर रहे थे। पालकी साहब के आगे छोटे छोटे पंज प्यारे जुलूस का मुख्य आकर्षण थे। ठीक उनके पीछे बड़े पंज प्यारे हाथों में तलवार लिए पालकी की सुरक्षा में तैनात थे। ठीक पीछे सिक्ख सहित अन्य समुदाय के लोग शब्द कीर्तन करते हुए पूरे शहर के माहौल को भक्तिमय बना रहे थे। शोभायात्रा में गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंघ सभा के अध्यक्ष सतबीर सिंह राजा, सिक्ख संगत मिंटू सिंह, राजेंद्र सिंह बंटी, सतबीर सिंह कमल, चिंटू सिंह, डिंपल सिंह, सिंपल सिंह, टीटू सिंह, बॉबी सिंह, इशिता कौर, जसबीर कौर, मंजीत कौर, आयुषी, रश्मि कीरत ने पूरे शहर को अपने शब्दवाणी से माहौल को भक्तिमय कर रहे थे। शोभा यात्रा की कई जगह लोगों ने सेवा की। इनमें खुला मंच वाट्सअप ग्रुप, नवयुवक संघ, रोटरी क्लब, मारवाड़ी समाज, बजरंगदल सहित अन्य कई सामाजिक संगठनों व समाजसेवियों ने पूरे मनोयोग व श्रद्धा से सभी श्रद्धालुओं को जलपान कराया। शोभायात्रा गुरुद्वारे से निकल कर बेलवाटिका चौक होते हुए बाजार, छह मुहान, कचहरी रोड से स्टेशन रोड होते हुए गुरुद्वारा आकर जो बोले सो निहाल के साथ रात आठ बजे समापन हुआ।

# गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर दुल्हन की तरह सजा हजारीबाग गुरुद्वारा, भक्ति व उल्लास से गूंजा वातावरण

नवीन सिंहा

**हजारीबाग।** सिख समुदाय के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर हजारीबाग का गुरुद्वारा परिसर आज भक्ति और उल्लास की रोशनी में नहाया हुआ है। पूरा परिसर दुल्हन की तरह सजा हुआ है — चारों ओर जगमगाती रोशनी, फूलों की आकर्षक सजावट और श्रद्धा का अद्भुत संगम वातावरण को आलोकित कर रहा है।

इस पावन अवसर पर आयोजित विशेष दीवान कार्यक्रम में प्रसिद्ध रागी जत्थे— भाई सुरजीत सिंह जी (कानपुर), भाई बलप्रीत सिंह जी (लुधियाना), भाई परमजीत सिंह जी (हजारीबाग) और भाई परमजीत परम जी— अपनी मधुर कीर्तन सेवा से संगत को निहाल कर रहे हैं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी रोहित बजाज ने बताया कि पूरा गुरुद्वारा परिसर आकर्षक लाइटिंग और पुष्प सज्जा से सुसज्जित किया गया है, ताकि हर श्रद्धालु गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की रौशनी में भक्ति और आनंद का अनुभव कर सके। श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष स. परमवीर सिंह कालरा, उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह एवं नितिन बावा, सचिव आनंद राज सिंह कालरा, कोषाध्यक्ष कुलतार सिंह और जसमीत सिंह ने समस्त संगत को इस पावन दीवान में शामिल होने का आमंत्रण दिया है।

पूरे आयोजन का उद्देश्य गुरु नानक देव जी के संदेश— 'एक ओंकार सतनाम' — को जन-जन तक पहुंचाना तथा प्रेम, सेवा और एकता का संदेश फैलाना है।

# पावरग्रिड इंटर-रिजनल कबड्डी टूर्नामेंट में जोरदार मुकाबले, सेमीफाइनल लाइनअप तय





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड पूर्वी क्षेत्र पारेषण प्रणाली-1 द्वारा रांची के खेलगांव स्थित ताना भगत इंडोर स्टेडियम में तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में पावरग्रिड के देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से आई टीमें शिरकत कर रहीं हैं।

कबड्डी प्रतियोगिता के द्वितीय दिन निम्न मैच खेले गए जिसके परिणाम इस प्रकार है–

उत्तरी क्षेत्र-1 बनाम उत्तरी क्षेत्र-3 में मुकाबला हुआ जिसमें उत्तरी क्षेत्र-1 विजेता बना। उत्तर पूर्वी क्षेत्र बनाम पूर्वी क्षेत्र-1 में मुकाबला हुआ जिसमें उत्तर पूर्वी क्षेत्र विजेता बना। उत्तरी क्षेत्र-2 बनाम दक्षिणी क्षेत्र-1 में मुकाबला हुआ जिसमें दक्षिणी क्षेत्र-1 विजेता बना। दक्षिणी क्षेत्र-2 बनाम केन्द्रीय कार्यालय में मुकाबला हुआ जिसमें केन्द्रीय कार्यालय विजेता बना। उत्तरी क्षेत्र-3 बनाम पूर्वी क्षेत्र में मुकाबला हुआ जिसमें उत्तरी क्षेत्र-3 विजेता बना। पश्चिमी क्षेत्र बनाम उत्तर पूर्वी क्षेत्र में मुकाबला हुआ जिसमें उत्तर पूर्वी क्षेत्र विजेता बना। उत्तरी क्षेत्र-1 बनाम उत्तरी क्षेत्र-2 में मुकाबला हुआ जिसमें उत्तरी क्षेत्र-1 विजेता बना। दक्षिणी क्षेत्र-2 बनाम पूर्वी क्षेत्र-1 में मुकाबला हुआ जिसमें दक्षिणी क्षेत्र-2 विजेता बना। दक्षिणी क्षेत्र-1 बनाम पूर्वी क्षेत्र-2 में मुकाबला हुआ जिसमें दक्षिणी क्षेत्र-1 विजेता बना। पश्चिमी क्षेत्र-1 बनाम केन्द्रीय कार्यालय में मुकाबला हुआ जिसमें केन्द्रीय कार्यालय विजेता बना।

अब तीसरे दिन केन्द्रीय कार्यालय बनाम उत्तरी क्षेत्र-3 और उत्तरी क्षेत्र-1 बनाम दक्षिणी क्षेत्र-2 के बीच सेमीफाइनल खेला जाएगा।

## महिला सुपरवाइजरों की नियुक्ति मामले में आया नया अपडेट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत में महिला सुपरवाइजरों की नियुक्ति को लेकर दाखिल याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान बहस पूरी नहीं हो सकी। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई छह नवंबर को निर्धारित करते हुए नियुक्ति पर लगाई रोक को अगले आदेश तक बरकरार रखा। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि नियुक्ति में किसी वर्ग को शत-प्रतिशत आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। यह समानता के अधिकार का उल्लंघन है।

नियुक्ति के लिए सिर्फ महिलाओं से आवेदन मांगा गया है। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल और प्रिंस कुमार सिंह ने अदालत को बताया कि यह नियुक्ति सिर्फ महिला कैडर के लिए ही निकाली गई है। जेएसएससी ने बाल कल्याण विभाग में महिला सुपरवाइजर के 421 पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया था। प्रार्थी भी इस परीक्षा शामिल हुए। लेकिन आयोग की ओर से प्रार्थियों का चयन यह कहते हुए नहीं किया कि इनकी शैक्षणिक योग्यता विज्ञापन की शर्तों के अनुरूप नहीं है।

# देवघर ब्लड बैंक में संसाधनों की कमी उजागर, चाईबासा हादसे के बाद बढ़ी चिंता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर**। कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा सदर अस्पताल में ब्लड बैंक की लापरवाही से पांच मासूम बच्चों के एचआईवी संक्रमित होने की घटना ने पूरे झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को दूषित रक्त चढ़ाए जाने की इस गंभीर चूक के बाद जहां विपक्ष स्वास्थ्य मंत्री से इस्तीफे की मांग कर रहा है, वहीं अधिकारियों ने इसे "संसाधनों के अभाव" का परिणाम बताकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की कोशिश की है। परंतु सदमा झेल रहे परिवारों का दर्द यही बताता है कि गलती किसी की भी हो, भुगतना हमेशा मरीजों को पड़ता है।




**देवघर का ब्लड बैंक भी संकट में**

चाईबासा की घटना के बाद अब देवघर के ब्लड बैंक की स्थिति भी चिंता बढ़ाने वाली सामने आई है। यहां उपकरणों की कमी और मशीनों की खराबी वर्षों से व्यवस्था को प्रभावित कर रही है। ब्लड बैंक कर्मचारी अनिल कुमार गुप्ता बताते हैं कि पहले दो एलिजा मशीनें थीं, मगर अब पूरा परीक्षण सिर्फ एक मशीन के सहारे चल रहा है। दूसरी मशीन लंबे समय से खराब पड़ी है और उसकी मरम्मत तक नहीं कराई गई। और भी चिंताजनक बात यह है कि संक्रमण जांच के लिए सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली 'नेट मशीन' अब तक देवघर को उपलब्ध नहीं कराई गई है। स्वास्थ्यकर्मी मनोज मिश्रा का कहना है कि "देवघर की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह डर स्वाभाविक है कि संथाल क्षेत्र में भी कभी कोई बड़ी चूक हो सकती है। संसाधनों की यह कमी बेहद खतरनाक है।"

**रिपोर्ट राज्य को भेजी गई— सिविल सर्जन**

देवघर के सिविल सर्जन डॉ. युगल किशोर चौधरी ने बताया कि ब्लड बैंक में संसाधनों की कमी से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट राज्य स्तरीय स्वास्थ्य विभाग को भेज दी गई है। उम्मीद है कि जल्द ही नई मशीनें और आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

विडंबना यह है कि संथाल परगना की स्वास्थ्य राजधानी माने जाने वाले देवघर का सदर अस्पताल आज जर्जर मशीनों और सीमित संसाधनों के भरोसे चल रहा है। ऐसे समय में आवश्यकता है कि स्वास्थ्य विभाग इन कमियों को गंभीरता से लेते हुए देवघर के ब्लड बैंक को प्राथमिकता पर सुदृढ़ करे, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति न हो सके।

# जमशेदपुर उपचुनाव में राजनीतिक संग्राम तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर**। घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर तमाम राजनीतिक दलों ने चुनावी मोर्चा तेज कर दिया है। स्थानीय नेताओं के साथ अब बाहरी राज्यों के दिग्गज भी प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार मैदान में उतर चुके हैं। इसी क्रम में पश्चिम बंगाल के आसनसोल से भाजपा विधायक अग्निमित्रा पाल शुक्रवार को घाटशिला पहुंचीं और भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में जनसंपर्क अभियान में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला।



**"झारखंड के हालात बंगाल जैसे" — अग्निमित्रा पाल**

विशेष बातचीत में अग्निमित्रा पाल ने कहा कि वह पिछले वर्ष भी झारखंड में चुनाव प्रचार को आई थीं और एक साल बाद लौटकर भी उन्हें राज्य में कोई सकारात्मक बदलाव दिखाई नहीं देता। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की नीतियों से महिलाओं में गहरा आक्रोश है और शासन व्यवस्था "लूट-खसोट" में उलझी हुई है।

**आदिवासी हितों की अनदेखी का आरोप**

अग्निमित्रा पाल ने कहा कि झारखंड का गठन आदिवासी विकास के उद्देश्य से हुआ था, लेकिन एक आदिवासी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भी समुदाय उपेक्षा का शिकार है। उन्होंने दावा किया कि आज भी हजारों लोग रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं, शिक्षा और रोजगार के अवसर सीमित हैं, और युवाओं में निराशा बढ़ रही है। उनके अनुसार, "राज्य की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।"

**महिलाओं पर अत्याचार को बताया गंभीर चिंता**

भाजपा विधायक ने कहा कि मइयां सम्मान योजना के लाभुकों की संख्या लगातार घट रही है। वहीं, पुलिस रिकॉर्ड का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि राज्य में आठ हजार से अधिक महिलाओं पर अत्याचार के मामले सामने आए हैं, जिनमें आदिवासी महिलाओं की संख्या अधिक है। उन्होंने इसे बेहद चिंताजनक स्थिति बताते हुए महिलाओं की सुरक्षा को राज्य सरकार की सबसे बड़ी विफलता करार दिया।

**दोनों दलों में कड़ा मुकाबला**

उपचुनाव में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा दिवंगत रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन को जीत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चुनाव अभियान तेज कर चुका है। वहीं दूसरी ओर भाजपा उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन के समर्थन में अब दूसरे राज्यों के नेताओं के आने से मुकाबला और दिलचस्प हो गया है।

## रांची रेलवे स्टेशन पर महिला की जान बचाने वाले आरपीएफ जवान ने दिखाया अदम्य साहस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। रांची रेलवे स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान ने अपनी त्वरित सूझबूझ और अदम्य साहस से एक महिला यात्री को हादसे का शिकार होने से बचा लिया। आरपीएफ कांस्टेबल संजय भगत की सतर्कता ने न केवल एक जान बचाई, बल्कि एक बड़ा दुर्घटना भी टाल दी। घटना उस समय हुई जब ट्रेन संख्या 18086 खड़गपुर–रांची मेमू रांची स्टेशन से प्रस्थान कर रही थी। उसी दौरान एक महिला यात्री चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास कर रही थी। अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन व प्लेटफॉर्म के बीच बने गैप में गिरने लगी। स्थिति गंभीर थी, और आसपास मौजूद यात्री घबरा गए। लेकिन मौके पर ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल संजय भगत ने बिना देर किए दौड़कर महिला को खींचकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। महिला ने अपना नाम आशा कुमारी (30), निवासी ग्राम अकाशी, थाना भंडारा, जिला लोहरदगा बताया। उन्होंने बताया कि वे लोहरदगा जाने के लिए रांची आई थीं, लेकिन गलती से खड़गपुर–रांची मेमू ट्रेन में चढ़ गईं।

# झारखंड में नवंबर में ही ठंड ने दी दस्तक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची**। नवंबर की शुरुआत के साथ ही झारखंड में ठंड ने दस्तक दे दी है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे सुबह और शाम की हवाओं में सर्दी की कसक साफ महसूस होने लगी है। पिछले 24 घंटों में खूंटी और लोहरदगा का न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि रांची का पारा 14 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया। मौसम केंद्र रांची के अनुसार उत्तर-पश्चिमी हवाओं की सक्रियता के कारण तापमान में निरंतर कमी आ रही है। अगले कुछ दिनों तक सुबह के समय कोहरा और हल्की धुंध रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। अगले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन की उम्मीद नहीं है, हालांकि अगले दो दिनों में इसमें 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी संभव है। इसके बाद पुनः अगले दो दिनों में उतने ही अंतर की गिरावट दर्ज की जा सकती है।

जिलों का हाल

खूंटी और लोहरदगा में जहां 13.4 डिग्री सेल्सियस का न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ, वहीं रांची एयरपोर्ट क्षेत्र 14.4 डिग्री सेल्सियस के साथ दूसरे स्थान पर रहा। डालटनगंज और जगन्नाथपुर में 15.1 डिग्री, हजारीबाग में 16, कोडरमा और बोकारो में 16.5 तथा



सरायकेला में 17.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

**दिन और रात—दोनों में दस्तक देती ठंड**

सूर्योदय से पहले और शाम ढलते ही ठंड महसूस होने लगी है। घरों में पंखे और एसी बंद हो गए हैं, और लोग गर्म कपड़ों व कंबलों का सहारा लेने लगे हैं। हवा की अधिक शुष्कता के कारण त्वचा में खिंचाव भी महसूस हो रहा है, जो सर्दी की शुरुआत का संकेत है। खास बात यह है कि दिन के समय भी हल्की ठंडक बनी हुई है। इसका कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच कम होता अंतर है। बीते 24 घंटों में अधिकतम तापमान लातेहार में 23.5, लोहरदगा में 26.3, रांची में 26.4, बोकारो में 27.1, खूंटी में 27.7 और हजारीबाग में 28.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. एमसी/एससी/हाइड्रा/2025, दिनांक 01.11.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(को.), पूर्व रेलवे, सियालदह, कक्ष सं. 42, प्रथम तल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित निविदा प्रारूप में पर्याप्त अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त ठेकेदारों से "दो पैकेट प्रणाली" में मुहरबंद खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम/विवरण:** "03 वर्ष की अवधि के लिए नैहाटी डिपो हेतु 10 एमटी क्षमता हाइड्रा, 09 एमटी क्षमता लॉरी और पिकअप वैन को किराए पर लेना।" **निविदा मूल्य :** रु.3,67,98,300/-, **बयाना राशि :** रु. 3,34,000/-, **ठेका अवधि :** 03 वर्ष, **बोली प्रारंभ करने की तिथि** :10.11.2025, **निविदा के बंद होने की तिथि और समय** : दिनांक 24.11.2025 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय** : दिनांक 24.11.2025 को 15.00 बजे। ई-निविदा सूचना एवं कार्य के पात्रता मानदंड समेत निविदा कागजात **www.ireps.gov.in** (वेबसाइट यूआरएल) से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

SDAH-246/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# ट्रेन की चपेट में आने से सीआरपीएफ जवान की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के पलेया मोड़ के आगे ट्रेन से कटकर सीआरपीएफ जवान की मौत घटनास्थल पर ही हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सीआरपीएफ का जवान मुन्ना कुमार आरा जिला का रहने वाला बताया जा रहा है। जो वर्तमान में घोसी प्रखंड के सोनवा कैंप में तैनात थे। जिनकी मौत मंगलवार की शाम पटना- गया रेलखंड के मखदुमपुर स्टेशन के समीप ट्रेन से कटकर हो गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली है कि गया से पटना की ओर जा रही ट्रेन से एक व्यक्ति गिर गया है जिसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई है। जिसमें मृतक की पहचान आरा जिला के रहने वाला सीआरपीएफ का जवान मुन्ना कुमार के रूप में हुई है। जो वर्तमान समय में सोनवा कैम्प में तैनात थे और मंगलवार के दिन सोनवा से अपने घर आरा जा रहे थे। इसी बीच मखदुमपुर स्टेशन के आगे पलेया मोड़ के समीप ट्रेन से गिर कर उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक जवान का शव पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।



# आज देव दीपावली पर मंदिरों और नदियों के तट पर जलाए जायेंगे दीपक

## देव दीपावली का है काफी धार्मिक महत्व
## धार्मिक मान्यता के अनुसार देव दीपावली में भूलोक पर दीपक जलाने आते हैं देवता

**डॉ रंजीत कुमार/भारतीय नबिटा ब्यूरो**

**जहानाबाद**। कार्तिक पूर्णिमा का धार्मिक आस्था के साथ साथ सांस्कृतिक महत्व भी है। शास्त्रों में भी कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली के रूप में वर्णन करते हुए इसके महात्म्य की चर्चा की गई है। हिंदी और संस्कृत के प्रखर साहित्यकार पंडित राहुल सांकृत्यायन ने भी कार्तिक पूर्णिमा को 'कतिकी पुनो' के रूप में इसके महत्व का वर्णन अपने साहित्य में किया है। वर्ष के सबसे स्वच्छ और पवित्र दिन के रूप में भी कार्तिक पूर्णिमा का वर्णन साहित्यों में अलग अलग रूप में मिलता है। कार्तिक पूर्णिमा के संबंध में स्कंद पुराण में इसके महत्तम में की चर्चा की गई है। शास्त्रों के अनुसार संपूर्ण कार्तिक मास में जो प्रातः स्नान से निवृत्त होकर आकाशदीप का दान करता है उसे संपत्ति और पुत्र का लाभ होता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दीपावली के रूप में मनाए जाने की परंपरा रही है। देव दीपावली देवताओं के पृथ्वी पर अवतरण का प्रतीक माना जाता है। वैसे देखा जाए तो भारतीय संस्कृति में सनातन धर्म के लोगों में यह परंपरा रही है कि कार्तिक मास के पहले दिन से पूर्णिमा तक लोग आकाशदीप जलाते हैं। हुलासगंज लक्ष्मी नारायण मंदिर के मठाधीश आचार्य हरेरामाचार्यजी महाराज बताते हैं कि उपनिषद का भी श्रुति वाक्य है- तमसो मा ज्योतिर्गमय यानी अंधेरे से प्रकाश की ओर गमन। दीपक की रोशनी आशा का प्रतीक है जो नूतन चेतना व नवीन कार्य करने



की प्रेरणा देता है। दीपक के प्रकाश में स्वच्छता एवं सत्यता का आभास भी होता है तथा भय एवं भ्रम का निवारण भी इससे होता है। उन्होंने बताया कि भारतीय दर्शन के अनुसार दीपक पवित्रता का प्रतीक शुभकर्मों का साक्षी माना गया है।

देव दीपावली के संदर्भ में कहा जाता है कि पृथ्वीलोक के लोगों के द्वारा दीपावली मनाने के एक पक्ष बाद यानि कार्तिक पूर्णिमा पर देवताओं की दीपावली होती है। ऐसी मान्यता है कि दीपावली मनाने के लिए देवता स्वर्ग से नदियों के पावन तट पर अदृश्य रूप में अवतरित होते हैं। देव दीपावली को दीपावली समारोह के अंत का प्रतीक भी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन देवता भी दिए जलाते हैं इसलिए इसे त्रिपुरी पूर्णिमा भी कहते हैं। शास्त्रों में वर्णन है कि इसी दिन भगवान महादेव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का संहार किया था। मान्यता है कि भगवान विष्णु ने भी इसी दिन मत्स्यअवतार लिया था।

शरद ऋतु को भगवान श्री कृष्ण के महारास लीला का काल माना गया है। श्रीमद् भागवत के अनुसार शरद पूर्णिमा की चांदनी में श्री कृष्ण का महारास संपन्न हुआ था। इसलिए इसे रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। आधुनिक समय में ऐसी मान्यता है कि आदि शंकराचार्य का कैलाश गमन भी कार्तिक पूर्णिमा को ही हुआ था। इस दृष्टिकोण से देखें तो कार्तिक पूर्णिमा धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यताओं में वर्ष का सबसे महत्वपूर्ण और उत्कृष्ट दिवस माना गया है।

कार्तिक पूर्णिमा को शहर के संगम घाट पर श्रद्धालुओं के द्वारा आकाशदीप जलाई जाती है। इस दिन पूरा संगम घाट दीप से जगमग दिखता है। नदी के घाटों पर दीपक की जगमगाहट से नदी का स्वच्छ जल में दीपक का प्रतिबिंब स्पष्ट रूप से एक अलौकिक छटा दर्शाती है। इस दिन हुलासगंज बाजार में स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी बड़ी धूमधाम और आस्था के साथ देव दीपावली मनाई जाती है। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर को घी के दिए से सजाया जाता है। मंदिर परिसर के कोने कोने दीए की रोशनी से जगमग पूर्णिमा की शीतल चांदनी को और भी मनोरम बनाती है। इस अवसर पर श्रद्धालु दान पुण्य करने के साथ अलग-अलग जगह पर सरोवरों और नदियों में स्नान करके पूरे तन्मयता और भक्ति से पूजा करके दान अर्पित करते हैं। इस दिन फल्गु नदी के तट पर भी कुछ धार्मिक संगठनों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया जाता है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर पवित्र नदियों और जलाशयों में स्नान के साथ दीपदान का है महत्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। कार्तिक पूर्णिमा तिथि में सूर्योदय के समय स्नान-दान का महत्त्व बताया गया है। इस वर्ष पूर्णिमा 5 नवंबर को मनाई जाएगी। इस दिन पवित्र नदियों और जलाशयों में स्नान कर श्रद्धालु दीपदान कर गरीबों और ब्राह्मणों को दान देते हैं। बुधवार को पवित्र नदियों एवं सरोवरों में श्रद्धालु आस्था का डुबकी लगायेंगे। इस दिन हुलासगंज स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी विशेष पूजा के आयोजन के साथ दीपोत्सव का पर्व धुमधाम से मनाया जाता है। हालाकि इस दिन देव नदी गंगा में डुबकी लगाने का विशेष महत्व माना जाता है लिहाजा बडी संख्या में श्रद्धालु जिसमें महिलाएं बडी संख्या में शामिल हैं गंगा स्नान के लिए एक दिन पूर्व ही रवाना हो गई हैं। अपने निजी वाहनों से भी लोग गंगा स्नान के लिए सोमवार को अहले प्रातः निकलेंगे।



कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान के साथ साथ देव दिपावली भी मनाई जाती है।शास्त्रों के अनुसार देव दीपावली के दिन धरती पर देवताओं का आगमन होता है। माना जाता है कि आज ही के दिन भगवान शिव ने देवताओं की प्रार्थना सुनकर त्रिपुरासुर नमक दैत्य के अत्याचार को समाप्त किया था, जिसकी खुशी में देवताओं ने दीप जलाकर उत्सव मनाया था, इसलिए इस उत्सव को देव दीपावली के नाम से भी जाना जाता है। देव दिपावली पर शिव-मंदिर में भी दीप जलाएं जाते हैं। शिव मंदिर के अलावा अन्य देवी देवताओं के मंदिरों में, पीपल के पेड़ व तुलसी के पौधे के नीचे भी दीये जलाए जाते हैं। दीपक जलाने के साथ ही आज भगवान शिव के दर्शन करने और उनका अभिषेक करने की भी परंपरा है। माना जाता है कि ऐसा करने से व्यक्ति को ज्ञान और धन की प्राप्ति होती है। साथ ही स्वास्थ्य अच्छा रहता है और आयु में बढ़ोतरी होती है।

**पूर्णिमा के दिन स्नान-दान का महत्व**

कहते हैं कि पूर्णिमा के दिन श्रीहरि विष्णु जी स्वयं गंगाजल में निवास करते हैं। माना जाता है कि पूर्णिमा पर दिए गए दान-दक्षिणा का फल कई गुना होकर हमें वापस मिलता है। पूर्णिमा के दिन स्नान के बाद तिल, गुड़, कपास, घी, फल, अन्न, कंबल, वस्त्र आदि का दान करना चाहिए। साथ ही किसी जरूरतमंद को भोजन कराना चाहिए। शास्त्रों में इस दिन सबसे अधिक गंगा नदी में स्नान-दान का महत्व बताया गया है, लेकिन अगर आप कहीं बाहर नहीं जा सकते तो घर पर ही नहाने के पानी में थोड़ा-सा गंगाजल डालकर, पवित्र नदियों का ध्यान करते हुए स्नान करें और गायत्री मंत्र का जाप करें।

कथा के अनुसार पूर्णिमा को भगवान महादेव ने त्रिपासुर नाम के दैत्य का बध किया था, वह देवताओं और सात्विक जीवों को परेशान करता था। उससे निजात मिलने के कारण कार्तिक की पूर्णिमा को भगवान महादेव के मंदिर में जाकर दीपदान करना पुण्य फलदाई होता है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

**शुद्धिपत्र**

दक्षिण पूर्व रेलवे के राँची मंडल में राँची स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के संबंध में 27 दिनों के लिए (दिनांक 10.12.2025 से 05.01.2026 तक) प्री नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य तथा 36 घंटे के लिए (दिनांक 06.01.2026 से 07.01.2026 तक) नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों के नियंत्रण व्यवस्था के संबंध में पूर्व प्रकाशित ऊपर शीर्षांकित विज्ञप्ति के संदर्भ में यह उल्लेख किया जाता है कि **13319/13320** दुमका-राँची-दुमका इंटरसिटी एक्सप्रेस पूर्व प्रकाशित "तिथियां दिनांक 06.01.2026 एवं 07.01.2026" के स्थान पर "**दिनांक 23.12.2025 से 07.01.2026 तक**" **निरस्त** रहेगी। कथित नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण अन्य सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अपरिवर्तित रहेंगे। असुविधा के लिए खेद है। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा सूचना सं.: **27-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, दिनांक 03.11.2025** के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल-स्थिति के आधार पर एसटीएन/ईओसी एवं एसटीएन/डब्ल्यूसी में आउटडोर सिग्नलिंग गियरों का प्रतिस्थापन"। **निविदा मूल्य:** रु. 1,52,68,945.79, **बयाना राशि:** रु. 2,26,400/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 12 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 27.11.2025 को 12.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/**

ASN-226/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. 137-138-एमएलडीटी-25-26, दिनांक 31.10.2025 (पी.वे और ब्रिज कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.:137-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधिकार क्षेत्र में महाराजपुर से सकरीगली तक रेलवे साइडिंग के स्थानांतरण के संबंध में पी.वे कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,20,38,916.25, **क्रम सं. 2, निविदा सं.:138-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी/मालदा के अधिकार क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय, मालदा में बास्केटबॉल, लॉन टेनिस कोर्ट एंट्री गेट के प्रावधान, फुटबॉल और हॉकी ग्राउंड के लिए ड्रेसिंग एवं मूर्तिकला और सौंदर्यीकरण के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 31,30,662.87, **निविदा की अंतिम तिथि :** दिनांक 24.11.2025 को 15.30 बजे। (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट: www.ireps.gov.in/ डीआरएम कार्यालय/एमएलडीटी।**

MLD-215/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एफ-वैगन-फिटिंगवेल्डिंग 25आर, दिनांक 30.10.2025,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (वैगन), जमालपुर वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सूचना सं. **एफ-वैगन-फिटिंगवेल्डिंग 25आर** के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर में कार्य अनुसूची के अनुसार पीओएच वैगन की फिटिंग एवं वेल्डिंग। **कार्य स्थल:** लोकोमोटिव वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जमालपुर, **निविदा मूल्य:** रु. 2,21,37,048.94, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 10.11.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.11.2025 को 15.00 बजे। **समापन अवधि :** 24 माह। विवरण यहाँ उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in**

MISC-264/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# थमा पहले चरण का चुनावी शोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में पहले चरण में 6 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए आज चुनाव प्रचार खत्म हो गया। पहले चरण में राज्य के कुल 121 विधानसभा सीटों पर मतदान होने वाले हैं। इसके लिए चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। पहले चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सभी दलों ने जनता को अपने पक्ष में वोट करने के लिए अपील किया।

बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में मुख्य मुकाबला दो मुख्य गठबंधनों, एनडीए और महागठबंधन के बीच माना जा रहा है लेकिन प्रशांत किशोर की जन सुराज ने मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। एनडीए में जहां भाजपा, जनता दल (यूनाइटेड), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा शामिल हैं। वहीं महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस, वीआईपी, भाकपा, भाकपा-माले और माकपा साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं।

पहले चरण के लिए लिए अगर प्रमुख विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो तारापुर में उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी (भाजपा) और राजद के अरुण कुमार के बीच के मुकाबले पर सबकी नजर रहेगी। वहीं इस चरण पूरे बिहार नजर राजद के पारंपरिक गढ़ राघोपुर पर रहने वाली है। यहां से महागठबंधन के सीएम कैंडिडेट तेजस्वी यादव का मुकाबला भाजपा के सतीश कुमार यादव से होने वाला है। इसके अलावा महुआ विधानसभा सीट पर भी सबकी निगाहें रहने वाली है। यहां मुख्य मुकाबला लालू यादव के बड़े बेटे और जनशक्ति जनता दल के तेज प्रताप यादव और मुकेश कुमार रौशन के बीच माना जा रहा है। महुआ में तेजस्वी की रैली ने इस सीट पर परिवार की लड़ाई और तेज कर दी है। साथ ही अलीनगर और छपरा सीट पर सबकी नजरें रहने वाली है। अलीनगर से भाजपा की मैथिली ठाकुर तो छपरा से खेसारी लाल यादव चुनावी मैदान में हैं। चरण में कई दिग्गजों के किस्मत का फैसला होने वाला है। जिसमें राजद नेता तेजस्वी यादव से लेकर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा का नाम शामिल है। इसके अलावा लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा नाम भी शामिल है। साथ ही भोजपुरी के ट्रेंडिंग स्टार खेसारी लाल यादव और मैथिली ठाकुर के भाग्य का फैसला भी पहले चरण में ही होने वाला है। चुनाव आयोग के आंकड़ों को देखें तो पहले चरण में कुल 1,314 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

# महुआ में पारिवारिक लड़ाई से बन रहा त्रिकोणीय संघर्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में महुआ विधानसभा क्षेत्र सबसे चर्चित चुनावी मैदानों में से एक है। इस सीट पर जहां राजद और परिवार से निकालए जाने के बाद लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव अपनी पार्टी बनाकर जनशक्ति जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं,तो वहीं इस चुनाव में उन्हें निवर्तमान राजद विधायक डॉ. मुकेश कुमार रौशन से कड़ी टक्कर मिल रही है। वहीं एनडीए की तरफ से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के व्यवसायी-राजनेता संजय कुमार सिंह भी चुनावी मैदान में हैं।

महुआ में राजद बनाम तेज प्रताप यादव की लड़ाई की खूब चर्चा हो रही है। वहीं एनडीए के लोजपा (रामविलास) उम्मीदवार संजय कुमार सिंह ने इस लड़ाई को त्रिकोणीय बना दिया है।

तेज प्रताप यादव(जेजेडी): पूर्व मंत्री और लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने पार्टी और परिवार से निकाले जाने के बाद अपनी नई पार्टी जनशक्ति जनता दल के टिकट पर महुआ से चुनाव लड़ रहे हैं। महुआ में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे तेजस्वी यादव के साथ भाई-बहन के सार्वजनिक झगड़े पर भी बात कही थी।

मुकेश कुमार रौशन (राजद): 2020 में महुआ से विधायक रहे मुकेश कुमार रौशन ने तेज प्रताप से सीट छीन ली थी। राजद का शीर्ष नेतृत्व इस बार महुआ में मुकेश कुमार रौशन के लिए सक्रिय रूप से प्रचार कर रहा है।

संजय कुमार सिंह (लोजपा-रामविलास): लोजपा (रा) के टिकट पर संजय कुमार सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। रिपोर्ट की मानें तो, तेज प्रताप यादव और राजद के मूल समर्थकों में बिखराव के बीच, उन्हें गैर-यादव मतदाताओं को साधने की उम्मीद है।

# प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** कहीं कोई दिक्कत है तो खुलकर बताइए, हम लोग आपके लिए हमेशा उपलब्ध हैं। लोकतंत्र के महापर्व में निश्चित रूप से भाग लीजिए एवं निर्भय होकर मतदान कीजिए। सुरक्षा की गारंटी हमारी है। छौड़ाही थाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार द्वारा उक्त बातें कहते हीं ग्रामीण निश्चिंत हो गए।

ग्रामीणों ने कहा अभी तक कोई दबाव या प्रलोभन हम लोगों नहीं मिला है। दिक्कत होगी तो आप घूमते हीं रहते हैं तुरंत बुला लेंगे। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। पुलिस एवं ग्रामीणों में उक्त वातालॉप थाना क्षेत्र के सुदूर कावर झील परिक्षेत्र में बसे एकंबा गांव में हो रही थी। दूर दराज के क्षेत्र में पुलिस ज्यादा सतर्क है।

दूसरी तरफ, चेरिया बरियारपुर विधानसभा क्षेत्र के छौड़ाही थाना क्षेत्र में अंचलाधिकारी चंद्र प्रकाश पांडे एवं थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान ऐजनी ,परोड़ा, एकंबा,छौड़ाही बाजार, बरदाहा, चौफेर चौक, पतला चौक, शाहपुर, भोजा समेत कई गांवों में वाहन जांच अभियान चलाया गया।

अधिकारी दल ने चार चक्का वाहनों व बाइक की सघन तलाशी ली। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई। साथ ही पुलिस अधिकारियों ने गांव की गलियों में भ्रमण कर ग्रामीणों से अपील की कि वे भयमुक्त वातावरण में छह नवंबर को सुबह सात बजे से मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की अराजकता या आचार संहिता उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक पंचायत में गश्ती एवं निगरानी बढ़ा दी गई है। ताकि मतदान दिवस पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना भी नहीं रहे।

# सरकारी कर्मी पाये गये राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त

## डीएम ने चुनाव कार्यों से मुक्त करने का दिया आदेश

### स्पीडी ट्रायल के तहत होगी कार्रवाई




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा।** बिहार के छपरा से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां विधानसभा आम चुनाव- 2025 के मद्देनजर सारण जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। विभिन्न माध्यमों से मिली शिकायतों और जांच में पुष्टि होने के बाद सारण जिले के 18 सरकारी कर्मियों को विभिन्न स्तरों पर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल पाया गया है। इन कर्मियों पर सेवा शर्तों के उल्लंघन और आदर्श आचार संहिता के दुरुपयोग का आरोप है।

इस संबंध में सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने इन सभी कर्मियों को तत्काल प्रभाव से चुनाव कर्तव्य से मुक्त करने का आदेश जारी किया है। साथ ही इनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने, निलंबन की कार्रवाई प्रारंभ करने तथा विभागीय जांच चलाने का निर्देश भी संबंधित विभागों को दिया गया है। कार्मिक कोषांग को इन कर्मियों को चुनावी कार्यों से हटाने को लेकर आदेश भेजा गया है।सारण के डीएम अमन समीर द्वारा जारी बयान के अनुसार इन सभी कर्मियों ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से किसी न किसी राजनीतिक दल या प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार-प्रसार किया था। सोशल मीडिया पोस्ट, जनसभाओं में उपस्थिति और स्थानीय रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

इन कर्मियों की गतिविधियां चुनाव आयोग के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन मानी गई हैं। जिला निवार्ची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अमन समीर ने कहा है कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसमें किसी भी प्रकार की पक्षपातपूर्ण प्रवृत्ति या राजनीतिक संलिप्तता को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता सर्वोपरि है, कोई भी सरकारी कर्मचारी यदि राजनीतिक दलों के संपर्क में पाया जाता है तो उस पर कठोर कार्रवाई होगी। इस कार्रवाई के बाद जिले के अन्य कर्मियों को भी चेतावनी दी गई है कि वे अपने सरकारी दायित्वों के निर्वहन में पूर्ण निष्पक्षता बरतें और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली किसी भी प्रकार की गतिविधियों से दूर रहें।

# बीपीएससी शिक्षकों ने बदला स्कूलों का माहौल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** लगभग एक साल पहले विद्यालय में प्रवेश करते पत्रकारों को देख शिक्षकों के रोंगटे खड़े हो जाते थे। क्लास रूम में जाने से पत्रकारों को मना करते थे। लेकिन बीपीएससी शिक्षकों के आने के बाद विद्यालय में पढ़ाने के तौर तरीके और व्यवहार कुछ अलग हो गए हैं। मध्य विद्यालय अखियारपुर में सोमवार को जागरण टीम पहुंची तो वहां के शिक्षकों ने बड़े ही आदर के साथ बैठाया। कुछ देर बाद प्रधानाध्यापक नरेंद्र कुमार सिंह ने टीम से आग्रह किया कि क्लास रूम में चलकर बच्चों के पठन-पाठन का जायजा लिया जाए। टीम ने देखा कि वर्ग आठ के छात्रों ने पुस्तक से किसी भी सवाल का जवाब सारे बच्चे एक साथ देते थे। अपने स्तर से भी जागरण टीम ने सवाल किया जिसका बखूबी बच्चों ने जवाब दिया। इस तरह के विद्यालय गुनें चुनें हैं जहां इस तरह की पढ़ाई देखने को मिलती है। इसके बाद वर्ग दो में प्रधानाध्यापक टीम को लेकर गए। वहां भी बच्चों ने सवालों का जवाब दिया। जवाब ऐसा लग रहा था मानो उनके होंठों पर जवाब है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि अभिभावकों एवं सरकार का भरपूर सहयोग मिले तो शिक्षकों का मनोबल बढ़ता है। हल्के पिटाई के बाद भी बच्चों के अभिभावक विद्यालय में पहुंच जाते हैं जिससे शिक्षकों का मनोबल गिर जाता है और छात्रों का मनोबल बढ़ जाता है। फल स्वरुप बच्चों की पढ़ाई चौपट हो जाती है।

उन्होंने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया कि शिक्षक, बच्चों को पढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे बशर्ते सबका सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों का जीवन बनाने के लिए शासन और अनुशासन अति आवश्यक है।

# आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** विधानसभा चुनाव के बीच फतेहपुर प्रखंड में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन को लेकर सोमवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। गंगा जीवन महिला ग्राम संगठन, चमरुचक, डुमरी चट्टी पंचायत की अध्यक्ष कपुरवा देवी, बिजली देवी एवं सचिव रीता देवी ने थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि बीते एक नवम्बर को जीविका समूह की महिलाओ के साथ रंगोली, मेहंदी, शपथ कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच मतदाता जागरूकता अभियान के नाम पर कुछ लोग बिना अनुमति के लोजपा प्रत्यासी का पर्चा बाटने लगा। इसमें कुछ प्रत्याशी समर्थक भी शामिल थे जिन्होंने चुनावी चर्चा और प्रचार संबंधी बातें कीं।

संगठन का आरोप है कि यह कार्यक्रम प्रशासनिक अनुमति के बिना किया गया, जिससे आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन हुआ है। महिला संगठन ने पुलिस प्रशासन से इस मामले की जांच कर दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

थानाध्यक्ष फतेहपुर मनोज कुमार को सौंपे गए आवेदन की प्रति अनुमंडल पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी भेजी गई है। शिकायत के साथ कार्यक्रम में मौजूद लोगों के नाम और समय का भी विवरण संलग्न किया गया है। महिला संगठन ने कहा कि लोकतंत्र की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए ऐसे उल्लंघनों पर तुरंत रोक लगाई जानी चाहिए।

# मतदान के दिन श्रमिकों के लिए रहेगा अवकाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** विधानसभा चुनाव में कामगारों एवं श्रमिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने को लेकर दरभंगा प्रमंडल के उप श्रमायुक्त राकेश रंजन ने मंगलवार को जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जगहों पर श्रमिकों और कामगारों को जागरूक करते हुए छह नवंबर को मतदान की अपील की। वे सबसे पहले कल्याणपुर पहुंचे। जहां प्रखंड में जारी दो बड़े निर्माण कार्यस्थलों का प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राजीव कुमार के साथ भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने काम कर रहे सभी कामगारों व निर्माण श्रमिकों को मतदान दिवस करने की अपील की। साथ ही बताया कि मतदान के दिन वेतन भुगतान के साथ अवकाश का प्रविधान है। जटमलपुर पंचायत में निर्माणाधीन एससी-एसटी आवासीय हास्टल का भ्रमण कर कार्यरत निर्माण श्रमिकों एवं अन्य कामगारों को यह भी जानकारी दी गई।

सवैतनिक आदेश की कापी नियोजक व ठेकेदार को उपलब्ध कराई गई। बाद में वे उप निमार्णाधीन दरभंगा-आमस सिक्स लेन सड़क निर्माण कार्य स्थल व कंपनी के कैंप में जाकर वहां कार्यरत सभी कामगारों एवं निर्माण श्रमिकों को जागरूक किया। बाद में वे हसनपुर चीनी मिल पहुंचे। जहां प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सुनीति कुमारी व रोसड़ा वेदवती के साथ भ्रमण किया।

इस दौरान मिल के प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यरत श्रमिकों को संबोधित करते हुए उप श्रमायुक्त ने बताया गया की मतदान दिवस के दिन सभी कामगारों व श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश प्राप्त करने का अधिकार है और सभी कामगार एवं श्रमिक मतदान दिवस को मतदान अवश्य करें अपनी पसंद का जनप्रतिनिधि एवं सरकार का चुनाव करें तथा अपना मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि को यह निर्देश दिया गया कि मतदान दिवस को वे सभी कामगार एवं श्रमिकों को आवश्यक रूप से सवैतनिक अवकाश देंगे तथा सभी को प्रेरित करेंगे कि वे अपना मतदान अवश्य करें।

# प्रचार गाड़ी से शराब बरामद

**गया।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान के क्रम में मंगलवार को गया के गुरारू विधानसभा क्षेत्र में एक पिकअप वैन से 17 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इस गाड़ी पर इमामगंज से हम सेकुलर की प्रत्याशी दीपा कुमारी का फ्लेक्स बैनर टंगा था। वे केंद्रीय मंत्री व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की बहू व बिहार सरकार के मंत्री व हम के अध्यक्ष डा. संतोष कुमार की पत्नी हैं। संतोष कुमार ने कहा है कि जिस गाड़ी से शराब जब्त की गई है वह गाड़ी उनकी पार्टी की नहीं है।

थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि गुरारू-अहियापुर स्टेट हाइवे 69 पर रौना रेल समपार फाटक के समीप गाड़ी जब?त की गई है। इस मामल में वाहन चालक व मालिक पर एफआइआर की गई है। जांच की जा रही है कि वाहन को चुनाव प्रचार की अनुमति थी या नहीं।

बताया जाता है कि गुरारू स्टेशन के पास प्रचार वाहन से एक बाइक की टक्कर हो गई। इसके बाद दोनों के चालकों में कहा-सुनी होने लगी।

# माल गाड़ी से चोरी गयी चावल की 22 बोरियां बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के वेस्ट केबिन आउटर स्थित दंदासाई इलाके में मालगाड़ी से चावल की बोरियां चोरी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार, चोरों ने चलती मालगाड़ी के वैगन का दरवाजा तोड़कर भारी मात्रा में चावल की बोरियां नीचे गिरा दीं। घटना स्थल पर लगभग 22 बोरा चावल की बरामद हुई हैं। सभी चावल की बोरियां डाउन रेल लाइन के किनारे पड़ी हुई थी।

घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और बोरियों को जब्त कर जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि चोरों ने डाउन लाइन पर खड़ी मालगाड़ी के वैगन की दरवाजे तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कितनी बोरियां चोर घटना स्थल से लेकर भागने में सफल रहे। गौरतलब है कि इससे पहले सोनुवा और गोइलकेरा क्षेत्र में भी चावल चोरी का इसी तरह का मामला सामने आया था, जिसमें आरपीएफ की कार्रवाई के बाद भारी मात्रा में चावल की बोरियां बरामद की गई थीं।

लगातार सामने आ रही इन घटनाओं से साफ है कि चक्रधरपुर रेल मंडल में सक्रिय चावल चोरी गिरोह रेलवे सुरक्षा तंत्र को खुली चुनौती दे रहा है। आरपीएफ थाना प्रभारी कमलेश सोरेन ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही इस गिरोह में शामिल लोगों की गिरफ्तारी की जाएगी।

वहीं, लगातार हो रही इन घटनाओं से यह सवाल खड़ा हो गया है कि चक्रधरपुर रेल मंडल में दौड़ने वाली मालगाड़ियां कितनी सुरक्षित हैं, क्योंकि पुलिस और आरपीएफ की कार्रवाई के बावजूद चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

# मार्निंग वॉक पर निकली किशोरी का बाइक सवार युवकों ने किया अपहरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** बेलसर थाना क्षेत्र स्थित घर के पास सुबह में टहलने के लिए निकली एक किशोरी का बाइक सवार दो युवकों ने अपहरण कर लिया। अपहृता की मां ने मामले में नामजद एफआइआर कराई है।

जानकारी के अनुसार 13 वर्षीय किशोरी सुबह में मार्निंग वाक पर निकली थी। जैसे ही वह कुछ आगे गई बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे और उसे बाइक पर बिठाकर ले भागे। जब तक लोग समझते वे फरार हो गए थे।

लोगों ने देखा तो सनसनी फैल गई। घर के लोगों को सूचना मिली तो वे भौंचक रह गए। जब खोजबीन शुरू की तो पता चला कि अपहरण करनेवाले युवक इसी थाना क्षेत्र के शंकर बिंदवारा निवासी थे।

लोगों ने बताया कि अमित कुमार ने अपने भाई प्रकाश कुमार की मदद से उसका अपहरण किया है। इसके बाद परिवार वाले अमित के घर पहुंचे। वहां उपस्थित दोनों की मां ने लड़की की मां को गालियां देनी शुरू कर दी।

आरोपित के परिवार के अन्य सदस्य भी वहां आकर विरोध जताने लगे। कहा कि लड़की को किसी भी हाल में वापस नहीं भेजेंगे। इसके बाद किशोरी की मां थाने पहुंची।

वैशाली थाने में अमित कुमार, उसके भाई प्रकाश कुमार, मां ललिता देवी, मंजय पासवान, संजय पासवान, सूरज कुमार और तेतरी देवी के पर अपनी नाबालिग पुत्री का अपहरण करने की प्राथमिकी दर्ज कराई।

गोरौल थाना क्षेत्र स्थित घर से एक किशोरी गायब हो गई। इस घटना को लेकर उसकी मां ने उसकी गुमशुदगी की प्राथमिकी कराई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गोरौल थाना क्षेत्र स्थित घर से एक 11 वर्षीय किशोरी गायब हो गई। इसके बाद उसकी मां ने उसकी काफी खोजबीन की। उसके संबंध में कोई जानकारी नहीं मिलने पर उसकी गुमशुदगी की प्राथमिकी गोरौल थाने में कराई गई है। पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है।

## आरके सिंह ने लगाया आरोप

**आरा।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से दो पहले यानी आज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद आरके सिंह ने अपनी ही सरकार पर बड़ा आरोप लगा दिया है। यह आरोप भ्रष्टाचार को लेकर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि बहुत बड़ा घपला हुआ है। एनडीए सरकार ने अदाणी समूह के साथ एक एग्रीमेंट साइन किया है। इसमें कहा गया कि 25 साल तक बिहार सरकार 6 रुपये 75 पैसे के हिसाब से अदाणी समूह से पावर खरीदेगी। अदाणी पावर लिमिटेड को जो जमीन दिया गया है और जिस रेट पर बिहार के लोगों को पर यूनिट बिजली मिलेगी में उसमें 62 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है। इसका खामियाजा सीधे-सीधे बिहार की जनता को भुगतना पड़ेगा। इसमें बिहार सरकार के मंत्री और अधिकारी शामिल हैं। इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए।

# जाति और विकास के बीच फंसे मतदाता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** कई वर्ग के मतदाताओं ने जहां नीतीश कुमार के कार्यकाल पर भरोसा जताया, वहीं कुछ ने इस शासनकाल को भ्रष्टाचार और महा जंगलराज की संज्ञा दे डाली। हालांकि, अल्पसंख्यक समुदाय का एक बड़ा वर्ग अब भी नीतीश के पक्ष में झुकाव रखता दिखा। महिलाओं के बीच अभी निर्णय स्पष्ट नहीं है।

जाति के रण में विकास कहीं गुम-सा दिखा। लोगों की जुबान पर सिर्फ दो दलों की चर्चा थी, अन्य दलों की बात लगभग नदारद रही। दो समुदायों के लोगों ने ऊपर देखकर (इशारे में) अपने मताधिकार के प्रयोग की बात कही, जबकि कई लोगों ने दबी जुबान में विकास के पक्ष में सहमति जताई।

एक विशेष वर्ग खुलकर अपने नेता के प्रति समर्थन प्रकट कर रहा था, वहीं दूसरा वर्ग अपने पत्ते खोलने और नाम बताने से परहेज कर रहा था। ये सभी बातें दैनिक जागरण की चुनाव बाइक एक्सप्रेस के दौरान सोमवार को झाझा से जिनहरा तक विभिन्न चौक-चौराहों पर लोगों से बातचीत में सामने आईं।बाइक एक्सप्रेस का पहला पड़ाव बाराजोर रेलवे गुमटी पर हुआ, जहां ट्रेन गुजरने के कारण फाटक बंद था। बाइक सवार और अन्य लोग इंतजार में खड़े थे। जैसे ही चुनावी चर्चा शुरू हुई, कुछ लोग बोलने से कतराने लगे। इसी बीच एहसान अंसारी ने कहा कि हमें शांति और सद्भाव वाली सरकार चाहिए।

नीतीश कुमार के कार्यकाल में अमन-चैन रहा है। हालांकि, उन्होंने एनडीए के दूसरे दल के प्रति निराशा व्यक्त की पर नीतीश के कामकाज को सराहनीय बताया। उसी दौरान नागी डेम के कुछ युवा उत्साह से बोले, अबकी बार तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाना है। मतदान ऊपर के चेहरे को देखकर होगा। उनकी बातें सुनकर आसपास खड़े कई लोगों के चेहरे रौनक गुम हो गई। धौरिकवा मोड़ पर मु. जसीर, मु. जसीम और शमशाद सहित कई ग्रामीणों का समूह मिला। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार ठीक है, लेकिन 20 साल हो गए, अब बदलाव जरूरी है।

वहीं, कुछ ग्रामीणों ने इशारों में बताया कि इस बार मतदान दो भागों में बंट सकता है। धमना मोड़ पर गुजरात से आए प्रवासी मतदाताओं ने कहा कि वे मतदान करने के बाद लौटेंगे। उन्होंने बिना कुछ कहे विकास पर मुहर लगाने के संकेत दिए। धमना गांव के ग्रामीण चिकित्सक सुरेश कुमार ने कहा कि राज्य में फिर से महा जंगलराज का दौर चल रहा है। उन्होंने 125 यूनिट बिजली फ्री और दस हजार रुपये महिलाओं के खाते में देने की घोषणा को चुनावी रणनीति करार दिया।सलैया गांव की चार महिलाएं धमना बाजार जा रही थीं। बबिता देवी ने कहा अभी फैसला नहीं हुआ कि किस दल को वोट देंगे, लेकिन चर्चा दोनों की है। वृद्धा रंगिया देवी ने नीतीश सरकार की वृद्धा पेंशन योजना की तारीफ करते हुए कहा हमारा मन बदलने वाला नहीं है।

मोहनपुर के समीप छापा गांव के एक पाउरोटी विक्रेता ने कहा यह मिली-जुली सरकार है, हर वर्ग का झुकाव अलग-अलग दल की ओर है। जिनहरा बाजार में महागठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश यादव का काफिला नजर आया।

युवाओं में उत्साह था, जबकि व्यापारी चुपचाप तमाशा देख रहे थे। सदानंद यादव ने कहा किसी एक दल को पूरा वोट नहीं मिलेगा, लोग विकास और शांति को प्राथमिकता देंगे।

# होटल में छापेमारी कर पुलिस ने की लाखों की बरामदगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फारबिसगंज ।** फारबिसगंज के ज्योति होटल परिसर स्थित दो अलग-अलग स्थानों में एसडीओ रंजीत कुमार रंजन एवं एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने संयुक्त रूप से छापेमारी करते हुए दोनों स्थानों से 35 लाख 72 हजार 610 रूपए नकद बरामद किया। अनुमंडल प्रशासन की छापेमारी से ज्योति होटल परिसर में हड़कंप मचा रहा।

प्रशासन ने विभिन्न कंपनी के माइक्रो फाइनेंस कलेक्शन सेंटर कैलाश साइबर कैफे से छापेमारी करते हुए 18 लाख 17 हजार एवं जियो साइबर कैफे से 18 लाख 55 हजार 610 रुपया बरामद किया है। कैलाश साइबर कैफे का संचालक कैलाश कुमार पटेल चौक फारबिसगंज का निवासी बताया जाता है। वहीं जियो साइबर कैफे का संचालक प्रभाष कुमार फौजी कालोनी एवं सुधीर कुमार अमहारा निवासी बताया जाता है।

बताया जाता है कि दोनों परिसर में विभिन्न कंपनियों के माइक्रोफाइनेंस के कलेक्शन सेंटर के साथ-साथ मनी ट्रांसफर का भी काम किया जाता था। प्रशासन की छापेमारी के दौरान दोनों प्रतिष्ठान के संचालक मौके पर मौजूद थे। मामले में पूछे जाने पर एसडीओ रंजीत कुमार रंजन ने कहा कि आचार संहिता में कैश रखने और ले जाने की लिमिट निर्धारित है।

ज्योति होटल परिसर स्थित दो अलग अलग स्थानों में छापेमारी की गई है। दोनों स्थानों से 35 लाख से अधिक रुपया बरामद किया गया है। बरामद रुपया चुनाव के उपयोग का था या नहीं इसकी जांच की जा रहा है। इस संदर्भ में जांच के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।

एसडीओ ने कहा कि बरामद रुपया का सीजर बनाकर जिला भेजा जाएगा एवं इसकी जानकारी आयकर विभाग को दी जाएगी। इस छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह, एफएसटी टीम में शामिल अपर थानाध्यक्ष शैलेन्द्र प्रसाद गुप्ता सहित पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट मौजूद थे।

# वर्षों से फरार अभियुक्त धराया

**बरहट ।** बरहट थाना पुलिस और एसटीएफ बरहट को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त कार्रवाई में 25 वर्ष से फरार कुख्यात माओवादी नरेश नैया उर्फ नरेश खैरा को गिरफ्तार कर लिया गया। नरेश के खिलाफ बरहट थाना कांड सं. 37/09 दर्ज है। वर्ष 2009 के 31 मार्च को उसने अपने सहयोगियों के साथ चोरमारा स्थित प्राथमिक विद्यालय में आईईडी बम लगाकर भवन को उड़ा दिया था। इस घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार, नरेश आत्मसमर्पण कर चुके पूर्व माओवादी कमांडर अर्जुन कोड़ा और बालेश्वर कोड़ा का दाहिना हाथ रह चुका है। एसपी विश्वजीत दयाल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि फरार माओवादी अपने घर लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के झोपा गांव में आया हुआ है। सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष कुमार संजीव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम में बरहट पुलिस, एसटीएफ बरहट और जिला सूचना इकाई के अधिकारी शामिल थे। संयुक्त टीम ने झोपा गांव में छापेमारी कर नरेश नैया को गिरफ्तार कर लिया।

# लापता नाबालिग बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गढ़वा ।** रंका थाना क्षेत्र के एक गांव की लव-जिहाद की शिकार बनी नाबालिग को रविवार रात्रि करीब ग्यारह बजे बिहार के डेहरी आनसोन स्टेशन के प्लेटफार्म से परिजनों ने बरामद कर लिया है।

वहीं आरोपी युवक फरार हो गया। बताया जाता है। इस बावत नाबालिग के पिता ने रंका थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। नाबालिग के पिता एवं मानपुर पंचायत के मुखिया मोहम्मद हासिम अंसारी ने बताया कि नाबालिग लड़की छठी कक्षा की छात्रा है वह दो माह पूर्व गढ़वा थाना क्षेत्र के परता गांव में अपने फुआ के घर गई थी।

उस दौरान वह वहां एक पखवाड़े तक रूकी थी। पड़ोस में रहने वाला युवक एकबाल खां जो आटो चालक है का आना जाना नाबालिग के फुआ के घर होने के दौरान नाबालिग से मोबाइल नंबर ले लिया।

बातचीत के क्रम में नाबालिग को बेहतर और सुखमय जीवन तथा देश दुनिया घुमाने का सब्जबाग दिखा कर विश्वास में लिया। कुछ दिनों बाद नाबालिग गांव आ गई।

इस बीच घरवालों से छिप कर दोनों की बातचीत होती रही। आरोपी युवक 27 अक्टूबर को उसे भगा ले जाने की नियत से पहुंचा। छठ की रात होने से पूरे इलाके में चहल पहल थी। लोग जगे थे। आवाजाही जारी रहने के कारण नाबालिग को भगा ले जाने में खतरा महसूस होने की वजह से बीच गांव में ही उसे छोड़कर फरार हो गया।

पुनः शुक्रवार की रात्रि करीब ग्यारह बजे नाबालिग को फुलप्रूफ प्लान के तहत घर के समीप से लेकर फरार हो गया।

देर रात्रि नाबालिग के बिछावन पर नहीं होने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। मगर रात्रि में कुछ भी पता नहीं चला। मोबाइल के माध्यम से सभी संभावित जगहों पर तलाश जारी रखी गई।

इस बीच दोनों के डेहरी आनसोन स्टेशन पर होने एवं बाहर भागने की सूचना मिलने पर परिवार एवं परिचितों ने अपने सगे संबंधियों को तत्काल स्टेशन के प्लेटफार्म पर भेज कर नजर रखने एवं दोनों को उलझाए रखने को कहा।

# हर तीन में से एक उम्मीदवार के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज, 43 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति

**▸ बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : अपराध, संपत्ति और सियासत का संगम ▸ दूसरे चरण के लिए उम्मीदवारों से जुड़ी एडीआर रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण के उम्मीदवारों पर एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और बिहार इलेक्शन वॉच की ताजा रिपोर्ट ने एक बार फिर चुनावी राजनीति की सच्चाई को आईने की तरह सामने रख दिया है। 122 विधानसभा क्षेत्रों के 1297 उम्मीदवारों के शपथ-पत्रों के विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ है कि सत्ता की दौड़ में उतरने वाले हर तीन में से एक उम्मीदवार के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज है और हर चार में से लगभग दो उम्मीदवार करोड़पति हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 1297 में से 415 उम्मीदवार (32 प्रतिशत) ऐसे हैं जिन्होंने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इनमें से 341 (26 प्रतिशत) पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं। हैरत की बात यह है कि 193 उम्मीदवारों पर हत्या और 79 उम्मीदवारों पर हत्या के प्रयास के मुकदमे दर्ज हैं। इतना ही नहीं, 52 उम्मीदवार महिलाओं पर अत्याचार से जुड़े अपराधों में आरोपी हैं जबकि 3 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर बलात्कार के मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की है। राजनीतिक दलों के स्तर पर विश्लेषण और भी दिलचस्प तस्वीर पेश करता है। गंभीर आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) सबसे ऊपर है जहां 15 में से 9 (60 प्रतिशत) उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक केस दर्ज हैं। इसके बाद भाकपा (माले) के 6 में से 4 (76 प्रतिशत) और कांग्रेस के 37 में से 20 (54 प्रतिशत) उम्मीदवार ऐसे हैं जिनके ऊपर गंभीर आरोप हैं। भाजपा के 53 में से 22 (42 प्रतिशत), राजद के 70 में से 27 (39 प्रतिशत) और जनता दल यूनाइटेड के 44 में से 11 (25 प्रतिशत) उम्मीदवारों पर भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। यानी, सत्ता के लिए संघर्ष कर रहे लगभग हर बड़े दल ने 'दागदार' उम्मीदवारों को टिकट दिया है। चुनाव में अपराध के साथ धनबल भी खुलकर झलकता है। रिपोर्ट बताती है कि 562 उम्मीदवार (43 प्रतिशत) करोड़पति हैं। औसतन प्रत्येक उम्मीदवार की संपत्ति 3 करोड़ 44 लाख रुपये है। इस धन-संपन्नता के बीच यह सवाल फिर खड़ा होता है कि क्या राजनीति गरीबों की आवाज बनेगी या अमीरों का अखाड़ा। शैक्षिक योग्यता पर गौर करें तो 528 उम्मीदवार (41 प्रतिशत) ने अपनी पढ़ाई 5वीं से 12वीं कक्षा तक जबकि 627 उम्मीदवार (48 प्रतिशत) ने स्नातक या उससे अधिक शिक्षा प्राप्त की है। दिलचस्प रूप से 217 उम्मीदवार केवल साक्षर हैं और 9 ने स्वयं को असाक्षर बताया है। यह दर्शाता है कि बिहार की राजनीति में शिक्षित और अल्पशिक्षित दोनों तबके समान रूप से सक्रिय हैं, लेकिन नीतिगत दृष्टि से शिक्षित उम्मीदवारों की भागीदारी से अपेक्षित सुधार अब तक नहीं दिख रहा। आयु वर्ग के विश्लेषण से यह साफ है कि राजनीति अब भी मध्यम आयु वर्ग के नेताओं के हाथों में केंद्रित है। 445 उम्मीदवार (34 प्रतिशत) की उम्र 25 से 40 वर्ष जबकि 680 (52 प्रतिशत) की 41 से 60 वर्ष के बीच है। 170 उम्मीदवार (13 प्रतिशत) साठ वर्ष से अधिक आयु वर्ग में हैं और दो उम्मीदवार 80 वर्ष से अधिक के हैं। यानी राजनीति में युवाओं की एंट्री भले हो रही हो, पर निर्णायक भूमिका अब भी वरिष्ठ नेताओं के पास है। सबसे निराशाजनक आंकड़ा महिलाओं की भागीदारी से जुड़ा है। 133 महिलाएं (10 प्रतिशत) ही चुनावी मैदान में हैं। यानी बिहार जैसे बड़े राज्य में हर दस में से केवल एक उम्मीदवार महिला है – यह स्थिति राजनीतिक दलों के महिला सशक्तिकरण के दावों को खोखला साबित करती है। एडीआर की यह रिपोर्ट बताती है कि बिहार की राजनीति में अपराध, पूंजी और पुरुष वर्चस्व का त्रिकोण अब भी कायम है। लोकतंत्र के लिए यह आंकड़े केवल चिंता का विषय नहीं, बल्कि यह सवाल भी है कि क्या जनता अपने प्रतिनिधियों के चयन में इन तथ्यों पर गौर करेगी?

### पटना महानगर के विकास में कई आयाम जुड़े

## जनता ने संपर्क अभियान में खूब आशीर्वाद दिए : नितिन नवीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना ।** पटना के बांकीपुर से भाजपा के प्रत्याशी और बिहार के मंत्री नितिन नवीन, दीघा के प्रत्याशी संजीव चौरसिया और पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी रत्नेश कुशवाहा ने आज मीडिया सेंटर में संयुक्त पत्रकार वार्ता में एनडीए की जीत का दावा करते हुए कहा कि फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। बिहार के मंत्री और बांकीपुर से भाजपा के प्रत्याशी नितिन नवीन ने कहा कि पटना महानगर के विकास में जो आयाम जोड़ा गया है, उसे लेकर जनता ने संपर्क अभियान में हम लोगों को खूब आशीर्वाद दिया। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि महानगर की चार सीटों पर हम नहीं, जनता लड़ रही है। उन्होंने कहा कि बांकीपुर में प्रचार अभियान जनता ने खुद संचालित किया। हमारे पूर्व के नेताओं ने भी महानगर की सेवा की है और जनता का अगर आशीर्वाद मिला तो हम आगे और तेज गति से काम करेंगे। उन्होंने कई समस्याओं के समाधान को गिनवाते हुए कहा कि बेहतर काम हुए हैं। आने वाले समय में पटना एक बेहतर राजधानी का स्वरूप लेगा। उन्होंने कहा कि आगे भी हम यहां के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो में उमड़ी भीड़ ने ही साबित कर दिया कि इस बार पटना महानगर की सभी चार सीटें एनडीए के खाते में जाएंगी। दीघा के भाजपा प्रत्याशी संजीव चौरसिया ने कहा कि पटना के विकास इसलिए है कि जनता का विश्वास है। पूरे बिहार का विकास देखना हो तो पटना दिखता है। पटना में समग्र विकास का चिंतन इसलिए भी है कि भाजपा के कार्यकर्ता इसे पीढ़ी दर पीढ़ी सींचते आए हैं। उन्होंने कहा कि पटना में कमल है और रहेगा। हम सभी जनता के बीच सेवा के भाव के साथ आगे भी विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने मतदाताओं से वोट देने की अपील करते हुए कहा कि महानगर का वोट प्रतिशत बढ़ाने का काम करें। इधर, पटना साहिब के प्रत्याशी रत्नेश कुशवाहा ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पटना के हर दिल में कमल है और पटना के हर घर में भाजपा है और भाजपा के दिल में पटना के विकास है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में पटना साहिब की जनता खुद उतरी। यहां के लोगों के दिल में भाजपा बसती है। उन्होंने कहा कि पटना का विकास हुआ है लेकिन अभी और आगे बढ़ाना है। उन्होंने भरोसा देते हुए कहा कि हम सब मिलकर पटना को स्वस्थ, सुंदर बनाएंगे। आज के प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल और प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू उपस्थित रहे।

## मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दीघा विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को किया संबोधित

**राहुल-तेजस्वी बेइमान बबुआ, जनता को लुभाने की कर रहे कोशिश**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/पटना।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को बिहार पहुंचे। यहां शिवराज सिंह ने पटना जिले की दीघा विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजीव चौरसिया के समर्थन में आशियाना फेस वन, मौर्य पथ पर विशाल जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री बाइक रैली में भी शामिल हुए। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आरजेडी ने 15 सालों में बिहार को क्या दिया है, अब जब करारी हार



सामने खड़ी दिखाई दे रही है तो बौखला गए हैं, झूठी घोषणाएं कर रहे हैं, लेकिन जनता जानती है कि ये झूठों के सरदार हैं। कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं, ये भस्मासुर हैं। वहीं शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी और तेजस्वी ये दो बेईमान बबुआ जनता को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता तो तय कर चुकी है और बिहार में भारी बहुमत से एनडीए आ रही है। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी जब भी बिहार आते हैं तो कभी मछलियां पकड़ते हैं तो कभी जलेबियां तलते हैं।

## पहले चरण में एनडीए की शानदार बढ़त से विपक्ष हताश : मंगल पाण्डेय

**बिहार की आधी आबादी का एनडीए को पुरजोर समर्थन**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि पहले चरण के मतदान में एनडीए की शानदार बढ़त से विपक्ष हताशा में है। बिहार की आधी आबादी यानी महिलाओं का एनडीए को पूरजोर समर्थन मिल रहा है जिससे विपक्ष के मंसूबे पर मतदान के पहले ही पानी फिर गया है।

श्री पाण्डेय ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण का प्रचार भले थम गया है, लेकिन मतदाता अपना निर्णय कर चुका है। इस चरण में 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर 6 नवंबर को मतदान होगा। पहले चरण में कुल 1314 उम्मीदवार मैदान में हैं जिनमें 1192 पुरुष और 122 महिलाएं शामिल हैं। इस चरण में 102 सामान्य और 19 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में 3 करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें एक करोड़ 98 लाख 35 हजार 325 पुरुष, एक करोड़ 76 लाख 77 हजार 219 महिलाएं और 758 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि बिहार के मतदाता विकास के साथ हैं। इस चरण में पौने दो करोड़ से अधिक महिला मतदाताओं को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की डबल इंजन सरकार पर भरोसा है।

## वोट है तो ताकत है, वोट है तो हिम्मत : नीतू नवगीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग की पटना जिला स्वीप आइकॉन डॉ. नीतू कुमारी नवगीत और यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, पाटलिपुत्र यूनिट की ओर से क्राइस्ट चर्च डायोसेशन स्कूल, खगौल, पटना में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार की लोकगायिका व पटना जिला की स्वीप आइकॉन एवं पटना जिला, नमामिगंगे और स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एम्बेसेडर डॉ. नीतू नवगीत ने स्कूल शिक्षकों एवं छात्रों को मतदान में शामिल होने एवं मतदाताओं के बीच जागरुकता लाने का शपथ दिलाई। कार्यक्रम में




नीतू नवगीत ने कहा कि बच्चे देश के कर्णधार होते हैं। हायर सेकेंडरी के जिन बच्चों ने 18 साल की उम्र पूरी कर ली है वह अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें जिनकी उम्र अभी 18 वर्ष नहीं है, बच्चे अपने माता-पिता और परिवार के दूसरे सदस्यों को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा अधिकार है और लोकतंत्र का यह सबसे बड़ा कर्तव्य भी है। लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व भी चुनाव ही है। वहीं रेलवे सेकेंडरी स्कूल, खगौल के प्राचार्य ज्ञानेश्वर ने यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन के सदस्यों को शपथ दिलाए। जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें 500 से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर करके मतदान करने की शपथ ली। आमजन के बीच जागृति फैलाने के उद्देश्य से खगौल के 500 से अधिक छात्रों ने मिल कर नगर में जागरूकता रैली निकाली। इस के अलावा स्कूली छात्रों के बीच, मतदाताओं को जागरूक करने से संबंधित विषय पर, पोस्टर मेकिंग, गायन, भाषण आदि प्रतियोगिता कराया भी गया। आम मतदाताओं के हस्ताक्षर अभियान और सदस्यता अभियान भी चलाया गया। इस सभी कार्यक्रम में करीब 700 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ नीतू कुमारी नवगीत, अतिथि, श्री ज्ञानेश्वर और कार्यक्रम में सहयोग देकर सफल बनाने के लिए क्राइस्ट चर्च स्कूल परिवार के डॉ पवन अग्रवाल, सुनंदा अग्रवाल, प्रज्ज्वल अग्रवाल को स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, बिहार राज्य शाखा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर मधुकर, पाटलिपुत्र यूनिट के उपाध्यक्ष, डॉ पवन अग्रवाल, सचिव नम्रता आनंद, संजीव कुमार जवाहर, प्रज्ज्वल अग्रवाल, अनिता कुमारी, विकास कुमार, चंद्र शेखर भगत, अशोक कुमार, सुरेश प्रसाद, रवि रंजन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने की मतदान की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** शहनाई वादक भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने लोगों से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक का मतदान करना न केवल अधिकार है बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने कहा मतदान से ही मजबूत सरकार बनती है, इसलिए हर मतदाता को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। अपने क्षेत्र, अपने देश के विकास में योगदान देने का यही सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने परिवार और मित्रों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें ताकि अधिक से अधिक लोग इस लोक उत्सव में भाग ले सकें।

## एनडीए ने सफलतापूर्वक सम्पन्न किया बिहार चुनाव के प्रथम चरण का प्रचार अभियान : धर्मेंद्र प्रधान

**एनडीए सरकार बिहार को न्यू एज इकोनॉमी की ओर ले जाएगी**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज कहा कि प्रथम चरण के मतदान के चुनाव प्रचार का आज आखिरी दिन है। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए ने सफलतापूर्वक प्रचार अभियान चलाया। पटना के भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ हमलोग एकजुट होकर 11 साल केंद्र में और 20 साल बिहार में सरकार चला रहे हैं। एक बार और हमलोग जनादेश के लिए जनता के पास गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार हमारे सामने तालमेल वाला गठबंधन का चेहरा नहीं है। कितनी सीट में कौन पार्टी चुनाव लड़ रहा है, कौन सीट पर गठबंधन का कौन प्रत्याशी है, इसकी कोई स्पष्टता नहीं है। यही नहीं नीतियों की भी स्पष्टता नहीं दिखती। उन्होंने आगे महागठबंधन के घोषणा पत्र को लेकर तंज कसते हुए कहा कि वे आसमान से चांद, तारा, सब कुछ देने के वादे का बड़बोलापन है जबकि उसके विकल्प में 20 सालों की काम की उपलब्धि लेकर हम गए हैं। हमलोग संकल्प पत्र में अगले पांच साल में किए जाने वाले कार्यों को भी रखा है। बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने आगे कहा कि इस बार एनडीए सरकार न्यू एज इकोनॉमी की ओर ले जाएगी। बिहार की जो मेधाशक्ति है उससे देश की अर्थनीति प्रभावित होती है। इस बार के संकल्प पत्र में कहा गया है कि बिहार ग्लोबल जॉब मार्किट में मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग, टूरिज्म सेक्टर हो या सर्विस सेंटर, सभी में बिहार का इम्पैक्ट ग्लोबल स्तर पर है। इस बार आने वाले समय में संकल्प किया है कि इसके पार्ट बिहार में शुरू होंगे। इससे नए रोजगार के सृजन होंगे। उन्होंने लोगों से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि 70 प्रतिशत मतदान जरूर करें। प्रजातंत्र में मत बड़ा हथियार है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि एनडीए इस चुनाव में बहुत बड़ी बढ़त के साथ आगे बढ़ चुका है, 14 का रिजल्ट उसका प्रमाण होगा। इस प्रेस वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी एवं विधान पार्षद डॉ. संजय मयूख, प्रदेश मंत्री संतोष रंजन राय, प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल और सह मीडिया प्रभारी अमित प्रकाश बबलू भी उपस्थित रहे।

## मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आज मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने मौके पर मौजूद डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ एवं मरीजों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में बंसल ने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। एक वोट से देश और प्रदेश की दिशा बदल सकती है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने युवाओं, महिलाओं और प्रथम बार मतदान करने वालों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंचकर लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम में प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव, डॉ पूनम नंदन, महावीर अग्रवाल, प्रशांत बंका, सचिव दिनेश अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, डॉ संजय संथालिया, सलोनी, डॉ स्पर्श गोयल, डॉ हिमांशु शेखर, डॉ गीता जैन सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भी भाग लिया। सभी ने निष्पक्ष और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा 'पहले मतदान, फिर जलपान' कार्यक्रम के अंत में हनुमान गोयल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अमर प्रेम भवन में, पहले मतदान, फिर जलपान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आज अमर प्रेम भवन में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के अंबाला से आए सामाजिक कार्यकर्ता असीम गोयल ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में श्री गोयल ने कहा कि 'मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। एक वोट से देश और प्रदेश की दिशा बदल सकती है।' उन्होंने युवाओं, महिलाओं और प्रथम बार मतदान करने वालों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंचकर लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम में बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अमर



अग्रवाल सहित शिव कुमार गुप्ता, रमेश मोदी, राजकुमार अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, राजकुमार सर्राफ, पवन भगत, सूर्य नारायण, श्याम भरतिया, राजेश कुमार, निर्मल अग्रवाल, गौरव अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी ने निष्पक्ष और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गौरव सहित अन्य ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा – 'पहले मतदान, फिर जलपान!' कार्यक्रम के अंत में अमर अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## आईआईएम बोधगया और बिहार पुलिस अकादमी राजगीर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया(गयाजी)।** आईआईएम बोधगया और बिहार पुलिस अकादमी (बीपीए), राजगीर के बीच 3 नवम्बर 2025 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौते का उद्देश्य बिहार के सरकारी अधिकारियों और पुलिस कर्मियों के लिए नेतृत्व विकास, क्षमता निर्माण और शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देना है। इस समझौते पर आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ. विनिता एस. सहाय और बिहार पुलिस अकादमी के नोडल अधिकारी सुशील कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी और संकाय सदस्य उपस्थित रहे। इस साझेदारी के तहत आईआईएम बोधगया को बिहार पुलिस अकादमी का लीडरशिप एंड मैनेजमेंट डेवलपमेंट पार्टनर नियुक्त किया गया। इस सहयोग का उद्देश्य पुलिस कर्मियों की नेतृत्व क्षमता, प्रबंधन कौशल और निर्णय लेने की योग्यता को मजबूत करना है। इसके लिए आईआईएम बोधगया विशेष रूप से तैयार किए गए प्रबंधन और सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। यह साझेदारी शैक्षणिक सहयोग के माध्यम से सार्वजनिक संस्थानों को सशक्त बनाते हुए राष्ट्र-निर्माण के प्रति आईआईएम बोधगया की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ. विनिता एस. सहाय ने कहा कि यह समझौता सार्वजनिक प्रशासन में आधुनिक प्रबंधन सिद्धांतों के समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि आज के दौर में पुलिस व्यवस्था से केवल परिचालन उत्कृष्टता की अपेक्षा नहीं है, बल्कि ऐसी नेतृत्व क्षमता की भी आवश्यकता है जो सहानुभूति, नैतिकता और दूरदर्शिता पर आधारित हो। यह सहयोग ऐसे सार्वजनिक लोकसेवा कर्मी के विकास में योगदान देगा जो शासन और कानून-व्यवस्था के बदलते परिवेश में प्रभावी रूप से प्रतिक्रिया देने में सक्षम होंगे। बिहार पुलिस अकादमी के नोडल अधिकारी सुशील कुमार ने कहा कि प्रबंधन में संरचित प्रशिक्षण सक्रिय और दूरदर्शी अधिकारियों के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है जो जटिल परिस्थितियों में प्रभावी निर्णय ले सकें और नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान कर सकें। बिहार पुलिस अकादमी का लक्ष्य सार्वजनिक सेवा प्रशिक्षण के क्षेत्र में प्रमुख केंद्र बनना है जो आईआईएम बोधगया की प्रबंधन शिक्षा में विशेषज्ञता के अनुरूप है।

## गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में मनी बैकुंठ चतुर्दशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में बैकुंठ चतुर्दशी मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद डॉ. रणबीर नंदन ने अपनी धर्मपत्नी नम्रता के साथ बैकुंठ चतुर्दशी पर्व, गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी, स्थित शंकर भगवान एवं राम दरबार में मनाया। इस अवसर पर शिवलिंग की पूजा तुलसी की माला से की गई एवं श्रीहरि विष्णु की पूजा बेलपत्र से किया गया। इस अवसर पर भगवान विष्णु के समक्ष 365 बत्ती के साथ



दीपदान किया गया। ऐसी मान्यता है कि यदि वर्ष में भगवान के समक्ष दीपदान नहीं किए हों तो आज के दिन पूरे वर्ष के लिए 365 बत्ती के साथ दीपदान करने से भगवान प्रसन्न होते हैं। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक वर्ष बैकुंठ चतुर्दशी कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। इस दिन भगवान श्रीहरि विष्णु और भगवान श्री शंकर जी का मिलन होता है। भगवान श्रीहरि देवउठनी एकादशी पर योगनिद्रा से बाहर आने के बाद कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी को भगवान शिव से मिलते हैं। भगवान शिव उन्हें श्रृष्टि के संचालन का दायित्व संभालने को देते हैं और उसके बाद मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। पृथ्वी लोक पर रहने वाले प्राणी को इस दिन व्रत और जगत के पालनहार की पूजा करने से मृत्यु के बाद यमलोक की पीड़ा नहीं सहनी पड़ती। उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

CMYK

# संपादकीय

## बहुरुवीय दुनिया में सहयोग ही बचा रास्ता

आज तेजी से बहुध्रुवीय होती दुनिया में वैसे भी किसी देश के लिए यह संभव नहीं है कि वह लंबे समय तक सिर्फ अपने हित में एकतरफा नीतियां लागू करता रहे और उसे दूसरे देशों को मानने पर मजबूर करे। अब आर्थिक से लेकर राजनीतिक स्तर पर शक्ति किसी खास देश में स्थिर या सीमित नहीं है और पिछले दो-तीन दशकों के दौरान विश्व में तेजी से नए ध्रुव खड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में महाशक्ति होने के बावजूद अमेरिका वैश्विक सहयोग और परस्पर निर्भरता के सिद्धांत को अपनी ओर से कुछ समय के लिए टाल भले दे, लेकिन उसे पूरी तरह खारिज नहीं कर सकता।यही वजह है कि कुछ महीने पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह दूसरे कई देशों से आयातित वस्तुओं पर शुल्क लगाने की घोषणा की थी, उस पर उन्हें दोबारा विचार करना पड़ रहा है। एक ओर, भारत ने अपने ऊपर रूस से तेल खरीद पर जुर्माना समेत पचास फीसद तक शुल्क लगाने के बावजूद अपनी नीतियों में कोई बड़ा बदलाव करना जरूरी नहीं समझा, तो दूसरी ओर चीन भी इससे बहुत चिंतित नजर नहीं आया।अब बीते कुछ दिनों से अमेरिका की ओर से जैसे संकेत आ रहे हैं, उससे साफ है कि शुल्क लगाने को लेकर उसके रवैये में थोड़ी नरमी आ रही है। दरअसल, दक्षिण कोरिया के बुसान में आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन के दौरान गुरुवार को अमेरिका और चीन के राष्ट्रपति के बीच मुलाकात के बाद एक-दूसरे के साथ व्यापार को फिर से पटरी पर लाने पर सहमति बनी। उसके बाद व्यापार युद्ध जैसी स्थिति के खत्म होने की उम्मीद की जा रही है। यों भी, अगर अमेरिका अपने रुख में बदलाव नहीं लाता है, तो व्यापार युद्ध के असर की आंच उस तक भी पहुंच सकती है।इस क्रम में शी जिनपिंग से बातचीत के बाद ट्रंप ने कहा कि चीन के साथ अब दुर्लभ खनिज के व्यापार का मुद्दा सुलझा लिया गया है। इसके साथ ही अमेरिका की ओर से चीन पर लगाए गए शुल्क में दस फीसद की कमी कर दी गई। बदले में अमेरिका से बड़ी मात्रा में सोयाबीन खरीदने के लिए चीन तैयार हो गया है।गौरतलब है कि दुनिया भर में करीब सत्तर फीसद दुर्लभ खनिजों का खनन चीन में होता है। यही नहीं, इसके प्रसंस्करण और निर्यात के लिए भी दुनिया की नब्बे फीसद निर्भरता चीन पर है। यानी संभव है कि इस मामले में चीन की मजबूत स्थिति को देखते हुए ही अमेरिका के रुख में बदलाव आया हो।हालांकि एक दिन पहले ट्रंप ने भारत को लेकर भी पहले के मुकाबले काफी नरम रवैया दर्शाते हुए कहा था कि भारत के साथ अमेरिका व्यापार समझौता कर रहा है। साथ ही, चाबहार बंदरगाह परियोजना पर भी अमेरिकी प्रतिबंधों से भारत को छह महीने की छूट देने की घोषणा सामने आई।जाहिर है, दूसरे देशों की आर्थिक नीतियों को प्रभावित या संचालित करने की कोशिश के बाद अब अमेरिका इस वास्तविकता को स्वीकार करता दिख रहा है कि दुनिया में राजनीतिक से लेकर आर्थिक स्तर पर शक्ति के ध्रुव जिस रफ्तार से बदल रहे हैं, उसमें कोई एक देश अपना वर्चस्व सब पर थोप नहीं सकता।

**सरकारों की नीतिगत विफलता इस त्रासदी का दूसरा बड़ा कारण है। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए योजनाएं तो बनती हैं, पर उनमें न तो स्थायित्व होता है, न गंभीरता। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं, निगरानी तंत्र कमजोर है, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई नगण्य है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच जिम्मेदारी का बंटवारा अस्पष्ट है। भारत की वायु में जहर घुल चुका है। हाल ही में चिकित्सा जनरल में प्रकाशित एक अध्ययन ने यह निष्कर्ष दिया है कि 2010 की तुलना में 2022 में हवा में जानलेवा साबित होने वाले पीएम 2.5 कणों की मात्रा 38 प्रतिशत बढ़ चुकी है। इस वृद्धि का परिणाम यह हुआ कि भारत में सत्रह लाख से अधिक लोगों की अकाल मृत्यु वायु प्रदूषण के कारण हुई। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि मानवता की उस सांस का हिसाब है जो हमारे शहरों, गांवों और जीवन से हर दिन छीनी जा रही है। प्रदूषण अब केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं रह गया है, यह हमारे विकास, अर्थव्यवस्था और सामाजिक न्याय के ढांचे पर गहरी चोट कर रहा है। यह भी सहज ही समझा जा सकता है कि 2022 की तुलना में अब वायु प्रदूषण ने और गंभीर रूप लेते हुए जानलेवा हो गया है, क्योंकि बीते तीन वर्षों में इस समस्या के समाधान के लिए ठोस उपाय किए ही नहीं गए। इसका प्रमाण यह है कि इन दिनों दिल्ली समेत देश के अनेक शहर बुरी तरह प्रदूषण की चपेट में हैं। यह न केवल सरकार की शर्मनाक नाकामी है बल्कि भयावह और बेहद दर्दनाक भी है।**

# जानलेवा प्रदूषण, सरकारों की शर्मनाक नाकामी

(ललित गर्ग)

'द लेंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ ऐंड क्लाइमेट चेंज 2025' रिपोर्ट केवल तथ्य नहीं, एक गंभीर चेतावनी है। लैंसेट की रिपोर्ट ही नहीं, अलग-अलग वर्षों में विभिन्न संस्थाओं के अध्ययनों ने भी कुछ इसी तरह के चिन्ताजनक आंकड़े पेश किए हैं। भारत की विशाल आबादी के कारण भी यह संख्या बड़ी हो सकती है, मगर यह समस्या गंभीर चिंतन और तत्काल निवारक कदम उठाए जाने की मांग करती है। भारत में प्रदूषण केवल औद्योगिक उत्पादन या वाहनों की बढ़ती संख्या से नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली, असंतुलित शहरीकरण और अनियोजित निर्माण से भी बढ़ रहा है। हर शहर में धूल, धुआं और अव्यवस्था की परतें जमी हैं। निर्माण स्थलों से उठने वाली धूल, खेतों में पराली जलाने की आदत, घरेलू ईंधनों का अंधाधुंध उपयोग और बढ़ते वाहनों की भीड़-ये सब मिलकर वातावरण को घुटनभरा एवं जानलेवा बना रहे हैं। हमारे शहर अब सांसों के शत्रु बन गए हैं। बढ़ते प्रदूषण की पीड़ा नीति-निर्धारकों से नहीं, उन लोगों से पूछिए, जो खांसते-खांसते बेदम हो जाते हैं और आखिरकार कई के फेफड़े-हृदय उनका साथ देना बंद कर देते हैं। विडंबना यह है कि इनमें से ज्यादातर उस गलती की सजा भुगतने को अभिशप्त हैं, जो उन्होंने नहीं की।



वायु में मौजूद सूक्ष्म कण अब हर सांस में जहर बनकर प्रवेश कर रहे हैं। इस प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता है। कोयला, पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों ने न केवल हवा को जहरीला बनाया है बल्कि हमारे अस्तित्व की नींव को भी कमजोर कर दिया है। इन स्रोतों से होने वाले उत्सर्जन के कारण लाखों लोग असमय काल के ग्रास बन रहे हैं, लेकिन ऊर्जा नीति में सुधार की गति अत्यंत धीमी है। सरकारें बार-बार स्वच्छ ऊर्जा की बात करती हैं, योजनाएं बनाती हैं, लक्ष्य घोषित करती हैं, पर उनका क्रियान्वयन न के बराबर होता है। सबसे गंभीर तथ्य यह है कि इस प्रदूषण के शिकार सबसे अधिक वे लोग हैं जो इसके निर्माता नहीं हैं। गरीब मजदूर, झुग्गियों में रहने वाले, बच्चे और बुजुर्ग-ये सभी उस वायु के दंश झेल रहे हैं जिसका लाभ अमीरों ने उठाया है। एक ताजा अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट के अनुसार, अमीर तबके का प्रदूषण में योगदान अत्यधिक है। पेरिस स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की 'जलवायु असमानता रिपोर्ट 2025' बताती है कि विश्व के सबसे धनी लोग अपनी संपत्ति और निवेशों के माध्यम से जलवायु संकट को बढ़ा रहे हैं। वैश्विक कार्बन उत्सर्जन के 41 प्रतिशत के लिए निजी पूंजी जिम्मेदार है। इसका अर्थ यह हुआ कि प्रदूषण का असली निर्माता संपन्न वर्ग है, जबकि उसकी कीमत गरीब वर्ग अपनी सांसों और जीवन से चुका रहा है। यह असमानता केवल आय की नहीं, बल्कि पर्यावरणीय न्याय की भी है। अमीरों के पास बड़े वाहन हैं, विशाल भवन हैं, आलीशान जीवनशैली है, और वे जीवाश्म ईंधनों पर आधारित उद्योगों में निवेश करते हैं। दूसरी ओर, गरीबों के पास न तो स्वच्छ ऊर्जा है, न शुद्ध हवा। जो अमीर लोग निजी विमानों और विलासितापूर्ण संसाधनों का उपयोग करते हैं, वे एक सामान्य नागरिक की तुलना में सैकड़ों गुना अधिक प्रदूषण फैलाते हैं। यह असंतुलन हमारे समाज को विषमता और अन्याय की ओर धकेल रहा है।

सरकारों की नीतिगत विफलता इस त्रासदी का दूसरा बड़ा कारण है। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए योजनाएं तो बनती हैं, पर उनमें न तो स्थायित्व होता है, न गंभीरता। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं, निगरानी तंत्र कमजोर है, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई नगण्य है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच जिम्मेदारी का बंटवारा अस्पष्ट है। हर साल सर्दियों में दिल्ली और उत्तर भारत के अन्य शहरों की हवा जहरीली हो जाती है, तब कुछ दिन के लिए 'आपात कदम' उठाए जाते हैं, पर जैसे ही धुंध छंटती है, सब कुछ फिर पहले जैसा हो जाता है। नीतियों में पारदर्शिता का अभाव और उद्योगपतियों का दबाव भी एक गहरी समस्या है। कोयला आधारित उद्योगों, पेट्रोलियम कंपनियों और निर्माण व्यवसाय से जुड़ी लॉबी सरकारों पर ऐसा प्रभाव बनाए रखती हैं कि कठोर कदम उठाना राजनीतिक दृष्टि से असुविधाजनक बन जाता है। स्वच्छ ऊर्जा की ओर संक्रमण को हमेशा 'महंगा विकल्प' बताकर टाला जाता है, जबकि वास्तव में यह निवेश मानव जीवन और पर्यावरण की सुरक्षा में है।

वायु प्रदूषण का संकट केवल वातावरण में धूल और धुएं का मामला नहीं है, यह आर्थिक अन्याय, राजनीतिक असंवेदनशीलता और सामाजिक उदासीनता का प्रतीक बन चुका है। जो सरकारें जनजीवन सुधारने का वादा करती हैं, वे हवा की गुणवत्ता सुधारने में विफल रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि वायु प्रदूषण से भारत की अर्थव्यवस्था को हर साल सकल घरेलू उत्पाद का लगभग दस प्रतिशत तक का नुकसान हो रहा है। यह नुकसान केवल पैसों में नहीं, बल्कि मानव संसाधन की हानि, स्वास्थ्य पर बोझ और जीवन की गुणवत्ता में गिरावट के रूप में भी दिखाई देता है। अब समय है कि इस संकट को केवल पर्यावरणीय मुद्दा न मानकर एक सामाजिक और नैतिक चुनौती के रूप में देखा जाए। हवा का अधिकार हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन यह अधिकार धीरे-धीरे छिनता जा रहा है। अमीरों को अपनी जीवनशैली पर संयम लाना होगा, अपने निवेशों को स्वच्छ ऊर्जा की ओर मोड़ना होगा, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों से दूरी बनानी होगी। सरकारों को सख्त नीति बनानी चाहिए, जो न केवल प्रदूषण फैलाने वालों को दंडित करे बल्कि स्वच्छ प्रौद्योगिकी अपनाने वालों को प्रोत्साहन दे। नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। जब तक जनता स्वयं इस समस्या को अपने जीवन का हिस्सा मानकर आवाज नहीं उठाएगी, तब तक राजनीतिक इच्छाशक्ति जागृत नहीं होगी। हर व्यक्ति को यह समझना होगा कि प्रदूषण से बचाव केवल मास्क लगाने से नहीं होगा, बल्कि सोच और जीवनशैली बदलने से होगा। वायु प्रदूषण एक सामूहिक अपराध बन गया है जिसमें अपराधी कम और पीड़ित अधिक हैं। अब यह वक्त है जब विकास की परिभाषा में स्वच्छ हवा और सुरक्षित वातावरण को सबसे ऊपर रखा जाए। सरकारें यदि सचमुच राष्ट्र की समृद्धि चाहती हैं, नया भारत-विकसित भारत बनाना चाहती है तो उन्हें सांसों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। अमीर तबके को भी यह समझना होगा कि जिस हवा को वे अपने निवेशों से दूषित कर रहे हैं, वह अंततः उन्हीं की अगली पीढ़ियों की सांसों को रोक देगी। आज आवश्यकता है एक ऐसी राष्ट्रीय चेतना की, जो कहे कि हवा किसी वर्ग की नहीं, समस्त जीवन की संपत्ति है। जब तक यह चेतना जागृत नहीं होती, तब तक हर आंकड़ा, हर रिपोर्ट और हर योजना केवल दस्तावेज बनकर रह जाएगी, और भारत की हवाएं यूं ही जहर बनती रहेंगी। वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण को लेकर किसी किस्म की उदासीनता देश और मानवता के साथ अन्याय होगा।लेखक, पत्रकार, स्तंभकार। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# अकाल की भयावहता से उपजे अर्थशास्त्री

(ज्ञानेश उपाध्याय)

गरीबी और अकाल के खिलाफ भारत की लड़ाई पुरानी है, जिसमें कदम-दर-कदम कामयाबी मिलती आ रही है। वैसे, एक दौर था, जब गुलाम देश भारत को चिढ़ाते हुए ब्रिटिश प्रधानमंत्री चर्चिल ने यहां तक कह दिया था कि भारतीय लोग खरगोशों की तरह बच्चे पैदा करते हैं, जिससे वहां अकाल पड़ता है। अर्थशास्त्र के प्रति अपनी मूर्खता का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने यह भी कहा था कि अकाल इतना ही बुरा होता, तो गांधी उसमें मर न जाते। तब चर्चिल के हाथों में बागडोर थी, तो वह जो मर्जी बक रहे थे। यह वह दौर था, जब खासकर बंगाल में भयानक अकाल पड़ा था। बीस लाख से ज्यादा लोग दाने-दाने के लिए तड़पते काल के गाल में समा गए थे। सुबह हो, दोपहर हो या शाम, हड्डियों का अपना ढांचा लिए अनेक इंसान सड़कों पर डोला करते थे। बंगाल के तमाम गांवों में यह अफवाह उड़ी हुई थी कि कलकत्ते या किसी शहर में चले जाओ, वहां भोजन बंट रहा है। भूखे लोग भागे चले आ रहे थे।

तब बड़े समाचारपत्रों-पत्रिकाओं को सेंसर किया जाने लगा था, जबकि सांस्कृतिक-साहित्यिक पत्रिकाओं में देश-दुनिया के समाचार-विचार छपा करते थे। उनकी चर्चा प्रसिद्ध शिक्षा संस्थान शांतिनिकेतन में भी होती थी। वह दस वर्षीय बालक शांतिनिकेतन में ही पढ़ता था। वैसे, शांतिनिकेतन में सब कुशल मंगल था। वहां कोई अभाव न था, पर एक दिन वहां अचानक एक पागल जैसा आदमी दिखाई पड़ा। फटेहाल, मैले-कुचैले कपड़े, बेतरतीब बढ़े हुए बाल, इंसानियत की कमी देख फटी हुई-सी आंखें, अजीब हरकतें। देखकर लगता था कि उसे कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है। उसमें ज्यादा चलने-भागने की ताकत भी नहीं बची है, पर दो बदमाश लड़के उसे भगा और चिढ़ा रहे थे।

खैर, बदमाश लड़कों ने अपना बेरहम तमाशा अभी शुरू ही किया था कि अच्छे लड़कों की एक टोली वहां पहुंच गई। उस टोली में वह दस वर्षीय संवेदनशील बालक भी था। फिर क्या था, बदमाश लड़कों को डांटकर भगा दिया गया। अच्छे लड़के उस लाचार गरीब के पास पहुंचे। वह विक्षिप्त-सा बहुत घबराया हुआ था। कातर भाव से देखे जा रहा था कि पता नहीं, उसके साथ अब क्या होने वाला है? तभी एक शिक्षक वहां पहुंच गए। इशारों में हुए थोड़े संवाद से यह अनुमान लग गया कि वह व्यक्ति बहुत भूखा है। उसने कई दिनों से कुछ भी नहीं खाया है। उसे तत्काल कुछ खाने के लिए परोसा गया और तब शिक्षक ने बताया- देखो, जब कई दिनों तक किसी इंसान को भोजन नहीं मिलता, तो उसकी बुद्धि काम करना बंद कर देती है, वह विक्षिप्त जैसा हो जाता है। यह ऐसी घटना थी, जिसने उस बालक को सोचने पर विवश कर दिया। वह गहराई से सोचने लगा कि आखिर इस अकाल की वजह क्या है? उसके घर में तो भरपूर भोजन-अनाज है। उसके घर जैसे अनेक संपन्न घर हैं, पर इसी देश में गरीबों का एक विशाल हुजूम भी है, जो अकाल से आक्रांत है। लाखों लोग अकाल से मर रहे हैं। बालक ने गौर करना शुरू किया, तो उसे चारों ओर भूख की वजह से भटकते लोग नजर आने लगे। सुबह-शाम उनका आर्तनाद दिलो-दिमाग पर हावी होने लगा। उसकी दादी ने पाबंद कर रखा था कि कोई भूखा मांगने आए, तो तुम एक डिब्बा चावल उसे दे सकते हो, पर उससे ज्यादा नहीं, क्योंकि हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद करनी है। उन्हीं दिनों एक चाची किसी गरीब भूखे लड़के को घर ले आई थीं। घर में ज्यादा नौकरों की जरूरत नहीं थी, पर उसे दया भाव से रख लिया गया था। बंगाल के अकाल ने ही उस बालक को अर्थशास्त्र के अध्ययन के लिए प्रेरित किया और एक दिन आया, जब दुनिया में उन्हें प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन के नाम से पहचाना गया। उन्होंने अकाल की विभिन्न वजहों की पड़ताल की, जिसके लिए उन्हें दुनिया के सर्वोच्च सम्मान नोबेल से सम्मानित किया गया। उन्होंने दुनिया भर में पड़े अकाल का गहन विश्लेषण करके बता दिया कि कोई सरकार अगर चाहे, तो अकाल को रोक सकती है। अंग्रेजों के समय भयंकर अकाल पड़ते थे, क्योंकि अंग्रेजी शासन बचाव के लिए कुछ भी नहीं करता था। भारत में खाद्य उपलब्धता तो है, पर वंचितों की खाद्य खरीद-क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। जैसे, बंगाल के कुख्यात अकाल के समय भी अमीर और मध्यवर्ग सक्षम था, पर चावल की कीमत जब पांच गुना बढ़ गई, तब गरीबों की खरीद क्षमता जवाब दे गई, जिससे अकाल पड़ गया। उन्होंने यह भी बताया कि अगर सरकार लोकतांत्रिक हो, तो वह अकाल को ज्यादा आसानी से धूल चटा सकती है। 3 नवंबर, 1933 को जन्म लेने वाले अमर्त्य सेन के अध्ययन का लोहा आज पूरी दुनिया मानती है, पर वह आज भी याद करते हैं कि मेरे दिमाग में बंगाल में पड़े अकाल की भयावहता की अमिट छाप है। व्याकुल बच्चों, महिलाओं व पुरुषों की गुहार आज भी मेरे कानों में गूंजती है।

# माओवादियों से मोहभंग ने शिक्षा का महत्व बताया

(अखिलेश सिंह)

अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष का बिगुल बजाने वाले और आदिवासी समाज में जागरूकता फैलाने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का प्रखंड है अड़की। मगर आधुनिक विकास की दौड़ में यह इलाका लगातार पीछे ही रहा। खूंटी (झारखंड) जिले के इसी प्रखंड में लादू मुंडा भी पैदा हुए। उनके गांव का नाम है मदहातू।

मदहातू में कोई स्कूल न था। लिहाजा, वहां से कुछ दूर स्थित तुबिल स्कूल से लादू ने आठवीं तक पढ़ाई की। इससे आगे पढ़ने का कोई इंतजाम आस-पास के गांवों में नहीं था। मजबूरन पढ़ाई छूट गई। यह वह दौर था, जब खूंटी और उसके आस-पास माओवादी संगठन अपनी पकड़ मजबूत बना चुके थे। बात साल 2009 के आस-पास की है। मदहातू में कुंदन पाहन का दस्ता आने लगा था। कुंदन को तब झारखंड के सबसे बड़े माओवादी नेताओं में गिना जाता था। गांव-गांव में माओवादी जन-सुनवाई किया करते और जो समस्याएं स्थानीय प्रशासन या पुलिस नहीं सुलझा पाती, वे उसका तत्काल समाधान करा देते।

माओवादी आदिवासी नौजवानों को समझाया करते कि आखिर क्यों वे ऐसे हालात में जीने को मजबूर हैं? गांव वालों से सिस्टम की परेशानियों के बारे में पूछा जाता। गांव के गरीब उनसे प्रखंड कार्यालयों में घूसखोरी की शिकायत करते, तो कभी सड़क-निर्माण में लगे मजदूर उचित मजदूरी न मिलने की पीड़ा उन्हें सुनाते। माओवादियों ने उनकी इन समस्याओं को भी सुलझा दिया। माओवादियों का आकर्षण लादू पर गहराता चला गया। वह कुंदन पाहन के दस्ते में शामिल हो गए। साल 2009 के बाद वह दस्ते के साथ गांव-गांव घूमने लगे थे। उन्हें किशोरों, नौजवानों को संगठन से जोड़ने की जिम्मेदारी मिली। लादू को लगता कि इसी रास्ते से उनके हालात बेहतर हो सकेंगे।

मगर साल 2011 के बाद उन्हें महसूस होने लगा कि माओवादी सार्वजनिक रूप से जो बातें करते हैं, उनकी असली गतिविधियां उससे बिल्कुल अलग हैं। उन पर यह भी उजागर हो गया था कि लेवी (वसूली) के लिए लोगों को मार दिया जाता है। अक्सर पुलिस मुखबिरी के आरोप में बेगुनाह भी मार दिए जाते। अपने ही बीच के लोगों की यूं हत्याएं देख लादू को सदमा सा लगा। उधर मुरहू बैंक लूटकांड व पुलिस मुठभेड़ के विभिन्न मामलों में उनकी भूमिका को लेकर पुलिस उन्हें तलाश रही थी। परिवार व गांव के लोग पुलिस के निशाने पर थे।

लादू को सबसे ज्यादा दुख तब होता, जब माओवादी निरीह गांव वालों को शक की निगाहों से देखने लगे। वह जिन सपनों के साथ संगठन में शामिल हुए थे, वह तो पहले ही बिखर चुका था। आखिरकार, एक दिन वह भाग खड़े हुए। घर लौटकर जा नहीं सकते थे। ऐसे में, वह ओडिशा में क्योंझर चले गए। दो-तीन साल तक वहीं उन्होंने एक खदान में मजदूरी की। मगर एक बेचैनी हमेशा घेरे रही। एक तरफ, पुलिस उन्हें तलाश रही थी और दूसरी तरफ, माओवादी संगठन के लोगों से खतरा था।



साल 2017 की बात है। एक दिन पुलिस लादू के गांव पहुंची। उनके घर को गिराने की सूचना चिपका दी गई। लादू को अपराध-बोध होता कि उनके कारण पूरे परिवार को भुगतना पड़ रहा। वह चांडिल कस्बे में आकर रहने लगे थे। वहीं से उन्होंने गांव के लोगों के संपर्क किया और फिर परिजनों की मदद से पुलिस के साथ उनका संवाद कायम हुआ। लादू ने मुख्यधारा में लौटने की इच्छा जताई और 19 जनवरी, 2017 का वह दिन भी आ गया, जब तत्कालीन डीआईजी अमोल होमकर व एसपी अश्विनी कुमार सिन्हा के समक्ष उन्होंने आत्म-समर्पण कर दिया। कुछ दिन खूंटी जेल में रखने के बाद उन्हें हजारीबाग ओपन जेल भेज दिया गया। यहीं पर आत्म-समर्पण करने वाले माओवादी रखे जाते हैं।

लादू के ऊपर दर्ज कांडों में जमानत के बाद 8 मार्च, 2020 को उन्हें जेल से बाहर आने की इजाजत मिली। वर्षों बाद मदहातू में कदम रखते हुए लादू भावुक हो उठे थे। पुरखों की धरती को चूमते हुए उन्होंने संकल्प लिया कि अब कभी बंदूक नहीं उठाएंगे। खेती ही एकमात्र विकल्प था, क्योंकि आठवीं से आगे वह पढ़ ही नहीं सके थे। लादू के मन में पढ़ाई छूटने की गहरी टीस थी। उन्होंने तुबिल, होचर, कोदेलेबे, डाड़ी, पड़ासू, हाड़दलामा समेत अन्य गांवों में ग्रामसभाओं में भागीदारी शुरू की। वह गांव वालों को इंदिरा आवास, वृद्धा पेंशन का लाभ दिलाने में जुट गए। जिस तुबिल स्कूल से उन्होंने पढ़ाई की थी, उसकी प्रबंधन समिति में उन्हें शामिल कर लिया गया था। लादू ने सबसे पहले प्रखंड के बच्चों को स्कूल से जोड़ने का अभियान 'मैंने होन को के कुलकोपे' (बच्चों को स्कूल भेजें) अभियान शुरू किया। गांव-गांव जाकर अभिभावकों को समझाया। किसी तरह परिजन बच्चों को स्कूल भेजने को तैयार हुए, तो नई समस्या आ गई। दरअसल, कुछ अरसे पहले खूंटी में पत्थलगड़ी अभियान चलाया गया था, तब अड़की प्रखंड के गांवों के लोगों ने आधार कार्ड नहीं बनवाए थे। जिन्होंने बनवाए भी थे, वे भी पत्थलगड़ी समर्थकों के पास उसे जमा करा आए थे। लादू ने एसडीओ से बात की और उन्हें समस्या से अवगत कराया। एसडीओ के हस्तक्षेप से इलाके में बच्चों के नामांकन के लिए आधार कार्ड की तत्काल अनिवार्यता समाप्त कर दी गई। इसके बाद तीन सौ से भी अधिक बच्चों ने स्कूल में नामांकन कराया। तुबिल स्कूल को आठवीं से बढ़ाकर 'उत्क्रमित मध्य सह प्लस टू हाई स्कूल' में परिवर्तित कर दिया गया है। अब गांव में ही बच्चे 12वीं तक की शिक्षा पा सकेंगे। मुख्यधारा से जुड़ने के बाद लादू की जिंदगी पूरी तरह बदल गई। प्रशासन से उनकी यही अपील है कि आत्म-समर्पण करने वाले माओवादियों से किए गए वादे निभाए जाएं। उन्हें चार डिसमिल जमीन व स्व-रोजगार के साधन मुहैया कराए जाएं। वे तरक्की का हिस्सा बनना चाहते हैं, शांति से जीना चाहते हैं।

# रूपौली का रण : अब नाम नहीं, मुद्दे तय करेंगे दिशा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता






**रुपौली/पूर्णिया।** रूपौली विधानसभा क्षेत्र इन दिनों राजनीतिक हलचल का सबसे गर्म केंद्र बना हुआ है। यहाँ का माहौल किसी एक पार्टी या चेहरे पर नहीं टिक रहा, बल्कि हर ओर मतदाता अपने नए विकल्पों को परख रहा है। 2024-25 के उपचुनाव ने यहाँ की राजनीति की दिशा ही बदल दी, जब निर्दलीय प्रत्याशी शंकर सिंह ने सत्ताधारी गठबंधन के उम्मीदवार कलाधर मंडल (जदयू) को अप्रत्याशित रूप से पराजित कर सबको चौंका दिया। यह जीत केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं थी, बल्कि उस सोच की जीत थी जिसमें जनता ने स्पष्ट संदेश दिया — अब वोट पार्टी को नहीं, काम को मिलेगा।

कलाधर मंडल, जिन्होंने जदयू के टिकट पर चुनाव लड़ा, बीमा भारती के बाद पार्टी की नई उम्मीद माने जा रहे थे। संगठन का मजबूत तंत्र, एनडीए का आधार और संसाधन उनके पक्ष में थे, लेकिन शंकर सिंह के स्थानीय जुड़ाव और जनसंपर्क ने उनकी सारी रणनीति को धराशायी कर दिया। रूपौली के गाँव-गाँव में जनता ने पहली बार यह महसूस किया कि नेता वही बेहतर है जो उनके बीच रहता है, न कि चुनावी मौसम में दिखाई देता है। वहीं बीमा भारती, जिन्होंने 2005 से 2020 तक रूपौली की राजनीति को दिशा दी, आज उसी धरातल पर चुनौती महसूस कर रही हैं। लंबे समय तक जनप्रतिनिधित्व करने के बावजूद हालिया राजनीतिक बदलावों और पार्टी-परिवर्तन की वजह से उनकी पकड़ ढीली पड़ी है। नतीजा यह कि उनका परंपरागत वोट-बेस अब दो हिस्सों में बंट चुका है— एक हिस्सा भावनात्मक जुड़ाव के कारण उनके साथ है, तो दूसरा हिस्सा बदलाव की उम्मीद में नई दिशा देख रहा है। रूपौली का चुनावी मिजाज अब जातीय समीकरणों से भी ऊपर उठता दिख रहा है। यहाँ की जनता अब कह रही है — 'जात से नहीं, बात से तय होगा वोट।' विकास, सड़क, पुल, बाढ़ नियंत्रण, रोजगार और शिक्षा यहाँ के प्रमुख मुद्दे बन चुके हैं। बाढ़ प्रभावित इस क्षेत्र के लोग अब ऐसा नेतृत्व चाहते हैं जो जमीन पर सक्रिय दिखे, न कि सिर्फ मंचों पर भाषण दे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आगामी विधानसभा चुनाव में मुकाबला त्रिकोणीय रूप लेने जा रहा है। एक ओर शंकर सिंह अपने स्वतंत्र और जनआधारित छवि के साथ, दूसरी ओर जदयू के कलाधर मंडल जो इस बार हार की भरपाई के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं, और तीसरी ओर बीमा भारती जो अपने पुराने जनाधार को फिर से जोड़ने की कोशिश में हैं। इन तीनों के बीच की टक्कर ही तय करेगी कि रूपौली की जनता किसे अपना भविष्य सौंपती है। फिलहाल माहौल यही कह रहा है, इस बार यहाँ किसी का रास्ता आसान नहीं होगा।रूपौली का यह चुनाव अब परंपरागत नहीं, बल्कि निर्णायक है। यहाँ मतदाता जागरूक हो चुका है, अब वह घोषणाओं के नहीं, काम के हिसाब से वोट देने जा रहा है। चाहे वह शंकर सिंह की सक्रियता हो, कलाधर मंडल की संगठनिक रणनीति या बीमा भारती की पुरानी साख — जनता अब हर पहलू को तौल रही है। आने वाले समय में यही तय करेगा कि रूपौली में राजनीति का नया चेहरा कौन बनेगा, क्योंकि अब यहाँ 'नाम नहीं, काम' ही सबसे बड़ी पहचान है।

# महानंदा नदी में डूबी महिला, चार ने तैरकर बचाई जान, तलाश जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कटिहार।** जिले के प्राणपुर थाना क्षेत्र और औरलाबाड़ी गाँव में सोमवार की देर शाम एक दर्दनाक नाव दुर्घटना हुई। मिली जानकारी के अनुसार सभी लोग खेती के काम से गए हुए थे और खेती का काम खत्म कर लौट रहे। एक ही परिवार के सदस्यों की नाव अचानक महानंदा मे पलट गई। जिसमें एक महिला पानी में डूब गई। हालांकि नाव पर सवार चार अन्य लोग तैरकर अपनी जान बचाने में सफल रहे।

मृतक महिला की पहचान वार्ड संख्या 09 निवासी रोहित मंडल की पत्नी प्रियंका देवी (28) लगभग के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, प्रियंका देवी अपने परिवार के सदस्यों के साथ दियारा क्षेत्र में खेती के काम के लिए गई थीं। बताया जाता है कि खेत से काम खत्म कर शाम को घर लौटते समय तेज बहाव या नाव पर अधिक भार के कारण महानंदा नदी में उनकी नाव असंतुलित होकर पलट गई। वही, घटना की सूचना मिलने के बाद मंगलवार को स्थानीय प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई शुरू की।अंचलाधिकारी शिखा कुमारी, राजस्व कर्मचारी मृत्युंजय कुमार के साथ तुरंत औरलाबाड़ी गाँव पहुँचीं और मामले की जानकारी ली।अधिकारियों ने मौके पर मौजूद परिजनों और ग्रामीणों से बात की और स्थिति का जायजा लिया। इस बीच राज्य आपदा अनुक्रिया बल एसडीआरएफ की एक विशेष टीम को भी तत्काल बुलाया गया। खबर लिखे जाने तक एसडीआरएफ की टीम प्रियंका देवी की तलाश में महानंदा नदी के गहरे पानी में युद्धस्तर पर जुटी हुई थी। वही ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि नदी में आवागमन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया जाए और अवैध नावों के परिचालन पर रोक लगाई जाय ।

# बरारी में रंजीता रंजन ने भरी हुंकार कहा-अबकी बार बदलाव तय है



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी /कटिहार।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रचार अभियान तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में कांग्रेस की राज्यसभा सांसद एवं स्टार प्रचारक रंजीता रंजन ने सोमवार को बरारी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्यासी तौकीर आलम के समर्थन में चार स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं कीं। उन्होंने कुसेर्ला, बरारी, सुखासन और आसपास के इलाकों में जनता से मुलाकात कर महागठबंधन के पक्ष में समर्थन मांगा।

इस अवसर पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह,राजद प्रखंड अध्यक्ष तनवीर आलम, राजद नेता चंदन सिंह, मो. आलमगीर, बमबम यादव,कांग्रेस युवा नेता जहांगीर आलम, राजद के वरिष्ठ नेता विमल मालाकार, पंचायत समिति मजहर आलम आदि मौजूद रहे । सभा को संबोधित करते हुए रंजीता रंजन ने कहा कि बिहार की जनता अब बदलाव के मूड में है। पूरे राज्य में महागठबंधन की लहर चल रही है। बीस वर्षों से एनडीए की सरकार ने सिर्फ वादों और जुमलों से लोगों को गुमराह किया है, लेकिन अब जनता सच समझ चुकी है।उन्होंने एनडीए सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग कानून - व्यवस्था की बातें करते हैं, वही बिहार को अपराध और भय के साए में छोड़ गए। मोकामा और सिवान की घटनाएं तथा एक पुलिसकर्मी की हत्या इसका उदाहरण हैं। जनता अब इनके छलावे में आने वाली नहीं है। इस मौके पर कांग्रेस तौकीर आलम ने कहा कि कांग्रेस और महागठबंधन की सरकार बनने पर बरारी में विकास की नई शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि यहां के विधायक ने जनता से दूरी बना ली और सौतेला व्यवहार किया। क्षेत्र की जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। हम इस स्थिति को बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को मौका दें ताकि राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की दिशा में ठोस काम हो सके।रंजीता रंजन की नुक्कड़ सभाओं में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जनसभा में महिलाओं और युवाओं का उत्साह देख उन्होंने कहा कि बिहार अब जाग चुका है।यह सैलाब बदलाव का है, और इस बार जनता अपने अधिकारों की सरकार बनाएगी।

# बिहार के लोग लें डिसीजन महागठबंधन की बनाएं सरकार : अकील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मनसाही/कटिहार।** 67 सुरक्षित मनिहारी विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी मनोहर प्रसाद सिंह की जीत सुनिश्चित करने के लिए मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के भोपाल उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आतिफ आरिफ अकिल ने कहा कि पूरे देश के लोगों की नजर बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव पर हैं,बिहार के लोग डिसीजन ले कि इस बार किसकी सरकार बनाना हैं।

भारत में 15 साल से एनडीए की सरकार हैं,तो बिहार में 20 साल से जदयू - भाजपा की सरकार हैं,अब आप लोग अपने दिल से सोच कर ही वोट कीजिएगा।पूरे बिहार में इकलौता महागठबंधन के तेजस्वी प्रसाद यादव पूरे बिहार में घूम कर महागठबंधन को जिताने की अपील कर रहे हैं। इसलिए आप सभी लोग महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी मनोहर प्रसाद सिंह को जिताकर विधानसभा भेजें एवं तेजस्वी प्रसाद यादव के हाथों को मजबूत कर मुख्यमंत्री बनाएं,इससे लोगों की एक उम्मीद जगी हैं कि इस बार अगर तेजस्वी प्रसाद यादव मुख्यमंत्री बनते हैं तो बिहार के लोगों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगा उन्हें बिहार में ही रोजगार मिलेगा। वहीं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के इशारें पर नीतीश कुमार चल रहे हैं,मतदाता इस बार एनडीए का सपना चकनाचूर करेगा एवं महागठबंधन की सरकार बनाकर तेजस्वी प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री बनाने की कसम खाई हैं। वहीं मरंगी पंचायत के मुखिया सह संघ के अध्यक्ष शंकर कुमार यादव ने कहा कि पूर्णिया - नारायणपुर फोरलेन सड़क का निर्माण होने से मरंगी सहित आसपास के गांव के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं,हम सभी ग्राम वासियों को मरंगी चांदनी चौक पर ओवर ब्रिज नहीं चाहिए, चांदनी चौक मरंगी पर गोलंबर बने जिससे आम लोगों को मरंगी से नारायणपुर आने-जाने में परेशानी का सामना करना नहीं पड़ेगा। वर्तमान में मरंगी चांदनी चौक फोर लेन सड़क के नीचे अंडरपास पुल का निर्माण किया गया हैं जिसमें चार माह बाढ़ और बरसात का पानी जमा रहता हैं। अंडरपास पुल में पानी जमा रहने से राहगीर वाहन चालक को आने जाने में परेशानी होता हैं।राहगीर,वाहन चालक चार माह हफलागंज या कजरा चौक होकर मरंगी या नारायणपुर आना-जाना करते हैं। इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव,मरंगी पंचायत के मुखिया सह संघ के अध्यक्ष शंकर कुमार यादव,सरपंच जरीफ,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि नीरज यादव,एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार पासवान, राजद के संतोष कुमार यादव रमेश चंद्र यादव,दीपक कुमार निराला, कांग्रेस के डॉ. बिपिन कुमार सिंह,कुमार गौरव,सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष कुमार यादव,मधुसूदन पासवान उर्फ कन्हैया, सदाकत अली, छोटेलाल यादव, पांडव शर्मा, राजकुमार यादव, देवनारायण पासवान, प्रमोद कुमार रजक,अविनाश कुमार,रतन यादव,अमित कुमार,मो. इजहार, चंदन पासवान, प्रवीण कुमार, नंदकिशोर यादव, श्रवण यादव, अंशु कुमार, संतोष कुमार शर्मा, सोहन कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे ।

# बनमनखी में मतदाताओं की निगाह अब ईवीएम पर, प्रशासन ने किए सुरक्षा के अभेद इंतजाम

## 379 मतदान केंद्रों पर तैनात सुरक्षा बल, 60 केंद्रों पर खास निगरानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** बनमनखी विधानसभा क्षेत्र अब पूरी तरह चुनावी रंग में रंग चुका है। प्रशासनिक हलचल, सुरक्षाबलों की गश्त और मतदान केंद्रों पर तैयारियों का जायजा लेते अधिकारी— यह सब कुछ दर्शाता है कि लोकतंत्र का उत्सव अब बस शुरू होने वाला है।

अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस विधानसभा सीट पर 379 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 60 केंद्रों को अतिसंवेदनशील चिह्नित किया गया है, जहाँ सुरक्षा का घेरा और सख्त किया गया है। हर केंद्र पर अर्धसैनिक बल, बीएसएफ जवान और स्थानीय पुलिस बल की तैनाती की गई है।

निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रशासन का उद्देश्य केवल मतदान संपन्न कराना नहीं, बल्कि भयमुक्त वातावरण में हर मतदाता को मतदान का अवसर देना है। उन्होंने कहा— 'हमारी पूरी प्राथमिकता निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव है। सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त बल और अधिकारियों की निगरानी सुनिश्चित की गई है।'

बनमनखी विधानसभा क्षेत्र में कुल 3 लाख 1 हजार 12 मतदाता हैं, जिनमें 1,57,252 पुरुष, 1,43,753 महिलाएं और 07 अन्य मतदाता शामिल हैं।

थाना क्षेत्रवार यदि देखा जाए तो जानकीनगर में 113 बूथ, बनमनखी में 116, सरसी में 52, बड़हरा कोठी में 79, और रघुवंश नगर में 19 बूथ स्थापित किए गए हैं।

मतदान केंद्रों पर बिजली, पेयजल, रैंप और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जा रहा है। प्रशासन ने हर बूथ पर सैक्टर मजिस्ट्रेट और गश्ती दल तैनात कर दिया है ताकि मतदान दिवस पर किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

# फिर से एनडीए सरकार, सही बटन दबाएं एनडीए को जिताएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**फलका/कटिहार।** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों द्वारा गांव में भंगहा पोठिया शब्दा फलका चुनावी जनसंपर्क अभियान तेज कर रखा है। प्रत्याशी तथा उनके समर्थक गांव में घर-घर घूम कर लोगों को अपने पक्ष में रिझाने तथा वायदों का दंभ भरने लगे है।

इस कड़ी में कोढ़ा विधायक कविता ने भी चुनावी जनसंपर्क अभियान को गति दे रखे हैं। अपने पक्ष में मतदाताओं को लुभाने का प्रयास कर रहे है कोढ़ा विधायक प्रत्याशी कविता पासवान कहा कि एनडीए की सरकार में काफी विकास हुआ है। हर वर्ग के लिए विकास होगा मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष शहरी परमानंद शर्मा, भाजपा नेता बलराम साह, संजय झा, अमित गुप्ता, मुखिया भारती कुमारी, भोलू कुमार, पिंटू यादव, समिति सदस्य मनोज मंडल, जनसंपर्क अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। लोगों को एनडीए पक्ष में मतदान देने की अपील की गयी।

# गौरीपुर पंचायत में आग से किराना दुकान जलकर राख, दुकानदार दंपति झुलसे

**बड़हरा कोठी /पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ।प्रखंड अंतर्गत गौरीपुर पंचायत के वार्ड संख्या 3 दरगाहा टोला में मंगलवार पूर्वाह्न आग लगने से एक किराना दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना में दुकान में रखा नगद पैसा, सभी सामान, आवश्यक कागजात और मोबाइल फोन भी जल गए।जानकारी के अनुसार, पीड़ित दुकानदार जंगली भगत ने बताया कि गैस पर खाना बनाने के दौरान अचानक आग भड़क उठी, जिससे दुकान में रखे सामानों ने आग पकड़ ली। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में सब कुछ राख में बदल गया। जंगली भगत ने बताया कि मकान निर्माण के लिए उन्होंने कर्ज लेकर करीब दो लाख रुपये घर में रखे थे, जो आग में जलकर खाक हो गए।आग बुझाने के क्रम में दुकानदार जंगली भगत और उनकी पत्नी काजल देवी का हाथ-पैर झुलस गया। दोनों का इलाज स्थानीय स्तर पर चल रहा है। ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। आग लगने की सूचना मिलते ही छात्र नेता त्रिभुवन कुमार मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता व सहयोग का भरोसा दिलाया।ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।

# 11 नवंबर को है मतदान सभी प्रत्याशी लगा रहे हैं अपना दम

■ इस बार मुकाबला होगा त्रिकोणीय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता


मनिहारी विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज के बबलु सोरेन,एनडीए के शंभू सुमन एवं महागठबंधन के मनोहर प्रताप सिंह के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिल रहा हैं। अब यह देखना हैं कि मतदाता किस ओर करवट लेती हैं। वहीं अन्य प्रत्याशी के वाहन भी प्रचार-प्रसार करते दिख रहे हैं।

**मनसाही/कटिहार।** 67 सुरक्षित मनिहारी विधानसभा क्षेत्र में 11 नवंबर 2025 को मतदान होना हैं।इसको लेकर प्रत्याशी डोर टू डोर मतदाताओं से मिलकर आशीर्वाद मांग रहे हैं। इस बार मनिहारी विधानसभा में त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा हैं। जन सुराज से बबलू सोरेन,महागठबंधन से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी मनोहर प्रसाद सिंह,एनडीए गठबंधन से जदयू प्रत्याशी शंभू कुमार सुमन हैं। सभी प्रत्याशी मतदाताओं से मिलकर अपनी और मतदान करने की बात कह रहे हैं। मालूम हो कि 67 सुरक्षित

# डोर-टू-डोर जनसंपर्क से मतदाताओं में विश्वास जगा रहे युवा प्रत्याशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** सुबे के दुसरे चरण मे होने वाले विधानसभा चुनाव का मतदान मे महज 7 दिन बचा है। ऐसे मे सभी विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में जबरदस्त गहमागहमी देखने को मिल रही है। इस बार के चुनाव में युवा प्रत्याशी पूरे दमखम के साथ मैदान में हैं और उन्होंने प्रचार के पारंपरिक तरीकों को छोड़कर डोर-टू-डोर जनसंपर्क को अपनी मुख्य रणनीति बनाया है।

उनका यह सीधा संवाद मतदाताओं में नया विश्वास जगा रहा है। हर क्षेत्र,गली-मोहल्ले और घरों तक युवा उम्मीदवार सीधे पहुंच रहे हैं। ये प्रत्याशी मतदाताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर न केवल अपने विजन और संकल्पों को साझा कर रहे हैं, बल्कि उनकी समस्याओं को भी धैर्यपूर्वक सुन रहे हैं। इस सीधे संवाद का असर यह है कि मतदाता खुद को उपेक्षित महसूस करने के बजाय प्रत्याशी से जुड़ाव महसूस कर रहे हैं।?युवा प्रत्याशी इस अभियान में जी-जान से जुटे हैं। वे क्षेत्र मे जमकर पसीना बहा रहे हैं और बिना थके सुबह से देर रात तक लोगों के दरवाजे पर जा रहे हैं। उनका यह जोश और समर्पण मतदाताओं को प्रभावित कर रहा है। मतदाताओं का कहना है कि यह पहली बार है जब कोई उम्मीदवार इतनी विनम्रता और तत्परता से उनके बीच पहुंचा है। ?प्रत्याशियों का कहना है कि इस प्रकार के जनसंपर्क से उन्हें वास्तविक मुद्दों को समझने और व्यक्तिगत स्तर पर लोगों का विश्वास जीतने का मौका देता है। वे मतदाताओं को यह भरोसा दिला रहे हैं कि जीत के बाद भी यह संपर्क जारी रहेगा और वे उनके लिए उपलब्ध रहेंगे।

# एनडीए प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**हसनगंज /कटिहार।** जैसे जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है। वैसे वैसे चुनावी सभा और जनसंपर्क अभियान तेज हो चुका है। विभिन्न दलों के प्रत्याशी घर घर जाकर मतदाताओं से संपर्क साध रहे हैं। ऐसे में प्रत्याशी जीत के लिए जमकर पसीना बहा रहे हैं।

प्रत्याशी जनता से आशीर्वाद मांगते हुए अपने वादे और इरादों से मतदाताओं को रिझाने में लगे हुए हैं। इस दौरान प्रत्याशी अपनी पार्टी की योजनाओं और विकास कार्यो को जनता के समक्ष रख रहे हैं। जनसंपर्क अभियान के साथ साथ कहीं रैली निकल रही है,तो कहीं लाउडस्पीकर से चुनाव प्रचार हो रहा है। वाहनों में लगे लाउडस्पीकर से दिनभर प्रचार गीतों और नारों की गूंज सुनाई देती है। लगातार चार बार जीत दर्ज कर उप मुख्यमंत्री तक का सेहरा बांध चुके भाजपा के प्रत्याशी तारकिशोर प्रसाद ने मंगलवार को हसनगंज प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि एनडीए प्रत्याशी के रूप में लगातार जनसंपर्क अभियान मै हूं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व मे हम सभी ने बिहार को जंगल राज से निकाले हैं। आज बिहार तरक्की की राह पर है। हमारी डबल इंजन की सरकार केंद्र और राज्य में विकास को लेकर कई योजनाओं को लागू की है। बिहार की जनता ने जंगलराज को भोगा है।मतदाता ने स्पष्ट रूप से कहा है कि महागठबंधन के उम्मीदवार को अपना समर्थन नहीं देंगे।

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के लिए अडानी पावर डील रद्द करना आसान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश की मुहम्मद युनूस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार ने साफ कहा है कि अगर भारत की अडानी कंपनी के साथ हुए साल 2017 के बिजली समझौते में किसी तरह की गड़बड़ी या भ्रष्टाचार का सबूत मिलता है, तो वे इस करार को रद्द करने से पीछे नहीं हटेंगे। हालांकि, राष्ट्रीय समीक्षा समिति के एक सदस्य मुश्ताक हुसैन खान ने एक अहम बात कही है। उन्होंने कहा कि क्योंकि यह एक सॉवरेन कॉन्ट्रैक्ट (दो देशों के बीच समझौता) है, इसलिए इसे मनमाने ढंग से खत्म नहीं किया जा सकता। ऐसे समझौतों को रद्द करने से बांग्लादेश को अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता अदालतों से भारी जुर्माना भरना पड़ सकता है। यह बात एक ऐसी रिपोर्ट के सामने आने के बाद कही गई है, जिसमें ऊर्जा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और शासन में बड़ी विफलता का दावा किया गया है। यह रिपोर्ट एक राष्ट्रीय समीक्षा समिति ने पेश की है, जिसे पिछली शेख हसीना सरकार के दौरान हुए बिजली क्षेत्र के सभी समझौतों की जांच के लिए बनाया गया था। समिति के प्रमुख, सेवानिवृत्त हाई कोर्ट के जज मोइनुल इस्लाम चौधरी ने कहा, हमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, सांठगांठ, धोखाधड़ी और अनियमितताएं मिली हैं। रविवार को इस समिति के साथ बैठक के बाद, बांग्लादेश के बिजली, ऊर्जा और खनिज संसाधनों के सलाहकार मुहम्मद फौजुल कबीर खान ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हालांकि समझौते में दावा किया गया है कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ, लेकिन अगर सबूतों से कुछ और साबित होता है तो समझौता रद्द किया जा सकता है। उन्होंने कहा, अदालतें सिर्फ मौखिक आश्वासन नहीं मानेंगी, इसके लिए ठोस कारण होने चाहिए। 25 साल का यह समझौता अडानी पावर और बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड के बीच हुआ था। इसके तहत बांग्लादेश को झारखंड में अडानी के 1,600 मेगावाट के कोयला बिजलीघर से पैदा होने वली सौ फीसदी बिजली खरीदनी है। शेख हसीना सरकार के बाद आई नई सरकार ने इस समझौते की जांच शुरू की है। इस प्लांट को सिर्फ बांग्लादेश को बिजली देने के लिए ही बनाया गया था और बिजली एक क्रॉस-बॉर्डर ट्रांसमिशन लाइन के जरिए पहुंचाई जाती है।

## 3 गुना सस्ती कॉफी बेचने वाली लक्किन के आगे स्टारबक्स ने घुटने टेके



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रसिद्ध कॉफी कंपनी स्टारबक्स ने अपने चीन के बिजनेस में 60 प्रतिशत हिस्सा (मेजॉरिटी स्टेक) एक प्राइवेट इक्विटी कंपनी बोयू कैपिटल को 4 अरब डॉलर में बेचने का समझौता किया है। स्टारबक्स अब भी 40 प्रतिशत हिस्से की मालिक बनी रहेगी और अपने ब्रांड के इस्तेमाल का अधिकार भी जॉइंट वेंचर को देगी। मामले से वाकिफ लोगों के अनुसार, निजी इक्विटी फर्म बोयू कैपिटल, स्टारबक्स कॉर्पोरेशन के चीनी कारोबार में हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए लगभग 1.4 अरब डॉलर के ऋण के लिए बैंकों से बातचीत कर रही है। ब्लूमबर्ग के मुताबकि निजी मामलों पर चर्चा करते हुए, नाम न बताने की शर्त पर, सूत्रों ने बताया कि बोयू कैपिटल के वित्तपोषण का नेतृत्व संभवत: चीनी बैंक करेंगे। उन्होंने बताया कि यह सौदा युआन-मूल्यवर्गीय ऑनशोर डेब्ट के रूप में हो सकता है।

## 25.5 टन सोने की खरीद, इसलिए बढ़ रहा पीली धातु का महत्व

# देश का गोल्ड रिजर्व पहली बार 100 अरब डॉलर पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत ने आर्थिक सुरक्षा रणनीति में नया अध्याय लिखते हुए स्वर्ण भंडार को पहली बार 100 अरब डॉलर के पार 105.53 अरब डॉलर पर पहुंचा दिया है। आरबीआई के अनुसार, हालिया खरीद के बाद इसका अनुमानित मूल्य 108.5 अरब डॉलर हो गया है। आरबीआई ने हाल में 25.45 टन सोना खरीदा, जिससे कुल भंडार बढ़कर 880.18 टन हो गया। विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा बढ़कर 14.7 फीसदी पहुंच गया है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) के अनुसार, यह उपलब्धि न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की वित्तीय संप्रभुता और दीर्घकालिक स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी स्ट्रैटेजिस्ट पृथ्वी सिंह ने कहा, भारत का यह कदम डॉलर-निर्भर वैश्विक व्यवस्था में आत्मनिर्भर मुद्रा सुरक्षा तंत्र विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। बढ़ते जोखिम के बीच यह एक फाइनेंशियल शील्ड है। डब्ल्यूजीसी के अनुसार, भारत कुछ वर्षों से वैश्विक केंद्रीय बैंकों के बीच अग्रणी स्वर्ण खरीदार रहा है। आरबीआई ने विदेशी मुद्रा भंडार को विविधता देने, डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए सोने पर भरोसा बढ़ाया है। यह रणनीति स्पष्ट संकेत है कि भारत की प्राथमिकता महज अल्पकालिक बाजार उतार-चढ़ाव



से बचाव नहीं, बल्कि दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा और टिकाऊ मौद्रिक ढांचे का निर्माण है। वैश्विक वित्तीय व्यवस्था इस समय संक्रमण के दौर में है। रूस-यूक्रेन युद्ध, चीन-अमेरिका प्रतिस्पर्धा, पश्चिम एशिया संकट और बदलते ऊर्जा-व्यापार समीकरणों ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ाई है। ऐसे में सोना एक सार्वभौमिक सुरक्षित संपत्ति के रूप में फिर केंद्र में आया है। भारत की रणनीति अब पारंपरिक डॉलर-सेंट्रिक रिजर्व मॉडल के बजाय मल्टी एसेट रिजर्व फ्रेमवर्क की ओर बढ़ रही है। आईआईएम बंगलूरू के प्रोफेसर नितिन वर्मा ने बताया, भारत वैश्विक अस्थिरता के दौर में बहु-परत वित्तीय सुरक्षा संरचना बना रहा है। नीति-स्तर पर इसे विदेशी झटकों से बचाव और मजबूत मुद्रा संप्रभुता की दिशा में निर्णायक कदम माना जा रहा है। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक जिगर त्रिवेदी ने कहा, सोने की कीमतें सोमवार को 4,000 डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गईं। इसका कारण ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम होना है। अमेरिका-चीन व्यापार समझौते के बाद सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग भी कम हो गई। चीन ने सोने की बिक्री पर लंबे समय से चले आ रहे कर प्रोत्साहन को हटा दिया है। इससे उपभोक्ता कीमतें बढ़ सकती हैं और दुनिया के सबसे बड़े सर्राफा बाजारों में से एक में मांग कमजोर हो सकती है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, व्यापारियों का ध्यान अब इस सप्ताह के अमेरिकी वृहद आर्थिक घटनाक्रमों पर रहेगा। इसमें आईएसएम पीएमआई आंकड़े और एडीपी निजी पेरोल आंकड़े शामिल हैं। जारी होने वाले आंकड़े मौद्रिक नीति के बारे में अधिक संकेत प्रदान करेंगे।

## सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग घटी; कीमतें 300 रुपये नरम

डॉलर के मजबूत होने और वैश्विक अनिश्चितताओं में कमी आने के बाद सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग घटी है, इसका असर उसकी कीमतों पर भी दिखा है। दिल्ली में सोमवार को सोने की कीमत 300 रुपये की गिरावट के साथ 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये की गिरावट के साथ 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। शुक्रवार को यह 1,25,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 1,25,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, चांदी की कीमत 1,000 रुपये की तेजी के साथ 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। शुक्रवार को चांदी की कीमत 1,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। डॉलर सूचकांक जो छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की ताकत को मापता है, 0.09 प्रतिशत बढ़कर 99.89 पर पहुंच गया। इससे सर्राफा कीमतों पर दबाव पड़ा। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना हाजिर 0.14 प्रतिशत गिरकर 4,000 डॉलर से नीचे 3,996.77 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। वहीं, चांदी हाजिर मामूली गिरावट के साथ 48.64 डॉलर प्रति औंस पर रही।

## भारत में कॉरपोरेट समझौते छह तिमाहियों के सबसे उच्च स्तर पर

# 999 सौदों में 44.3 अरब डॉलर के लेनदेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश के कॉरपोरेट डील मार्केट ने 2025 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है। पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि में कुल 999 सौदे हुए, जिनका कुल मूल्य 44.3 अरब डॉलर रहा। रिपोर्ट में बताया गया है कि यह पिछले छह तिमाहियों में सबसे ऊंचा स्तर है। तिमाही आधार पर सौदों की मात्रा में 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी और डील वैल्यू में 64 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई है।

कॉरपोरेट डील मार्केट में आमतौर पर विलय और अधिग्रहण जैसी गतिविधियां शामिल होती हैं, जहां कंपनियां अन्य कंपनियों का अधिग्रहण या विलय करती हैं। दूसरा प्रकार निजी इक्विटी (पीई) निवेश है, जहां निवेश फर्म या फंड कंपनियों में पैसा लगाते हैं, या तो हिस्सेदारी खरीदार या उनके विकास के लिए धन मुहैया कराकर। रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरी तिमाही में मामूली गिरावट के बाद विलय और अधिग्रहण गतिविधियों ने बाजार की रफ्तार फिर से तेज की है। एमएंडए में तीसरे में 518 सौदे हुए



रिपोर्ट के अनुसार, तीसरी तिमाही में 518 एमएंडए सौदे हुए, जिनकी कुल कीमत 28 अरब डॉलर रही। यह वॉल्यूम में 26 प्रतिशत और वैल्यू में 80 प्रतिशत की तिमाही-दर-तिमाही वृद्धि को दर्शाता है। औसतन प्रति सौदे का आकार भी 59 मिलियन डॉलर से बढ़कर 74 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया। यह दर्शाता है कि कंपनियां अब बड़े और रणनीतिक सौदों को प्राथमिकता दे रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि घरेलू एमएंडए इस वृद्धि का मुख्य आधार रहा। इसमें 381 सौदे शामिल थे, जो पिछली तिमाही की तुलना में 30 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं क्रॉस-बॉर्डर ट्रांजैक्शन में भी सुधार दर्ज किया गया। इनबाउंड डील्स बढ़कर 55 और आउटबाउंड डील्स (भारतीय कंपनियों के विदेशी निवेश) बढ़कर 82 पर पहुंच गईं, जो पिछले छह तिमाहियों में सबसे ऊंचा स्तर है। पीडब्ल्यूसी के अनुसार पिछले छह तिमाहियों में, भारत के कुल सौदों की संख्या में 61 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि कुल सौदों का मूल्य लगभग दोगुना हो गया है। यह देश के अधिक परिपक्व और मूल्य-संचालित निवेश परिवेश की ओर संक्रमण को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में विलय-अधिग्रहण और प्राइवेट इक्विटी निवेशक अब तेजी से रणनीतिक, बड़े पैमाने पर और वैश्विक स्तर पर प्रभाव डालने वाले अवसरों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। तीसरी तिमाही में बढ़ती गतिविधि और डील साइज में वृद्धि ने यह साफ कर दिया है कि भारत अब दुनिया के सबसे गतिशील और सक्रिय डील मार्केट्स में से एक के रूप में उभर रहा है।

## सुजलॉन एनर्जी को दूसरी तिमाही में 500 प्रतिशत से ज्यादा मुनाफा

### 30 साल का तोड़ दिया रेकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी सुजलॉन एनर्जी ने कमाल कर दिया है। इस कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 (एफवाई26) की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में शानदार प्रदर्शन किया है। दूसरी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 538 प्रतिशत बढ़कर 1,279 करोड़ रुपये हो गया है। यह पिछले 30 सालों में उनका सबसे बड़ा तिमाही मुनाफा है। इसके बाद कंपनी के शेयर ने ऊंची छलांग मार दी। कंपनी की कमाई भी 85 प्रतिशत बढ़कर 3,866 करोड़ रुपये हो गई है। यह सब विंड टरबाइन जनरेटर सेगमेंट में अच्छी बिक्री और ज्यादा सामान डिलीवर करने की वजह से हुआ है। कंपनी का ईबीआईटीडीए 145 प्रतिशत बढ़कर 721 करोड़ रुपये हो गया और प्रॉफिट बिफोर टैक्स 179 प्रतिशत बढ़कर 562 करोड़ रुपये हो गया। मुनाफे में इतनी बड़ी बढ़ोतरी की एक खास वजह यह भी है कि कंपनी ने 717 करोड़ रुपये के डेफर टैक्स एसेट्स को इस तिमाही में शामिल किया है। कंपनी ने भारत में दूसरी तिमाही में 565 एमडब्ल्यू की सबसे ज्यादा डिलीवरी की है। उनका कुल ऑर्डरबुक 6 जीडब्ल्यू से ज्यादा हो गया है। स्न्ब्ब26 के पहले छह महीनों में ही 2 जीडब्ल्यू से ज्यादा के नए ऑर्डर मिले हैं, जिससे कुल ऑर्डर 6.2 जीडब्ल्यूतक पहुंच गया है। 30 सितंबर 2025 तक कंपनी के पास 1,480 करोड़ रुपये का नेट कैश था।

# 23 साल में भारत के शीर्ष एक फीसदी अमीरों की संपत्ति 62 प्रतिशत बढ़ी

● वैश्विक असमानता आपात स्तर पर पहुंची ● चीन और भारत में प्रति व्यक्ति आय में हुई वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति 2000 से 2023 के बीच 62 प्रतिशत तक बढ़ गई है। जी20 की दक्षिण अफ्रीकी अध्यक्षता के तहत तैयार की गई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। नोबेल पुरस्कार विजेता जोसेफ स्टिग्लिट्ज के नेतृत्व में तैयार इस अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि वैश्विक असमानता अब आपातकालीन स्तर पर पहुंच गई है। यह लोकतंत्र, आर्थिक स्थिरता और जलवायु कार्रवाई के लिए गंभीर खतरा बन सकती है।

वैश्विक असमानता पर स्वतंत्र विशेषज्ञों की जी-20 असाधारण समिति, जिसमें अर्थशास्त्री जयति घोष, विनी बयानीमा और इमरान वालोदिया शामिल हैं। उन्होंने पाया कि 2000 और 2024 के बीच वैश्विक स्तर पर शीर्ष एक प्रतिशत लोगों ने नई संपत्ति का 41



प्रतिशत हिस्सा हासिल किया, जबकि मानवता के निचले आधे हिस्से को केवल 1 प्रतिशत प्राप्त हुआ।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मोटे तौर पर मापी गई अंतर-देशीय असमानता में कमी आई है, क्योंकि चीन और भारत जैसे कुछ अधिक जनसंख्या वाले देशों में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। इससे वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में उच्च आय वाले देशों की हिस्सेदारी कुछ हद तक कम हुई है।

### सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों ने देशों की संपत्ति बढ़ाई

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2000 से 2023 के बीच, सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों ने सभी देशों के आधे से अधिक देशों में अपनी संपत्ति का हिस्सा बढ़ाया है। यह वैश्विक संपत्ति का 74 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में शीर्ष 1 प्रतिशत लोगों ने इस अवधि (2000-2023) में अपनी संपत्ति में 62 प्रतिशत की वृद्धि की है। वहीं चीन में यह आंकड़ा 54 प्रतिशत है।

### राजनीतिक इच्छाशक्ति से बदला जा सकता है

इसमें कहा गया है कि अत्यधिक असमानता एक विकल्प है। दुनिया में बढ़ती अमीरी-गरीबी की खाई इंसानों के फैसलों का नतीजा है, इसे राजनीतिक इच्छाशक्ति से बदला जा सकता है। वैश्विक समन्वय से इसे काफी हद तक सुगम बनाया जा सकता है और इस संबंध में जी-20 की महत्वपूर्ण भूमिका है। मार्गदर्शन के लिए जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की तर्ज पर एक अंतर्राष्ट्रीय असमानता पैनल (आईपीआई) के गठन का प्रस्ताव किया गया है। दक्षिण अफ्रीकी जी-20 प्रेसीडेंसी के तहत शुरू किया जाने वाला यह निकाय सरकारों को असमानता और उसके कारणों पर आधिकारिक और सुलभ आंकड़े उपलब्ध कराएगा।

# बेरोजगारी दर बढ़कर छह महीने के शीर्ष पर, कृषि क्षेत्र में मिले 1.1 करोड़ रोजगार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
ग्रामीण इलाकों में रोजगार घटने के कारण देश में बेरोजगारी दर अक्तूबर, 2025 में बढ़कर छह महीने के उच्च स्तर 7.5 फीसदी पर पहुंच गई। यह हाल के महीनों में देखी गई बेरोजगारी दर से काफी ज्यादा है। इससे पहले अप्रैल, 2025 में बेरोजगारी दर सबसे ज्यादा 7.7 फीसदी रही थी। सितंबर में यह 6.4 फीसदी और अगस्त में 6.3 फीसदी रही थी। बेरोजगारी दर बढ़ने के बावजूद कृषि क्षेत्र में 1.10 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी (सीएमआईई) की रिपोर्ट के मुताबिक, अक्तूबर में खरीफ फसलों की कटाई चरम पर थी और रबी की बुवाई भी शुरू हो गई। इससे कृषि रोजगार सितंबर के 12.5 करोड़ से 13.6 करोड़ पहुंच गया। अजीब बात यह है कि कृषि रोजगार में तेज वृद्धि के बावजूद ग्रामीण भारत में बेरोजगारी दर बढ़कर 7.6 फीसदी पहुंच गई। हालांकि, शहरी बेरोजगारी घटकर 7.4 फीसदी रह गई।

कृषि क्षेत्र की ओर पलायन की वजह से निर्माण, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में रोजगार की संख्या में पिछले महीने गिरावट दर्ज की गई। निर्माण उद्योग में रोजगार में 90 लाख से ज्यादा कमी देखने को मिली। विनिर्माण और सेवा उद्योगों में करीब 38 लाख लोगों का काम छिन गया। दिहाड़ी मजदूरों और



छोटे व्यापारियों के रूप में वर्गीकृत 90 श्रमिकों को अक्तूबर में रोजगार नहीं मिला। हालांकि, इनमें से अधिकांश को खेतों में काम मिला और उन्हें किसान या खेतिहर मजदूर के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया गया। व्यवसायी (छोटे स्व-नियोजित उद्यमी) के रूप में कार्यरत लोगों की संख्या में 55 लाख की कमी आई। काम नहीं मिलने की वजह से इनमें से कई लोगों ने कृषि क्षेत्र की ओर पलायन कर लिया। अक्तूबर में सालाना आधार पर 9 फीसदी की गिरावट रही। दशहरा और दिवाली जैसे त्योहारों के कारण नियुक्ति गतिविधियों में अस्थायी रूप से कमी के कारण यह गिरावट आई है। भर्ती गतिविधियों के लिहाज से आईटी क्षेत्र में 15 फीसदी और बैंकिंग में 24 फीसदी की कमी दर्ज की गई। इससे पता चलता है कि आईटी यूनिकॉर्न के भीतर भी नियुक्ति गतिविधियां स्थिर रहीं।

# एक पैसा लगाए बिना खड़ी कर दी 12 करोड़ के टर्नओवर वाली कंपनी...कभी घर-घर पहुंचाते थे सिलेंडर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
बेंगलुरु के रहने वाले भरत बायलप्पा की कहानी लगातार असफलता के बीच अटूट दृढ़ संकल्प की मिसाल है। डेयरी मजदूर के बेटे भरत ने भले ही कॉलेज की परीक्षा पास करने में संघर्ष किया हो। लेकिन, उन्होंने बड़े सपने देखना कभी नहीं छोड़ा। घर-घर एलपीजी सिलेंडर पहुंचाने से लेकर मार्बल उत्पाद, इंटीरियर डिजाइन और शर्ट निर्माण तक उनके एक के बाद एक कई व्यावसायिक उद्यम विफल रहे। यहां तक कि उन्हें एक सफल आईटी एजुकेशन वेंचर से भी बाहर निकाल दिया गया। हर बार उन्होंने इसे नियति माना, लेकिन हार नहीं मानी। 2007 में उन्होंने किराए के कंप्यूटर और शून्य पूंजी के साथ अपने बेंगलुरु स्थित घर से फिर से शुरुआत की। आज वही छोटी शुरुआत सेट्यूव स्टाफिंग सॉल्यूशंस और ट्रैनवे21 टेक्नोलॉजीज जैसे एक इंटरनेशनल रिक्रूटमेंट और तकनीकी समूह में बदल चुकी है। इसका




टर्नओवर 12 करोड़ रुपये है। आइए, यहां भरत बायलप्पा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### यहां भी दिखाया गया बाहर का रास्ता

असफलताओं से निराश न होते हुए भरत ने एक एजुटेक फ्रैंचाइजी में 50,000 रुपये का निवेश किया। बाकी पूंजी दोस्तों और कर्ज से जुटाई। वह इस व्यवसाय में पूरी तरह डूब गए। सुबह 4 बजे से रात 11 बजे तक काम करके उन्होंने केंद्र को सफल बनाया। पूरे परिचालन को ऑटो-मोड पर डाल दिया। हालांकि, उन्हें सह-संस्थापक के रूप में अपने शेयरों के कारण और वेतन न देने के इरादे से अपमानित करके बाहर निकाल दिया गया। भरत को लगा कि उनका उद्यमिता का सफर समाप्त हो गया है।

## बार-बार मिली असफलता

भरत बायलप्पा का बचपन बेंगलुरु के एक निम्न-मध्यम वर्गीय परिवार में बीता। अकादमिक रूप से कमजोर होने के कारण वह कृषि विज्ञान में बीएससी करने का सपना पूरा नहीं कर सके। 1996 में कॉलेज से अनुपस्थिति के कारण अंतिम परीक्षा में बैठने से वंचित रह गए। उन्होंने 17 साल की उम्र में ही उद्यमिता की राह पकड़ी। मोहन सिंह ओबेरॉय पर एक किताब से प्रेरित होकर उन्होंने एलपीजी सिलेंडर वितरण का सब-वेंडर कॉन्ट्रैक्ट लिया, जिसने उन्हें पहली बार सफलता का स्वाद चखाया। इस दौरान वह खुद भी घर-घर सिलेंडर पहुंचाते थे। हालांकि, यह सफलता अल्पकालिक थी। इसके बाद उन्होंने 10,000 रुपये के निवेश से मार्बल सिंक बनाने वाली विनायका इंडस्ट्रीज, फिर केबी डिजाइन्स (इंटीरियर डिजाइन) और एक शर्ट-निर्माण इकाई की शुरुआत की। लेकिन, नकदी की कमी, भुगतान में देरी और पूंजी के अभाव के कारण एक-एक करके सभी उद्यम बंद हो गए।

# झारखंड स्थापना दिवस वर्षगांठ को ले उपायुक्त ने की बैठक

## कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां ससमय पूर्ण करने एवं सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** 15 नवंबर 2025 को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला स्तर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों के आलोक में 11 नवंबर से 15 नवंबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यक तैयारियां शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और झारखंड स्थापना दिवस के 25वर्ष पूर्ण होने का यह विशेष अवसर राज्य और जिले के गौरव का प्रतीक है। अतः इस अवसर पर आयोजित सभी कार्यक्रमों का आयोजन व्यवस्थित, आकर्षक एवं सफलतापूर्वक हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागीय



पदाधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सक्रियता एवं जिम्मेदारी के साथ करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए बताया कि 11 नवंबर से हीं कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। इस दौरान ह्वरन फॉर झारखंडह्व, प्रचार वाहन के माध्यम से कार्यक्रमों की जानकारी एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति, विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिताएं, निबंध लेखन, चित्रांकन, क्विज प्रतियोगिताएं, पर्यटन स्थलों तक साइकिल रैली जैसे विविध कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित किए जाएंगे। साथ हीं इस वर्ष 15 नवंबर को उलिहातु, खूंटी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को राजकीय बिरसा महोत्सव के रूप में भव्य तरीके से मनाया जाएगा।

उपायुक्त ने संबंधित विभागों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि सभी कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारी सुनिश्चित की जाए। इस बैठक में मुख्य रूप से परियोजना निदेशक, आईटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीसीएलआर, जिला योजना पदाधिकारी, डीपीआरओ, जिला खेल एवं पर्यटन पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, नजारत उप समाहर्ता समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सरकारी आवास में प्रेमिका के साथ पकड़े गये सीओ

## पत्नी ने बाहर से कर दी तालाबंदी, हंगामा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गढ़वा।** मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत अंचल अधिकारी के सरकारी आवास पर उस वक्त हंगामा मच गया, जब सीओ प्रमोद कुमार को उनकी पत्नी डा. श्यामा रानी ने उन्हें घर के अंदर ही कैद कर बाहर से ताला बंद कर दिया। बताया जा रहा है कि तब सीओ प्रमोद कुमार अपने सरकारी आवास में अपनी कथित प्रेमिका के साथ मौजूद थे। यह घटना शनिवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे की बताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार की पत्नी श्यामा रानी बिहार के गयाजी के पूर्व सांसद रामजी मांझी की बेटी हैं। उन्हें अपने पति के बारे में कुछ सूचना मिली थी। उसी के आधार पर वह अपने पिता एवं मायके वालों के साथ अलसुबह करीब साढ़े चार बजे मझिआंव स्थित सीओ के सरकारी आवास पर पहुंची थी। उसने आवाज देकर दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। लेकिन सीओ ने दरवाजा नहीं खोला। तब उन्होंने सीओ आवास के सभी दरवाजों में बाहर से ताला बंद कर दिया।

इसके बाद सीओ प्रमोद कुमार खिड़की के पास आए और ग्रिल के अंदर से ही पत्नी के साथ उनकी जबरदस्त नोकझोंक होने लगी। तब तक वहां शोरगुल सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए।

इसकी जानकारी के बाद वहां पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए। लोगों ने दरवाजा खुलवाकर सीओ को बाहर निकालने का प्रयास किया। लेकिन उनकी पत्नी के सामने किसी की नहीं चली। आखिरकार सीओ प्रमोद कुमार ने छत होकर किसी प्रकार से बाहर निकले।

इसके बाद पुलिस ने दरवाजा खुलवा कर अंदर पहुंची तो वहां सीओ की कथित प्रेमिका लातेहार जिले की चंदवा निवासी मुस्कान शर्मा आवास के अंदर मिली, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इधर, सीओ की पत्नी श्यामा रानी ने बताया कि उन्हें काफी समय से अपने पति पर शक था, लेकिन आज सब कुछ सामने आ गया। उन्होंने कहा कि हम कानून का सहारा लेंगे, अब मामला परिवार तक सीमित नहीं रहा। जबकि पूर्व सांसद रामजी मांझी ने कहा कि उनकी बेटी के साथ अन्याय हुआ है और उन्हें न्याय चाहिए। अब हम लोग कानूनी कार्रवाई करेंगे।

## स्थापना दिवस को लेकर

# 14 नवम्बर तक स्कूलों में रहेगी धूम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के सरकारी एवं सहायता प्राप्त स्कूलों में 11 से 14 नवंबर तक कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने इसे लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला शिक्षा अधीक्षकों को जारी कर दिए हैं। बकायदा आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों की रुपरेखा तय कर दी गई है। इसके तहत स्कूलों में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी जिसमें झारखंड के इतिहास/गौरव गाथा/ महापुरुषों/ आंदोलनकारियों पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान सभी बच्चे झारखंड के विकास के लिए शपथ लेंगे।

प्रार्थना सभा सुबह नौ से साढ़े नौ बजे तक होगी। कक्षा छह से आठ तथा नौ से 12 के समूह में उक्त विषयों पर क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। स्कूलों में झारखंड की संस्कृति विषय पर निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। 13 नवंबर को झारखंड राज्य के निर्माण में महान विभूतियों का योगदान पर स्कूलों में सेमिनार भी होंगे।

इसमें स्थानीय इतिहासकार, लेखक, सामाजिक विचारक को आमंत्रित कर उनका उद्बोधन किया जाएगा। राज्य के सभी स्कूलों द्वारा अपने-अपने पोषक क्षेत्र में प्रातः कालीन प्रभात फेरी का आयोजन 14 नवंबर को किया जाएगा इसी तरह, कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 15 नवंबर को जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

# 5 नवम्बर तक जिला कांग्रेस कमेटियों का होगा पुनर्गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूरे राज्य में कांग्रेस को मजबूत करने के उद्देश्य से संगठन सृजन कार्यक्रम को गति प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके तहत अब हर महीने की पांच तारीख को जिला कांग्रेस की बैठक होगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इसको लेकर दिए गए निर्देश में यह भी जोड़ा है कि प्रदेश कांग्रेस की मासिक बैठक हर महीने की दो तारीख को होगी। जिला कमेटियों के पुनर्गठन 25 नवम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा। नगर निकाय कमेटी के अध्यक्षों की घोषणा 10 और कमेटियों का गठन 30 नवंबर तक पालीटिकल अफेयर्स कमेटी का गठन 20 नवम्बर तक किया जाएगा। इसके अलावा नगर निकाय कमेटी के अध्यक्षों की घोषणा 10 नवम्बर तक, तथा नगर निकाय कमेटियों का गठन 30 नवम्बर तक पूरा किया जाएगा।

प्रखंड स्तर के सभी बूथ-लेवल एजेंटों की अधिसूचना 5 दिसम्बर तक जारी की जाएगी। ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटियों का गठन 20 दिसम्बर तक संपन्न कर लिया जाएगा। तमाम निर्णय के बारे में सोमवार को नवनियुक्त जिला अध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक में जानकारी दी गई। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह-प्रभारी सिरीबेला प्रसाद तथा कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, डा. प्रदीप कुमार बलमूचू, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

सह प्रभारी सिरीबेला प्रसाद ने बैठक के दौरान कहा कि संगठन सृजन के माध्यम से पार्टी का ढांचा गांव-गांव तक मजबूत हो रहा है। हमें इसे और व्यापक बनाना है तथा सभी कांग्रेसजनों की सक्रिय भागीदारी से इस अभियान को सफल करना है। यह कार्यक्रम आने वाले दिनों में कांग्रेस को जमीनी स्तर पर दूरगामी लाभ देगा। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि नवनियुक्त जिला अध्यक्षों की जिम्मेदारी है कि वे सभी कार्यकताओं को साथ लेकर एक मजबूत और एकजुट संगठन का निर्माण करें। जिन नेताओं ने जिला अध्यक्ष पद की चयन प्रक्रिया में भागीदारी की थी, उन्हें और उनके समर्थकों को भी संगठन में समुचित स्थान देना चाहिए। तभी संगठन सृजन का वास्तविक उद्देश्य पूरा होगा। प्रवक्ता शांतनु मिश्रा नेपूरे मामले की जानकारी दी है।

बैठक में जिलाध्यक्ष- सोमनाथ मुंडा, डा. कुमार राजा, सुखैर भगत, राजनील तिग्गा, भूषण बाड़ा, जेपी पटेल, सतीश केडिया, चंद्रदेव गोप, संतोष कुमार सिंह, बिमला कुमारी, प्रकाश रजक, परविंदर सिंह, राज बागची, रंजन बोयपाई, स्टीफन मरांडी, बरकातुल्ला खान, याहा सिद्दकी, श्रीकुमार सरकार, मुकुंद दास, कामेश्वर यादव, जवाहर लाल महथा, रवि मिश्रा, जिला पर्यवेक्षक- केएन त्रिपाठी, भीम कुमार, अशोक चौधरी, ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, सत्यनारायण सिंह, बलजीत सिंह बेदी, जेपी पटेल, श्यामल किशोर सिंह, योगेन्द्र साव, सुलतान अहमद, राजेश गुप्ता, राजीव रंजन प्रसाद, अजय दूबे, बन्ना गुप्ता, रमा खलखो, रामाश्रय एलबी सिंह, सूर्यकांत शुक्ला, अमूल्य नीरज खलखो अभिलाष साहु, राजन वर्मा, आदि शामिल थे।

# ऊर्जा आत्मनिर्भरता की मिसाल बनेगा सरायढेला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** संताल के पाकुड़ जिले का सरायढेला गांव अब ऊर्जा आत्मनिर्भरता की मिसाल बनने जा रहा है। केंद्र सरकार की गोबर्धन योजना के तहत यहां संताल का सबसे बड़ा बायोगैस प्लांट तैयार किया गया है। यह योजना ग्रामीणों के लिए सस्ती रसोई गैस, आय का नया स्रोत और स्वच्छ वातावरण देने वाली साबित होगी।

लगभग 46 लाख रुपये की लागत से बन रहे इस प्लांट में 80 क्यूबिक मीटर क्षमता वाला गैस टैंक तैयार किया गया है। इसके माध्यम से गांव के 80 घरों के रसोईघर में पाइपलाइन के जरिये गोबर गैस से बनी रसोई गैस पहुंचाई जाएगी। ग्रामीणों को इसके लिए केवल 100 रुपये प्रति माह शुल्क देना होगा।

इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि ग्रामीण अपने पशुओं का गोबर प्लांट को देंगे, जिसका उचित मूल्य उन्हें नकद रूप में मिलेगा। इससे न केवल स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार होगा, बल्कि ग्रामीणों को अतिरिक्त आमदनी भी होगी।

बायोगैस प्लांट से निकलने वाले अवशेष (स्लरी) का उपयोग जैविक खाद के रूप में किया जाएगा, जिससे खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी और पशुपालन को भी बढ़ावा मिलेगा।

रांची की कंपनी क्लासिक इंडिया के द्वारा बायो गैस प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। प्लांट शुरू होने के बाद तीन साल तक कंपनी प्लांट का मेंटिनेंस करेगी। तीन साल के बाद मेंटिनेंस का काम लाभुक समिति के जिम्मे होगा। सरायढेला में पहले ही लाभुक समिति का गठन कर लिया गया है।

लाभुक समिति प्लांट का मेंटिनेंस लाभुक से प्रतिमाह लिए जाने वाले 100 रुपये की राशि से करेगी। सरायढेला के प्रत्येक परिवार को सुबह - शाम दिन में दो बार पाइप लाइन में रसोई गैस बायो गैस की आपूर्ति की जाएगी। गांव के लोगों में इस योजना को लेकर काफी उत्साह है।

# तत्काल टिकट बुकिंग के नियम में हुआ बदलाव

**हाजीपुर।** हाजीपुर पूर्व मध्य रेलवे ने पूरे मंडल समेत धनबाद रेल मंडल अंतर्गत पड़ने वाले सभी स्टेशनों पर तत्काल टिकट आरक्षण को लेकर कई सख्त आदेश जारी किए गए हैं।

रेल महकमा को धनबाद रेल मंडल अंतर्गत कई स्टेशनों पर आरक्षण व तत्काल टिकट बुकिंग को लेकर टिकट कालाबाजारी से जुड़े लोगों के द्वारा कई तरह के तरीके आजमा कर लोगों को ऊंची कीमत पर टिकट बेचने का कार्य किए जाने की सूचना मिल रही थी। इसी के तहत यह सख्ती बरती गई है।

इसे लेकर पूर्व मध्य रेलवे के सीनियर कमर्शियल मैनेजर सुनील कुमार व धनबाद मंडल के सीनियर कमर्शियल मैनेजर राजीव कुमार ने धनबाद रेल मंडल में पड़ने वाले सभी रेलवे बुकिंग काउंटर के प्रबंधक को निर्देश देते हुए कहा गया है कि तत्काल या आरक्षित टिकट का फार्म वैसे ही व्यक्ति को देना है जो स्वयं के लिए टिकट बना रहा हो या अपने परिवार का किसी सदस्य के लिए।

# तस्लीमुद्दीन के दोनों बेटों में खींचतान ?

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** 1959 में जोकीहाट के सिसौना पंचायत से सरपंच पद का चुनाव जीतकर राजनीतिक सफर तय करते हुए एचडी देवगौड़ा के सरकार में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के पद तक पहुंचे तस्लीमुद्दीन के राजनीतिक विरासत के असली वारिस को लेकर उनके दो बेटे एक बार फिर आमने-सामने हैं। हालांकि, इससे पहले भी 2020 के विधानसभा चुनाव में दोनों भाई आमने- सामने थे और छोटे भाई शाहनवाज आलम ने त्रिकोणीय मुकाबले में बड़े भाई सरफराज आलम को पराजित किया था। 2020 के विधानसभा चुनाव में सीटिंग एमएलए होने के बावजूद राजद ने शाहनवाज आलम का टिकट काट दिया था और सरफराज आलम पर भरोसा कर उन्हें टिकट दिया था।

लेकिन शाहनवाज आलम ने एआईएमआईएम के टिकट से चुनाव लड़कर तीन कोणीय मुकाबले में राजद प्रत्याशी सरफराज आलम को परास्त किया। शाहनवाज आलम को एआईएमआईएम कैंडिडेट के रूप में 59,596 और राजद के सरफराज आलम को 52,213 मत प्राप्त हुए थे। वहीं भाजपा के रंजीत यादव 49,933 वोट ला पाए थे। लेकिन जब शाहनवाज आलम ने एआईएमआईएम के पांच विधायकों को तोड़कर राजद में शामिल हुए तो राजद में उनका कद बढ़ गया और बड़े भाई सरफराज आलम पिछड़ते चले गए। 2024 के लोकसभा चुनाव में राजद ने शाहनवाज आलम पर भरोसा जताया और उन्हें उम्मीदवार बनाया। हालांकि, लोकसभा चुनाव में शाहनवाज की हार हुई।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रदीप कुमार सिंह 6,00,146 और राजद के टिकट पर शाहनवाज आलम को 5,80,052 मत प्राप्त हुआ था। चर्चा की अनुसार, सरफराज आलम ने राजद से लोकसभा चुनाव का टिकट न मिलने पर शाहनवाज आलम की जमकर मुखालफत की थी। जिसके कारण शाहनवाज आलम 20,094 मतों से लोकसभा चुनाव हार गए थे। बावजूद इसके जब 2025 का विधानसभा चुनाव की बारी आई तो राजद ने सरफराज के बदले शाहनवाज पर ही भरोसा जताया और एक बार फिर जोकीहाट से टिकट देकर उन्हें प्रत्याशी बनाया। जिसके बाद सरफराज ने भी राजद से अपना नाता तोड़ा और जन सुराज के टिकट से भाई के खिलाफ मैदान में ताल ठोक दी है।

# प्रेमिका की काटकर हत्या

**गुमला।** जिले के रायडीह थाना क्षेत्र के पुराना रायडीह गांव में मंगलवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां 19 वर्षीय युवक सुमन यादव ने अपनी नाबालिग प्रेमिका अंशिका तिर्की की टांगी से काटकर निर्मम हत्या कर दी। घटना सुबह करीब सात बजे की बताई जा रही है। मृतका शांति नगर, धरमजयगढ़ (छत्तीसगढ़) की रहने वाली थी और करीब पांच माह की गर्भवती थी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार दोनों पिछले एक सप्ताह से सुमन के घर में ही रह रहे थे। बताया गया कि घटना के समय युवक घर में ही मौजूद था और वारदात को अंजाम देने के बाद भागने की कोशिश भी नहीं की। सूचना पर रायडीह थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को वहीं से हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। गांव में अचानक हुई इस सनसनीखेज हत्या से लोग स्तब्ध हैं। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने गुस्से में आकर प्रेमिका की हत्या कर दी। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसे आत्मग्लानि हो रही थी।

# विकास से अब भी कोसों दूर है पोटका की रसूनचोपा पंचायत

## गांव तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पोटका(पूर्वी सिंहभूम)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड अंतर्गत रसूनचोपा पंचायत के सानबासा गांव जहां 48 परिवारों में 375 लोग निवास करते हैं। मगर आजादी के आज 78 साल बाद भी इन ग्रामीणों तक मूलभूत सुविधाएं नहीं पहुंच पाई, इन सुविधाओं की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा कई बार पदाधिकारी का दरवाजा खटखटाया गया। मगर इसके बाद भी इस गांव की दिशा और दशा को बदलने में किसी तरह का पहल प्रशासन की ओर से नहीं किया गया। अंततः ग्रामीणों ने रैली निकालकर गांव में जोरदार प्रदर्शन कर मूलभूत सुविधाओं की मांग की।

इस दौरान सहीया रानी सिंह सरदार, ग्राम प्रधान ददन सरदार,बहामनी सरदार,सुशीला सरदार,लासा मुर्मू एवं कांग्रेस के जिला सचिव जयराम हांसदा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तालाब बने सड़क के समक्ष जोरदार प्रदर्शन करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल की मांग की ग्रामीणों का कहना है कि गांव में एकमात्र चापाकल है। जिसके भरोसे पूरा गांव पानी पीता है।

चापाकल खराब होने पर कुआं का सहारा लेना पड़ता है वहीं गांव तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती है जिसके कारण मरीजों एवं गर्भवती माताओं को खटिया के सहारे मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है वहीं ग्रामीणों ने कहा कि लगातार मांग पत्र सौंपते-सौंपते आज थक चुके हैं और गांव के दो किमी जर्जर सड़क, जल मीनार की मरम्मती आदि की मांग को लेकर हम लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। गांव से 2 किलोमीटर दूर आंगनबाड़ी केंद्र पालीडीह में स्थित है जिसके कारण बच्चे इतना दूर जाकर शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं। गांव की सहिया रानी सिंह सरदार,बहामनी सरदार,सुशीला सरदार ने कहा कि गांव के गर्भवती, धात्री माताओ एवं बच्चों को पूरक पोषाहार नियमित रूप से प्रतिमा नहीं दिया जाता है।

साथ ही दो,चार या पांच माह बाद चार पैकेट की जगह दो पैकेट ही दिया जाता है। कई बार शिकायत की गई इसके बावजूद सुनने वाला कोई नहीं है। गांव में सुपरवाइजर कभी आते ही नहीं है लोग आज तक सुपरवाइजर को देखा तक नहीं है। महिलाओं का कहना है की प्रतिमाह दूसरे केंद्रों में पूरक पोषाहार दिया जाता है मगर हम सबको नहीं मिलता।

# निजी अस्पतालों पर रिम्स कसने जा रहा शिकंजा

- रेफर करने के पूर्व देनी होगी सवालों के जबाव
- रिम्स में बढ़ रही रेफर मरीजों की संख्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** राजधानी के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स (राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान) में अब निजी अस्पतालों से आने वाले रेफर मरीजों की भर्ती मनमाने तरीके से नहीं हो सकेगी। रिम्स प्रबंधन ने अब ऐसे मामलों पर सख्त रुख अपनाने की तैयारी शुरू कर दी है।

निदेशक डॉ. राजकुमार ने कहा है कि वे एक नई नीति लागू करने जा रहे हैं जिसके तहत निजी अस्पतालों को मरीज रेफर करने से पहले तीन अहम सवालों का जवाब लिखित रूप में देना होगा। इस व्यवस्था के बाद अब निजी अस्पतालों द्वारा मरने की स्थिति में मरीज को रिम्स भेज देने की प्रवृत्ति पर लगाम लगने की उम्मीद है।

उन्होंने बताया कि अभी रिम्स में ऐसे-ऐसे रेफर केस आ रहे हैं जो बुरी स्थिति रिम्स भेजी जा रही है, इससे बेवजह भीड़ भी बढ़ रही है और मरीजों की मृत्यु से भी इलाज पर सवाल उठ रहा है। इस समस्या को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से बात हो चुकी है।

नए प्रस्तावित नियमों के अनुसार, जो भी निजी अस्पताल रिम्स को मरीज रेफर करेगा, उसे तीन मुख्य बिंदुओं पर लिखित जवाब देना अनिवार्य होगा। पहला, मरीज किस स्थिति में आया था और उसके इलाज में क्या-क्या चिकित्सीय कदम उठाए गए।

दूसरा, वर्तमान में मरीज की हालत क्या है और आखिर उसे रेफर करने की जरूरत क्यों पड़ी। तीसरा, मरीज की सर्जरी या गंभीर स्थिति के दौरान क्या उपचार हुआ और अब उसे क्यों स्थानांतरित किया जा रहा है। उन्हें रेफर करने से पहले निदेशक से मिलना ही होगा।

डॉ. राजकुमार ने स्पष्ट कहा कि यदि निजी अस्पताल इन बिंदुओं पर जवाब नहीं देते हैं या मरीज को गंभीर अवस्था में बिना समन्वय के भेजते हैं, तो ऐसे मरीजों की भर्ती रिम्स में नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अब यह सिलसिला खत्म होगा कि निजी अस्पताल लाखों रुपये इलाज में ले लें और जब मरीज की स्थिति बिगड़ जाए तो रिम्स को ह्वडेथ ट्रांसफर स्टेशनह्व बना दें।

रिम्स निदेशक ने कहा कि कई निजी अस्पतालों द्वारा लापरवाही और लालच के चलते मरीजों के साथ अन्याय हो रहा है। कई मामलों में देखा गया है कि मरीज पर 10 से 30 लाख रुपये तक खर्च करवा देने के बाद, जब इलाज की कोई गुंजाइश नहीं बचती, तो उसे बिना समुचित रेफरल प्रोटोकाल के रिम्स भेज दिया जाता है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में बोकारो से आए एक मरीज पर निजी अस्पताल ने 30 लाख रुपये तक का खर्च लिया, लेकिन जब हालत गंभीर हुई तो उसे रिम्स भेज दिया गया। इसी




तरह एक अन्य मामले में रांची के एक निजी अस्पताल ने चार-पांच लाख रुपये वसूलने के बाद मरीज को अधमरी हालत में रेफर कर दिया।

डॉ. राजकुमार ने बताया कि यहां तक कि ब्रेन-डेथ मरीजों को भी रेफर किया गया है, जिन्हें रिम्स में भर्ती कर वेंटिलेटर पर रखा गया है। यह प्रवृत्ति अत्यंत अमानवीय है और इसे अब बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

निदेशक ने कहा कि यह निर्णय मरीजों के हित में है। उन्होंने कहा कि रिम्स में भर्ती तभी होगी जब यह स्पष्ट होगा कि मरीज के इलाज का अब भी व्यावहारिक अवसर मौजूद है और निजी अस्पताल ने अपने स्तर पर सभी चिकित्सीय प्रयास किए हैं।

इससे न केवल अस्पताल पर अनावश्यक भार कम होगा, बल्कि मरीजों के परिजनों को पारदर्शिता भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों की जिम्मेदारी है कि वे मरीज का पूरा इलाज करें। अधूरे इलाज या असफल आपरेशन के बाद मरीज को रिम्स भेज देना डॉक्टरों की जिम्मेदारी से भागने जैसा है।

रिम्स प्रबंधन इस नए नियम को औपचारिक रूप देने की तैयारी कर रहा है। अगली गवर्निंग बाडी (जीबी) बैठक में इसे एजेंडा के रूप में रखा जाएगा। इस पर स्वास्थ्य सचिव और राज्य सरकार की सहमति मिलने के बाद इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा।

निदेशक के अनुसार, इस नीति से न केवल रेफर सिस्टम में जवाबदेही बढ़ेगी, बल्कि रिम्स की इमरजेंसी सेवाओं पर अत्यधिक बोझ भी कम होगा। मालूम हो कि अगली बैठक 12 नवंबर तय की गई है।

पिछले कुछ महीनों में रिम्स में रेफर मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है। आंकड़ों के अनुसार, प्रतिदिन 50 से अधिक गंभीर मरीज विभिन्न निजी अस्पतालों से रेफर होकर पहुंचते हैं, जिनमें से 30 प्रतिशत मरीजों की स्थिति अत्यंत गंभीर होती है। इनमें कई मरीज ऐसे भी होते हैं जो या तो वेंटिलेटर पर होते हैं या जिनका इलाज अधूरा छोड़ दिया गया होता है। इस वजह से न केवल रिम्स के डाक्टरों पर अतिरिक्त दबाव बनता है, बल्कि पहले से भर्ती गंभीर मरीजों के उपचार पर भी असर पड़ता है रिम्स में इस समय औसतन 3500 से अधिक आउटडोर मरीज रोजाना इलाज के लिए आते हैं, जबकि करीब 2400 से अधिक इनडोर बेड लगभग हमेशा भरे रहते हैं। सीमित संसाधनों और डाक्टरों की कमी के बीच भी वहां आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे जारी रहती हैं।

हाल ही में रिम्स प्रबंधन ने मरीजों की बेहतर देखरेख के लिए कई नई पहलें शुरू की हैं। लेकिन अत्यधिक भीड़ की वजह से समस्या बढ़ी है।

डॉ. राजकुमार ने साफ कहा कि रिम्स किसी निजी अस्पताल का बैकअप सेंटर नहीं है। यह राज्य का सबसे बड़ा और अंतिम चिकित्सा संस्थान है, जहां गंभीर मरीजों का इलाज किया जाता है। उन्होंने कहा कि जो निजी अस्पताल लाखों रुपये लेकर मरीज का इलाज अधूरा छोड़ देते हैं,

## महिला विश्व कप

# आईसीसी की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में सिर्फ तीन भारतीय खिलाड़ी







### आईसीसी महिला वनडे विश्व कप टीम ऑफ द टूर्नामेंट

स्मृति मंधाना (भारत)
एल वोल्वार्ट (कप्तान, दक्षिण अफ्रीका)
जेमिमा रॉड्रिग्स (भारत)
मारिजाने कैप (दक्षिण अफ्रीका)
एश्ले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया)
दीप्ति शर्मा (भारत)
एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया)
नादिन डी क्लार्क (दक्षिण अफ्रीका)
सिदरा नवाज (विकेटकीपर, पाकिस्तान)
अलाना किंग (ऑस्ट्रेलिया)
सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड)
**12वीं खिलाड़ी**- नैट सिवर-ब्रंट (इंग्लैंड)

- **वोल्वार्ट को कप्तान की जिम्मेदारी** - रनर-अप दक्षिण अफ्रीका की तीन खिलाड़ी भी इस टीम में शामिल हैं। इनमें एल वोल्वार्ट (कप्तान), मारिजाने कैप, और नादिन डी क्लार्क शामिल हैं। वोल्वार्ट को इस टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 571 रन (औसत 71.37) बनाए और महिला विश्व कप इतिहास में एक संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड तोड़ा।

**दुबई (एजेंसी)।** यह चौंकाने वाला रहा कि टूर्नामेंट में निरंतर प्रदर्शन करने वालीं प्रतिका रावल इस टीम में नहीं हैं। वह सेमीफाइनल से पहले चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई थीं। वोल्वार्ट को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। भारत की वर्ल्ड कप विजेता टीम की तीन धाकड़ खिलाड़ी, स्मृति मंधाना, जेमिमा रॉड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को आईसीसी महिला वनडे विश्व कप टीम ऑफ द टूर्नामेंट में जगह मिली है। इन तीनों खिलाड़ियों ने भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर अपना पहला महिला विश्व कप खिताब जीता था। हालांकि, यह चौंकाने वाला रहा कि टूर्नामेंट में निरंतर प्रदर्शन करने वालीं प्रतिका रावल इस टीम में नहीं हैं। वह सेमीफाइनल से पहले चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई थीं। इसके अलावा उपविजेता दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की भी तीन-तीन खिलाड़ियों को ही जगह मिली है।

### भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

स्मृति मंधाना ने पूरे टूर्नामेंट में 434 रन बनाए और उनका औसत 54.25 का रहा। उन्होंने एक शतक और दो अर्धशतक जड़े। न्यूजीलैंड के खिलाफ 109 रनों की पारी उनकी सबसे यादगार रही, जबकि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने 80 और 88 रनों की पारियां खेलीं। जेमिमा रॉड्रिग्स ने 292 रन बनाए और उनका औसत 58.40 का रहा। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 127 नाबाद रन रहा।
इसी पारी की बदौलत भारत फाइनल में पहुंचा। न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 76 रन और फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 24 रनों की पारी भी टीम के लिए अहम साबित हुई। दीप्ति शर्मा को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। उन्होंने बल्ले से 215 रन बनाए और गेंद से 22 विकेट झटके। फाइनल में उन्होंने 5/39 के आंकड़े के साथ भारत को जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई और साथ ही 58 रनों की पारी खेली।

## महिला विश्व कप जीतने के बाद स्मृति मंधाना को लगा झटका

### आईसीसी रैंकिंग में पहला स्थान गंवाया



**दुबई (एजेंसी)।** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नई महिला एक दिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गई है लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स 9 स्थान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर पहुंच गईं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट नवीनतम सूची में दो स्थान ऊपर चढ़कर पहले स्थान पर पहुंच गई हैं। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में शतक जड़ने के अपने अविश्वसनीय प्रदर्शन के बाद वोल्वार्ड्ट ने मंधाना को पीछे छोड़ दिया। वोल्वार्ड्ट ने टूर्नामेंट में 571 रन बनाए, जो किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड है। इससे वह अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 814 हासिल करने में सफल रही। भारत ने रविवार को खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। नवी मुंबई में सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद शतक जड़कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली रोड्रिग्स ने अपने इस शानदार प्रदर्शन के दम पर शीर्ष 10 में प्रवेश किया, जबकि फोबे लिचफील्ड ने उसी मैच में शतक की बदौलत 13 स्थान की छलांग लगाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग (637) हासिल की। ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी सातवें स्थान पर पहुंच गईं। उन्होंने न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन के साथ संयुक्त सातवां स्थान हासिल किया। डिवाइन पहले ही वनडे से संन्यास लेने की घोषणा कर चुकी है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर भी चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गयीं। गेंदबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की मारिजाने काप अब सोफी एक्लेस्टोन को शीर्ष स्थान से हटाने के करीब पहुंच गई हैं। उनके अब 712 रेटिंग अंक हो गए हैं। भारत की दीप्ति शर्मा विश्व कप फाइनल में 58 रन बनाने के अलावा पांच विकेट लेने के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑलराउंडर की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

## बीसीसीआई ने सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी के लिए टीमों की घोषणा की

### शेफाली वर्मा को मिली कप्तानी




**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की जोनल सिलेक्शन कमेटियों ने मंगलवार को सीनियर महिला इंटर जोनल टी20 ट्रॉफी के लिए टीमों की घोषणा की, जिसमें भारत की वर्ल्ड कप चैंपियन शेफाली वर्मा को नॉर्थ जोन टीम का कप्तान बनाया गया है। इस टूर्नामेंट में छह टीमें हिस्सा लेंगी जिनके नाम सेंट्रल जोन, ईस्ट जोन, वेस्ट जोन, नॉर्थ जोन, नॉर्थ ईस्ट जोन और साउथ जोन हैं। यह टूर्नामेंट 4 से 14 नवंबर तक नागालैंड में होगा।

शैफाली वर्मा भारत की वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम की एकमात्र खिलाड़ी हैं जो सीनियर महिला इंटर जोनल टी20 ट्रॉफी में हिस्सा ले रही हैं। इस 21 साल की खिलाड़ी ने ग्लोबल टूर्नामेंट में सिर्फ दो मैच खेले थे, उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मैच से पहले प्रतिका रावल के चोटिल होने के बाद टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच में मैच जिताने वाला प्रदर्शन किया और अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गई, जहां उन्होंने पहली पारी में 87 रन बनाए और फिर अगली पारी में दो अहम विकेट लिए। टीमों में एक और खास नाम निकी प्रसाद का है, जो वर्मा की दिल्ली कैपिटल्स की टीममेट और 2025 19 वर्ल्ड कप जीतने वाली कप्तान हैं, जो इस टूर्नामेंट में साउथ जोन की कप्तानी करेंगी।



## पाकिस्तान ने विमेंस टीम के हेड कोच को हटाया

### खराब प्रदर्शन के बाद फैसला, विमेंस वर्ल्डकप में एक भी मैच नहीं जीत सकी टीम

**कराची (एजेंसी)।** विमेंस वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तानी टीम के हेड कोच मुहम्मद वसीम को हटा दिया गया है। पाकिस्तानी टीम 2 नवंबर को समाप्त हुए टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला नहीं जीत सकी और पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे रही।हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान के हेड कोच मुहम्मद वसीम ने खुद टीम छोड़ दी है।भारत की महिला टीम ने साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराते हुए पहली बार टाइटल जीता।2 नवंबर को भारत ने साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराते हुए पहला टाइटल जीता।

#### टीम ने एशिया कप और टी-20 वर्ल्ड कप भी गंवाया

पूर्व टेस्ट प्लेयर मुहम्मद वसीम पाकिस्तान की मेंस क्रिकेट टीम के चीफ सिलेक्टर रह चुके हैं। उन्हें पिछले साल विमेंस टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया था। उनके कार्यकाल में पाकिस्तानी टीम ने एशिया कप का सेमीफाइनल गंवाया। फिर इस साल की शुरुआत में टी-20 वर्ल्ड कप के लीग स्टेज से बाहर हो गई थी।

#### पाकिस्तान ने सभी मैच कोलंबो में खेले, 3 मैच बेनतीजा

पाकिस्तानी टीम ने अपने सभी मुकाबले कोलंबो प्रेमदासा स्टेडियम में खेले। इसमें से 3 मुकाबले बेनतीजा रहे, जबकि 4 मुकाबलों में टीम को पराजय का सामना करना पड़ा। इस तरह पाकिस्तानी टीम 7 मैचों के बाद 3 अंक ही हासिल कर सकी, जोकि बेनतीजा हुए मुकाबलों से आए।

## पीएम मोदी से मिलेंगी वर्ल्डकप जीतने वाली लड़कियां

### आज दिल्ली में हो सकती है मुलाकात, दीप्ति बोलीं- गिफ्ट क्या देंगे, जल्दी तय करेंगे




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** विमेंस वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह मुलाकात 5 नवंबर को दिल्ली में होने की संभावना है। टीम इंडिया आज शाम मुंबई से दिल्ली के लिए रवाना होगी। भारतीय टीम ने रविवार (2 नवंबर) को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में खेले गए फाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर इतिहास रच दिया।

- **हमारी खिलाड़ियों को बधाई- पीएम मोदी** - इससे पहले, वर्ल्ड कप जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर खिलाड़ियों को बधाई दी थी। सोशल मीडिया पर लिखा, आईसीसी विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में भारतीय टीम की शानदार जीत। फाइनल में उनका प्रदर्शन अद्भुत कौशल और आत्मविश्वास से भरा था। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण टीम वर्क और दृढ़ता दिखाई। हमारी खिलाड़ियों को बधाई। यह ऐतिहासिक जीत भविष्य के चैंपियन खिलाड़ियों को खेलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगी।

#### टीम को 51 करोड़ रुपए देगी बीसीसीआई

वहीं, इस जीत के बाद बीसीसीआई ने टीम को 51 करोड़ रुपए का इनाम देने का ऐलान किया। बोर्ड ने सोमवार को टीम के खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ और सिलेक्शन कमेटी के लिए 51 करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने एक बयान में कहा, बोर्ड की ओर से मैं भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम को इस ऐतिहासिक वर्ल्ड चैंपियनशिप जीत पर बधाई देता हूं। टीम की हिम्मत, प्रतिभा और एकजुटता ने पूरे देश की उम्मीदों को ऊंचा उठाया है।

## दिल्ली के क्रिकेटर अनऑफिशियल टूर्नामेंट नहीं खेल सकेंगे

### श्रीनगर में विवाद के बाद डीडीसीए का आदेश, लीग छोड़कर भागे आयोजक, गेल-शाकिब फंस गए थे




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रीनगर में आयोजित इंडियन हेवन प्रीमियर लीग में विवाद के बाद डीडीसीए ने अपने क्रिकेटर, सपोर्ट स्टाफ और मैच ऑफिशियल को आदेश दिया है कि वे किसी भी अनाधिकृत टूर्नामेंट में हिस्सा न लें। दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ने मंगलवार को एक लेटर जारी किया। इसमें कहा गया कि कार्यकाल के दौरान किसी भी अनाधिकृत टूर्नामेंट में हिस्सा लेने पर कार्यवाही की जाएगी। सोमवार (3 नवंबर) को दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल, बांग्लादेशी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन और डेवोन स्मिथ श्रीनगर के एक होटल में फंस गए थे, क्योंकि आईएचपीएल के आयोजक टूर्नामेंट को बीच में छोड़कर भाग गए थे।

**आयोजक भागे, टूर्नामेंट रद्द करना पड़ा** - मोहाली की युवा सोसाइटी ने श्रीनगर में इंडियन हेवन प्रीमियर लीग का आयोजन किया। 25 अक्टूबर को शुरू हुई इस लीग का फाइनल मैच 8 नवंबर को खेला जाना था। लेकिन, आयोजक लीग को बीच में छोड़कर भाग गए। खिलाड़ियों को भुगतान न मिलने के कारण लीग अचानक बीच में ही रद्द कर दी गई। इधर, होटल प्रबंधन ने खिलाड़ियों को बाहर जाने से रोक दिया गया, क्योंकि उनका पेमेंट नहीं हुआ था। इस मामले का खुलासा तब हुआ, जब इंग्लैंड की अंपायर मेलिसा जूनिपर ने कहा-हमें कोई भुगतान नहीं किया गया है। होटल स्टाफ ने हमें बताया कि आयोजक फरार हो गए हैं। पुलिस होटल पहुंची, लेकिन अब तक किसी कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

#### गेल-शाकिब जैसे स्टार, फिर भी फ्लॉप रहा टूर्नामेंट

गेल जैसे अंतरराष्ट्रीय स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद टूर्नामेंट में दर्शकों की संख्या बेहद कम रही। आयोजकों ने टिकटों पर भारी छूट दी और प्रचार के लिए स्थानीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर उमर जरगर की मदद भी ली, लेकिन उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली। अब सवाल उठ रहे हैं कि बिना किसी पूर्व आयोजन अनुभव वाली संस्था युवा सोसाइटी को इतने बड़े टूर्नामेंट के लिए सरकारी स्टेडियम का इस्तेमाल करने की अनुमति कैसे दी गई।

## एसीसी राइजिंग स्टार्स एशिया कप, इंडिया-ए टीम का ऐलान

### जितेश शर्मा कप्तानी करेंगे, भारत-पाकिस्तान मुकाबला 16 नवंबर को खेला जाएगा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एसीसी राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए इंडिया-ए टीम का ऐलान हो गया है। सीनियर मेंस सिलेक्शन कमिटी ने मंगलवार को टीम का ऐलान किया। यह टूर्नामेंट 14 से 23 नवंबर, 2025 तक दोहा के वेस्ट एंड इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

#### राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए इंडिया-ए टीम

जितेश शर्मा (कप्तान, विकेटकीपर), नमन धीर (उप-कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, नेहल वढ़ेरा, सूर्यांश शेडगे, रमनदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा, यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह, विजय कुमार वैशाक, युधवीर सिंह चरक, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुयश शर्मा।
**स्टैंड-बाय प्लेयर्स**- गुरनूर सिंह बरार, कुमार कुशाग्र, तनुष कोटियन, समीर रिजवी, शेख रशीद।



#### भारत ग्रुप-बी में

टूर्नामेंट का महामुकाबला यानी भारत-पाकिस्तान मैच 16 नवंबर को खेला जाएगा। सभी मुकाबले कतर के दोहा शहर में होंगे। एसीसी ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के शेड्यूल का ऐलान किया। इसमें आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप-ए में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, हॉन्ग कॉन्ग और श्रीलंका हैं, जबकि ग्रुप-बी में भारत, ओमान, पाकिस्तान और यूएई हैं।

#### टी-20 फॉर्मेट में ही खेला जाएगा

टूर्नामेंट जिसे पहले एसीसी इमर्जिंग टीम्स एशिया कप के नाम से जाना जाता था, टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। इसमें अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका की 'ए' टीमें हिस्सा लेंगी। तीन एसोसिएट टीमें, हॉन्ग कॉन्ग, ओमान और यूएई अपनी मेन टीमें मैदान में उतारेंगी। 14 नवंबर से 19 नवंबर तक हर दिन दो मैच खेले जाएंगे, जिसके बाद 21 नवंबर को सेमीफाइनल और 23 नवंबर को फाइनल खेला जाएगा।

#### पाकिस्तान और श्रीलंका ने दो-दो खिताब जीते

इमर्जिंग टीम्स टूर्नामेंट 2013 में शुरू हुआ था और अब तक इसके छह एडिशन हो चुके हैं। टूर्नामेंट का यह सातवां सीजन होगा। यह पहले अंडर-23 टूर्नामेंट के तौर पर शुरू हुआ था, बाद में इसे 'ए' टीमों के बीच होने वाले कॉम्पिटिशन में बदल दिया गया। पाकिस्तान और श्रीलंका टूर्नामेंट की सबसे सफल टीमें हैं। दोनों ने दो-दो खिताब जीते हैं। जबकि भारत और अफगानिस्तान ने एक-एक बार जीता है। मौजूदा चैंपियन अफगानिस्तान है।

## डब्ल्यूपीएल 2026 से आरसीबी के कोचिंग स्टाफ में फेरबदल

### इंग्लैंड की अन्या श्रब्सोल बनीं नई गेंदबाजी कोच; रंगराजन को सौंपी हेड कोच की कमान

**बेंगलूर (एजेंसी)।** विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 सीजन से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने सपोर्ट स्टाफ में बड़ा बदलाव किया है। इंग्लैंड की पूर्व तेज गेंदबाज अन्या श्रब्सोल को टीम का नया बॉलिंग कोच नियुक्त किया गया है
उनके साथ तमिलनाडु के पूर्व स्पिनर मालोलन रंगराजन अब टीम के हेड कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। यह बदलाव इसलिए किया गया है क्योंकि पिछले कोच ल्यूक विलियम्स इस सीजन में उपलब्ध नहीं रहेंगे। वे ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) में एडिलेड स्ट्राइकर्स टीम के साथ व्यस्त रहेंगे।




डब्ल्यूपीएल का कार्यक्रम भी इस बार थोड़ा बदला गया है। टूर्नामेंट 8 जनवरी 2026 से शुरू होकर फरवरी की शुरुआत तक चलेगा।
**रंगराजन आरसीबी के साथ पहले से जुड़े हैं** - रंगराजन आरसीबी के साथ पहले दिन से जुड़े हैं। उन्होंने कोच बेन सॉयर, माइक हेसन और ल्यूक विलियम्स के साथ काम किया है। 2024 में उनकी मौजूदगी में आरसीबी ने अपना पहला डब्ल्यूपीएल खिताब जीता था।

- **अन्या श्रब्सोल पहली बार डब्ल्यूपीएल में कोचिंग करेंगी** - इंग्लैंड की वर्ल्ड कप विजेता गेंदबाज अन्या श्रब्सोल के लिए यह डब्ल्यूपीएल में पहली कोचिंग जिम्मेदारी होगी। वे 2017 में इंग्लैंड को वनडे वर्ल्ड कप जिताने वाली टीम का हिस्सा थीं। श्रब्सोल ने 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था और अपने करियर में 200 से ज्यादा विकेट लिए हैं। रिटायरमेंट के बाद उन्होंने इंग्लैंड की सदर्न वाइपर्स टीम में खिलाड़ी और सहायक कोच के तौर पर काम किया। अब वे आरसीबी में सुनैत्रा परांजपे की जगह लेंगी, जो पहले बॉलिंग कोच थीं।अन्या श्रब्सोल 2017 में इंग्लैंड को वनडे वर्ल्ड कप जिताने वाली टीम का हिस्सा थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे ने तीन चोरों को पहुंचा दिया जेल, उल्टा पड़ा दांव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के कपाशेड़ा इलाके में अजीबोगरीब मामला सामने आया है। एक सड़क हादसे की कॉल ने तीन शातिर चोरों को सीधे जेल पहुंचा दिया। मजेदार बात यह है कि चोरी की शिकायत भी इसी थाने में दर्ज थी। पुलिस को संदेह हुआ तो तीनों चोरों को थाने ले आई। बुधवार शाम पीसीआर पर सूचना मिली कि कपाशेड़ा में स्कूटर और कार आपस में टकराए हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो स्कूटर सवार दो युवक बेहद घबराए हुए थे। वे जल्दी से मामला निपटाना चाहते थे।दोनों की पहचान रोहित रविदास (25) और करमजीत (28) के रूप में हुई। दोनों सोनिया गांधी कैंप के रहने वाले हैं। एक के पास मिला मोबाइल वह अनलॉक नहीं कर पाया। पुलिस ने सख्ती की तो दोनों टूट गए। उन्होंने कबूला कि उसी दिन सुबह गोपालजी कॉलोनी में लाल चंद के घर चोरी की थी। बैग और तीन मोबाइल ले गए थे। चोरी का बैग मौके से बरामद हो गया। चोरों के बताए पते पर पुलिस ने पंकज (33) को दबोचा। उसके पास एक चोरी का फोन मिला, जिसे रोहित-करमजीत ने बेचा था। जांच में पता चला कि रोहित पर चार और पंकज पर दो पुराने मामले दर्ज हैं। एक फोन तो पहले ही बेच चुके थे। दिल्ली पुलिस की मुस्तैदी से तीनों जेल में हैं।

### दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्रों में खुल पाएंगी प्रीमियम शराब की रिटेल दुकानें




**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्रों में प्रीमियम रिटेल शराब की दुकानें खुल सकती हैं। दिल्ली की नई शराब नीति में इसका प्रस्ताव रखा गया है। औद्योगिक क्षेत्रों में भी दुकानें खोलने का प्रस्ताव पहली बार रखा गया है। इसके लिए सड़क 24 मीटर से चौड़ी होनी चाहिए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, यह अभी मसौदा नीति है। अंतिम मंजूरी के लिए इसे सरकार के पास भेजा जाएगा। नई नीति में सरकार प्रयास कर रही है कि आवासीय इलाकों के आस-पास दुकानें ना खुलें। पिछली सरकार को शराब नीति के चलते बड़ी आलोचना झेलनी पड़ी थी। राजधानी में 29 अधिकृत औद्योगिक क्षेत्र हैं। अभी 25 नॉन कन्फर्मिंग क्षेत्र भी हैं। इनमे शराब की प्रीमियम दुकानों के लिए मंजूरी नहीं दी जाएगी। ज्यादा प्रीमियम दुकानें होने से शराब की दुकानों पर लगने वाली भीड़ भी कम हो जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, इस क्षेत्र से निजी खिलाड़ियों को बाहर किया जाएगा। नई शराब नीति में चार निगमों के पास ही रिटेल दुकानें चलाने का जिम्मा होगा। राजधानी में शराब की प्रीमियम दुकानों के लिए एक समान मानक होंगे। मसौदा के मुताबिक, मॉल और शॉपिंग कांपलेक्स के भीतर शराब की दुकानें खोलने को मंजूरी दी जा सकती है।

### ट्रेन में आतंकी हैं, बम धमाका होगा... पत्नी को सीट दिलाने के लिए शख्स की अजीब हरकत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विक्रमशिला एक्सप्रेस में बम और आतंकी होने की सूचना देने वाले को अलीगढ़ जीआरपी ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने बताया कि ट्रेन में बहुत भीड़ थी। पत्नी को सीट मिल जाए इसलिए फर्जी सूचना दी थी। रविवार सुबह भागलपुर से आनंद विहार को जाने वाली विक्रमशिला एक्सप्रेस ट्रेन में दिल्ली निवासी मोनू ने 139 रेलवे हेल्पलाइन और 112 इमरजेंसी नंबर पर फोन कर ट्रेन में चार पांच आतंकी और बंदूक बम होने की सूचना दी थी। इसके ट्रेन और अलीगढ़ जंक्शन पर हड़कंप मच गया था। ट्रेन के अलीगढ़ आने पर सुरक्षा बलों ने बोगी का कोना कोना खंगाल डाला पर कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु नहीं मिली। रविवार रात जीआरपी अलीगढ़ ने आरोपी मोनू सक्सेना जेजे कॉलोनी सावदा थाना घेवरा नॉर्थ वेस्ट दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया।

# इतनी धुंध कि इंडिया गेट हो गया गायब!



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के लोगों को अगले सप्ताह भर प्रदूषित हवा से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक सोमवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में रहा। राजधानी में सुबह-शाम प्रदूषण और स्मॉग की परत के चलते लोगों को सांस लेने में परेशानी सहित अन्य दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। आज भी दिल्ली में हवा बेहद खराब स्तर में बनी हुई है। कई इलाकों में सुबह से ही धुंध की चादर छाई हुई है।

हवा की रफ्तार कम होने, सुबह और शाम को छाने वाला हल्का कोहरा और तापमान में कमी के चलते अगले सप्ताह भर तक कमोबेश ऐसी ही स्थिति बनी रहने की संभावना है। दिल्ली के लोगों को इस समय सबसे ज्यादा प्रदूषण वाले दिनों का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली के आसमान में खासतौर पर सुबह और शाम के समय प्रदूषण और स्मॉग की एक परत देखने को मिल रही है। इसके चलते लोगों को सांस लेने में परेशानी, नाक और गले में खराश, खांसी, आंख में जलन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर सड़क के किनारे रहने वाले, दोपहिया वाहन से चलने वालों को इससे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। सीपीसीबी के मुताबिक सोमवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 309 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को बेहद खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले रविवार को यह सूचकांक 366 के अंक पर रहा था। सोमवार को खासतौर पर दिन के समय अच्छी धूप निकली रही और दोपहर के समय हवा की गति भी कुछ समय के लिए दस किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा रही। इसके चलते प्रदूषक कणों का विसर्जन थोड़ा तेज हुआ है। इसी से एक दिन पहले की तुलना में सूचकांक में 57 अंकों का सुधार हुआ है। लेकिन, अभी भी यह बेहद खराब श्रेणी में ही है। ज्यादातर निगरानी केन्द्रों का सूचकांक 300 से ऊपर ही रहा। दिल्ली-एनसीआर की हवा में इस समय मानकों से ढाई गुने से भी ज्यादा प्रदूषक कण मौजूद हैं। मानकों के मुताबिक हवा में पीएम 10 कणों का स्तर 100 और पीएम 2.5 कणों का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर की हवा में सोमवार शाम चार बजे पीएम 10 कणों का स्तर 273 और पीएम 2.5 कणों का स्तर 153 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से ज्यादा रहा।

### स्मॉग कोविड से ज्यादा जान ले रहा, दिल्ली की 'जहरीली' हवा पर एम्स के पूर्व चीफ

*नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में इन दिनों बिगड़ी हुई हवा से हाहाकार मचा हुआ है। प्रदूषण से 'जहरीली' हवा लोगों के लिए जानलेवा होती जा रही है। इस बीच दिल्ली एम्स के पूर्व डायरेक्टर डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कहा है कि खराब फेफड़े वाले लोगों को दिल्ली छोड़ देनी चाहिए।, डॉ. रणदीप गुलेरिया द्वारा जारी की गई गंभीर पब्लिक हेल्थ वॉर्निंग के मुताबिक जहरीला स्मॉग अब कोविड-19 से अधिक मौतों का कारण बन रहा है। इसमें बारीक पार्टिकुलेट मैटर दिल के दौरे, स्ट्रोक, डिमेंशिया और यहां तक कि बांझपन का खतरा बढ़ा रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि बच्चों के फेफड़े सबसे अधिक कमजोर होते हैं और दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) लगातार 300 से 400 के बीच रहा है, जिसे 'बहुत खराब' से 'गंभीर' स्तर माना जाता है। इस समस्या को सिर्फ दिल्ली-एनसीआर की घटना नहीं, बल्कि पूरे उत्तर भारत को प्रभावित करने वाले संकट के तौर पर बताया गया है। डॉ. गुलेरिया ने एक कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, अगर आपके फेफड़े खराब हैं, तो कृपया दिल्ली छोड़ दें। प्रदूषण से निपटने के उपायों पर स्ष्ट ने सीएक्यूएम से हलफनामा मांगा सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को निर्देश दिया कि वह दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को और बिगड़ने से रोकने के लिए अब तक उठाए गए कदमों का ब्योरा देते हुए एक हलफनामा दाखिल करे। चीफ जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने एम.सी. मेहता मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि प्राधिकारियों को सक्रियता से काम करना चाहिए और प्रदूषण के स्तर के 'गंभीर' स्तर पर पहुंचने का इंतजार नहीं करना चाहिए। वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह ने मीडिया में आई खबरों का हवाला दिया जिनमें संकेत दिया गया है कि दिवाली के दौरान दिल्ली में कई वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र काम नहीं कर रहे थे।*

## दिल्ली की मुबारक बेगम मस्जिद, 5 साल से कर रही रिनोवेशन का इंतजार



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
चांदनी चौक की चहल-पहल से थोड़ा हटकर, हौज काजी चौक पर लाल कुआं रोड पर एक खास मस्जिद छिपी है। तंग गलियों में दुकानों के ऊपर बनी यह 200 साल पुरानी मस्जिद अब भी रोज 100 नमाजियों को बुलाती है। लाल ईंटों वाली यह इमारत तीन गुंबदों की शानदार इमारत थी, लेकिन 2020 की भयंकर बारिश ने सब बदल दिया। इसके बाद से ही मस्जिद जीणोद्धार का इंतजार कर रही है। इमाम मोहम्मद जाहिद याद करते हैं कि 2020 में एक रात तेज बारिश के साथ मध्य गुंबद धड़ाम से गिर गया। आधा हिस्सा मस्जिद के आगे गिरा, आधा पीछे। नीचे की छत में दरारें पड़ गईं। हर मानसून में पानी टपकता है। नमाजी अब भी आते हैं, लेकिन गुंबद के नीचे खड़े होने से डरते हैं। मस्जिद एक्टिव है, पर अधूरी लगती है। दिल्ली वक्फ बोर्ड ने कई बार सर्वे कराया। 2021 में वर्ल्ड मोन्यूमेंट फंड से करार हुआ था। ढ्ढह्वष्ट॥ या आगा खान ट्रस्ट को जोड़ने की बात चली। लेकिन पांच साल बीत गए, काम शुरू नहीं हुआ। 2023 में हेरिटेज कमिटी ने ह्लह्रष्ट नहीं दिया। 2024-25 में भी लोकल लोग टैग करके अपील कर रहे हैं कि काम शुरू करवाएं। बोर्ड कहता है, नई फाइल बन रही है। यह मस्जिद ब्रिटिश रेजीडेंट सर डेविड ऑक्टरलोनी की चहेती बेगम मुबारक ने बनाई। ऑक्टरलोनी मुगल स्टाइल में रहते थे और उनकी 13 बीवियां थीं। उनकी मौत के बाद मुबारक को संपत्ति मिली। उन्होंने 1822-23 में दुकानों के ऊपर मस्जिद बनवाई। किराया रखरखाव के लिए था। मुख्य मेहराब पर उर्दू में लिखा है: यह मस्जिद आसमान से ऊंची है, यरुशलम से कम नहीं। मस्जिद भले ही एक औरत ने बनाई, पर आज जुमे को सिर्फ मर्द नमाज पढ़ते हैं।

## दिल्ली जू में हार्ट अटैक से नहीं वायरस से हुई थी शंकर हाथी की मौत



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के चिड़ियाघर में इकलौते अफ्रीकी हाथी शंकर की मौत हो गई। बीते 17 सितंबर की सुबह हाथी शंकर अपने बाड़े में अचानक गिर गया और तुरंत दम तोड़ दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने खुलासा किया कि मौत की वजह इएमसीवी वायरस थी। यह वायरस दिल की मांसपेशियों में भयंकर सूजन पैदा करता है और अंत में हार्ट फेल हो जाता है।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इएमसीवी वायरस चूहों से फैलता है। ये चूहे दूषित खाना या पानी छोड़ जाते हैं। शंकर ने शायद ऐसा ही कुछ खा लिया। अफ्रीकी हाथियों में यह वायरस जंगलों से लेकर चिड़ियाघर तक आम है। 16 सितंबर तक शंकर पूरी तरह स्वस्थ दिख रहा था। कोई लक्षण नहीं था।

20 सितंबर को चिड़ियाघर ने बताया था कि प्रारंभिक जांच में मौत का कारण एक्यूट कार्डियक फेल्यर लगा। सैंपल आइवीआरआइ बरेली भेजे गए। अब फाइनल रिपोर्ट आई है। इसमें साफ लिखा है कि इएमसीवी वायरस ही मौत की असली वजह थी। चिड़ियाघर डायरेक्टर संजीत कुमार ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। शंकर 1998 में जिम्बाब्वे से भारत आया था। नाम पड़ा था राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा के नाम पर। साथ में आई हथिनी बॉम्बई की मौत 2005 में हो गई। इसके बाद शंकर अकेला पड़ गया। दो देसी हथिनियों हीरा और लक्ष्मी से मुलाकात 2021 में बंद हो गई। 2023-24 में मस्टह के दौरान उसे जंजीरों से बांधकर रखा गया।

# बड़ी साजिश थी, इंसाफ नहीं हुआ

### ललित नारायण मिश्र हत्याकांड के 50 साल बाद हाईकोर्ट पहुंचे अश्विनी चौबे





**नई दिल्ली, एजेंसी।**
पूर्व रेल मंत्री और कांग्रेस नेता ललित नारायण मिश्र की हत्या को हुए अब 50 साल से ज्यादा हो चुके हैं। इस बीच भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मामले की नई और कोर्ट-निगरानी में जांच की मांग की है। चौबे का कहना है कि मिश्र की हत्या के मामले में गलत लोगों को दोषी ठहराया गया और सीबीआई ने इस हत्याकांड की जांच ठीक से नहीं की थी।

2 जनवरी 1975 को बिहार के समस्तीपुर में रेल परियोजना का उद्घाटन करते समय ग्रेनेड विस्फोट में ललित नारायण मिश्र की मौत हो गई थी। तत्कालीन जांच में सीबीआई ने 'आनंद मार्गी' संगठन के चार सदस्यों संतोषानंद, सुदेवानंद, गोपालजी और रंजन द्विवेदी को आरोपी बनाया था। लगभग चार दशक बाद, 2014 में दिल्ली की एक अदालत ने इन चारों को दोषी ठहराया और सजा सुनाई। अश्विनी चौबे ने अदालत में डाली याचिका में कहा है कि ललित नारायण मिश्र की हत्या सिर्फ एक साजिश नहीं, बल्कि एक बड़ी राजनीतिक साजिश का हिस्सा थी, ताकि उस समय की इंदिरा गांधी सरकार के लिए चुनौती बनने वाले लोकप्रिय नेता को रास्ते से हटाया जा सके। चौबे ने अपनी याचिका में कहा कि मिश्र जेपी आंदोलन में शामिल होने वाले थे और उन्होंने जयप्रकाश नारायण से मुलाकात भी की थी। उनका दावा है कि अगर वे आंदोलन में शामिल हो जाते, तो सरकार के खिलाफ बड़ा राजनीतिक खतरा बन सकते थे। चौबे ने अपनी याचिका में कई पुराने दस्तावेजों का हवाला दिया है। जिसमें बिहार सीआईडी की 1978 की रिपोर्ट और ज्यूरिस्ट वीएम तारकुंडे की रिपोर्ट शामिल है। इन रिपोर्ट्स में कहा गया था कि सीबीआई ने असली गुनहगारों को बचाने के लिए आनंद मार्गियों पर झूठा आरोप लगाया, ताकि दिल्ली की सत्ता से जुड़े लोगों की भूमिका छिपाई जा सके। याचिका सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट की दो-न्यायाधीशों की पीठ (न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और मनोज जैन) के सामने आई। कोर्ट ने चौबे से पूछा कि इतने सालों बाद अब जांच की मांग क्यों की जा रही है। कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर याचिका में ठोस आधार नहीं मिला, तो चौबे पर 'भारी जुर्माना' लगाया जाएगा।

# 2032 और 2036 में आसमान से बरसेगा 'आग का खतरा', टॉरिड उल्का बौछार पर नया वैज्ञानिक अलर्ट!



**लंदन, एजेंसी।**
हर साल अक्टूबर के आख़िरी हफ्तों में जब रात का आसमान अचानक चमकने लगता है, तो कई लोग समझते हैं कि यह बस टूटते तारे हैं। लेकिन वैज्ञानिकों के लिए यह समय टॉरिड उल्का बौछार का होता है – वह खगोलीय घटना जिसे 'हैलोवीन फायरबॉल्स' के नाम से भी जाना जाता है। वृषभ तारामंडल की दिशा से आने वाले ये उल्कापिंड आकाश को आग की चमक से भर देते हैं। ज़्यादातर तो धरती तक पहुंचने से पहले ही जलकर राख हो जाते हैं, लेकिन हाल के शोधों ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में इनमें से कुछ हमारे ग्रह के लिए खतरा बन सकते हैं। न्यू मैक्सिको विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञानी डॉ. मार्क बोस्लो की अगुवाई में हुए हालिया अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया है कि टॉरिड स्ट्रीम में मौजूद कुछ बड़े खगोलीय टुकड़े आने वाले दशकों में धरती के बेहद करीब से गुजर सकते हैं - ख़ासकर 2032 और 2036 के दौरान। ये खगोलीय वस्तुएं यदि वायुमंडल से टकराती हैं, तो यह हवा में जोरदार विस्फोट या सतही टक्कर का कारण बन सकती हैं। वैज्ञानिकों ने पाया कि इस धारा में छोटे-छोटे पिंडों के समूह मौजूद हैं, जिन्हें कभी-कभी चांद पर दिखने वाले भूकंप जैसे झटकों और तेज़ चमकदार आग के गोले के रूप में देखा गया है।

टॉरिड झुंड दरअसल उन धूमकेतुओं और क्षुद्रग्रहों के अवशेष हैं जो सूरज की परिक्रमा करते हुए पीछे छोड़े गए थे। इन्हें वैज्ञानिक एनइओएस की श्रेणी में रखते हैं – यानी ऐसे अंतरिक्षीय पिंड जिनकी कक्षाएं पृथ्वी के मार्ग से टकरा सकती हैं। हालांकि अब तक अधिकांश टॉरिड उल्कापिंड छोटे आकार के होते हैं और हानिकारक नहीं, लेकिन इतिहास में कुछ विनाशकारी घटनाएं इसी तरह की उल्का वर्षा से जुड़ी मानी जाती हैं – जैसे 1908 का साइबेरिया का तुंगुस्का विस्फोट और 2013 का रूस का चेल्याबिंस्क हादसा, जिनमें हवा में धमाके से बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ था।

**वैज्ञानिकों की चिंता और तैयारी:** डॉ. बोस्लो के अनुसार, इस झुंड का व्यवहार अभी अध्ययन के चरण में है, लेकिन चांद पर दिखे भूकंपीय संकेत और तेज़ प्रकाशीय फ्लैश इसके अस्तित्व की पुष्टि करते हैं। इस झुंड के खगोलीय पिंड सूरज की सात बार परिक्रमा करते हैं, जबकि उसी दौरान बृहस्पति सिर्फ दो बार घूमता है। इस असमान गति के कारण विशाल ग्रह की गुरुत्वाकर्षण शक्ति इन्हें घने समूहों में खींच लेती है, जिससे टकराव की संभावना समय-समय पर बढ़ जाती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि टॉरिड झुंड वास्तव में मौजूद है, तो 2032 और 2036 में यह धरती के बेहद करीब से गुजरेगा। उस दौरान हमारे वायुमंडल में प्राकृतिक विस्फोटों या आकाशीय टकरावों की संभावना कुछ बढ़ सकती है।

## अमेरिका में शटडाउन से हवाई अड्डे बुरी तरह प्रभावित, हजारों उड़ानें विलंबित




**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका में शटडाउन की स्थिति एक महीने से भी ज़्यादा समय से चल रही है। इसका असर अब हवाई अड्डों पर साफ दिखने लगा है। कर्मचारियों की कमी के कारण उड़ानों में देरी और सुरक्षा जांच की लंबी लाइनें बढ़ती जा रही हैं। पिछले सप्ताहांत स्थिति और खराब हो गई। सिर्फ़ रविवार को ही पूरे अमेरिका में पांच हज़ार से ज़्यादा उड़ानें देर से चलीं। सोमवार को व्हाइट हाउस ने इसके लिए डेमोक्रेट नेताओं को जिम्मेदार बताया और कहा कि उनकी राजनीति की वजह से आम लोग परेशान हो रहे हैं। वहीं डेमोक्रेट दल का कहना है कि सरकार और राष्ट्रपति गलत आरोप लगा रहे हैं।

शटडाउन कब खत्म होगा, यह तय नहीं है। ऐसे में यातायात विभाग ने चेतावनी दी है कि आगे और उड़ानें देर से चलेंगी या रद्द भी हो सकती हैं। हवाई यातायात नियंत्रक को भी बिना वेतन के काम करना पड़ रहा है। परिवहन सचिव शॉन डफी ने कहा कि इन कर्मचारियों पर वित्तीय बोझ बढ़ रहा है और यदि यही स्थिति जारी रही तो कई लोग नौकरी छोड़ने पर मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि देश में पहले से ही लगभग 2,000 से 3,000 नियंत्रकों की कमी है। फ्लाइटअवेयर के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार दोपहर तक 2,530 से ज्यादा उड़ानें देरी से चल रही थीं और 60 से ज़्यादा रद्द कर दी गई थीं।

# युद्ध के लिए कमाई के नए रास्ते पर यूक्रेन: जेलेंस्की

**कीव, एजेंसी।**
रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध और लंबा खिंचता हुआ नजर आ रहा है। इसी बीच अब यूक्रेन भी इस युद्ध में अपने पैर मजबूत करने के लिए दूसरे देशों से मिलने वाली मदद के बजाय खुद से कमाई करने के रास्ते खोज रहा है। पिछले तीन सालों में अपने देश में रक्षा उद्योग को बड़े स्तर पर तैयार कर चुका यूक्रेन अब यहां से निर्यात की संभावना तलाश रहा है, जिससे यह उद्योग उसकी सैन्य शक्ति के साथ-साथ आर्थिक शक्ति को भी बढ़ा सकें।

राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोमवार को ऐलान किया कि बर्लिन और कोपेनहेगन में यूक्रेन अपने कार्यालय खोलेगा। इसके तहत हथियारों के निर्यात और उन देशों में इनके संयुक्त निर्माण पर चर्चा होगी। यूक्रेनी सरकार के मुताबिक इस कदम का उद्देश्य यूक्रेन को एक सहायता प्राप्त करने वाले देश से हाईटेक हथियारों का निर्यात करने वाले देश के रूप में बदलना है।



रूस के साथ युद्ध में उलझे यूक्रेन को यूरोप और अमेरिका ने काफी हद तक मदद दी है। हालांकि, युद्ध के इस समय में यूक्रेन ने खुद भी हथियारों के घरेलू उत्पादन में बढ़त हासिल की है। विशेष रूप से ड्रोन और मिसाइलों को बनाने में यूक्रेन ने महारत हासिल कर ली है।

### हथियार बेचेगा यूक्रेन

ऐसे में कीव में पत्रकारों से बात कर रहे जेलेंस्की ने अपनी आगे की रणनीति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'हमारा यह फैसला उन हथियारों के निर्यात और सह उत्पादन के बारे में है, जिन्हें हम खुद बना और बेच सकते हैं। अगर हम इन्हें बेचने में सफल होते हैं, तो हमारे पास उत्पादन बढ़ाने के लिए ज्यादा पैसे होंगे और इससे हम दूसरे हथियार भी खरीद सकते हैं।' जेलेंस्की ने कहा कि हमारा उद्देश्य बाहरी आपूर्तिकर्ताओं पर से अपनी निर्भरता को कम करना है। विशेषज्ञों के मुताबिक यूक्रेन का एक हथियार निर्यातक के रूप में स्थापित होने का प्रयास करना यूरोप और यूक्रेन दोनों के लिए फायदेमंद है। क्योंकि इस साझेदारी के बढ़ने पर यूरोप को रूसी हथियारों से डिफेंस की टेक्नोलॉजी हासिल करने में मदद मिलेगी। इन साझेदारियों को यूक्रेन के लिए आर्थक जड़ी-बूटी की तरह महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अगर यह हो जाता है, तो यूक्रेन के पास आय का एक महत्वपूर्ण जरिया तैयार हो सकता है। जेलेंस्की चाहें कितने ही प्रयास क्यों न कर लें, लेकिन आज के समय की सच्चाई यही है कि उन्हें कदम-कदम पर अमेरिका की जरूरत रही है। ऐसे में हथियार बेचने का सपना देख रहे जेलेंस्की ने इस बात का खुलासा किया कि अगले हफ्ते यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल वाशिंगटन का दौरा करेगा। यहां पर यूक्रेन-अमेरिका ड्रोन संबंधीं सौदे पर आगे की बातचीत की जाएगी। कीव को उम्मीद है कि यह समझौता ट्रम्प प्रशासन के साथ संबंधों को और गहरा करेगा और यूक्रेन के बढ़ते ड्रोन क्षेत्र में हाईटेक मैन्यूफैक्चरिंग क्षमताएँ लाएगा। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, रूस से जारी युद्ध ने यूक्रेन को मानव रहित ड्रोन्स, एयर डिफेंस का एक मजबूत खिलाड़ी बना दिया है। ऐसा खिलाड़ी जो इनके नए रास्ते देने वाला बन गया है।

## पाकिस्तान में कई टीटीपी आतंकी ढेर



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाक सुरक्षा बलों ने कई अभियानों में कई टीटीपी आतंकवादियों को मार गिराया है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने सोमवार (03 नवंबर) को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कई अभियानों में प्रतिबंधित टीटीपी के कई आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने बताया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने बन्नू जिले के मीरानशाह रोड पर उत्तरी वजीरिस्तान के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) वकार खान के नेतृत्व वाले एक पुलिस काफिले पर गोलीबारी की। आतंकवादियों ने स्वचालित और भारी हथियारों से काफिले पर हमला किया। हालांकि, डीपीओ और अन्य पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें कई आतंकवादी मारे गए और अन्य घटनास्थल से भाग गए। पुलिस अधिकारियों ने मारे गए आतंकवादियों की संख्या नहीं बताई। छह पुलिसकर्मी भी घायल हुए और उन्हें जिला मुख्यालय (डीएचक्यू) अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। डीपीओ खान और उनका दस्ता सुरक्षित बच गए क्योंकि उनका वाहन बुलेटप्रूफ था। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया। इसके अलावा सेना ने प्रांत में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में तीन टीटीपी आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने सोमवार को एक बयान में कहा कि मारे गए आतंकवादियों में से दो की पहचान अफगान नागरिक के रूप में हुई है।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में प्रदर्शनी का आयोजन




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ महोत्सव 2025 के अवसर पर दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी में दिशोम गुरु के जीवन, संघर्ष और जनसेवा की प्रेरणादायी यात्रा - संदेश को दशार्या गया है। प्रदर्शनी में दुर्लभ छायाचित्र,दस्तावेज, सामाजिक आंदोलनों की झलकियां और झारखंड आंदोलन से संबंधित ऐतिहासिक सामग्री प्रदर्शित की गई हैं। आमजन और श्रद्धालुगण दिशोम गुरु की जीवनी से प्रेरणा ले रहे हैं और उनकी जनसेवा, संघर्ष और समर्पण की भावना को नमन कर रहे हैं। प्रदर्शनी स्थल पर श्रद्धालु और दर्शकों के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन बोकारो के सहयोग से यह आयोजन शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण में संपन्न हो रहा है। आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्देश्य नव पीढ़ी को दिशोम गुरु के आदर्शों और सामाजिक योगदान से अवगत कराना है। जिला प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों से अनुरोध किया है कि वे प्रदर्शनी का अवलोकन कर दिशोम गुरु के जीवन संदेशों को आत्मसात करें।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में टेंट सिटी परिसर में खिचड़ी सेवा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लुगुबुरु राजकीय महोत्सव के अवसर पर दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में टेंट सिटी परिसर में निःशुल्क खिचड़ी सेवा की व्यवस्था की गई है। इस सेवा के माध्यम से श्रद्धालुजन बाबा लुगु बाबा के दर्शन के बाद खिचड़ी ग्रहण कर रहे हैं। परिसर में भोजन वितरण, पेयजल, सफाई और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं ने इस सेवाकार्य को



आदरणीय दिशोम गुरु की जनसेवा और सामाजिक सरोकारों की भावना से प्रेरित बताया। जिला प्रशासन बोकारो एवं सोना सोबरन मेमोरियल सोसाइटी के सहयोग से यह सेवा सतत जारी रहेगी। इस अवसर पर स्वयंसेवी संस्थाएं और प्रशासनिक अधिकारीगण सक्रिय रूप से जुड़े रहे।

# तंबाकू मुक्त संस्था की शपथ कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा के आदेशानुसार सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन में जिला परामर्शी मो असलम तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो द्वारा स्कूल स्तर पर तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्यतः तंबाकू मुक्त संस्था की शपथ कार्यक्रम पोस्टर निर्माण एवं टी ओ एफ ई आई दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन तथा तंबाकू मुक्त युवा अभियान आदि है। इसी क्रम में गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, चास में प्राचार्या सुमन नांगिया के मार्गदर्शन में तंबाकू मुक्त संस्था बनने के उद्देश्य से अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। छात्रों एवं शिक्षकों ने तंबाकू मुक्त भारत के संकल्प के तहत तंबाकू निषेध शपथ ली। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग



लिया, जिसमें तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों को रचनात्मक ढंग से दशार्या गया।

**परिसर में तंबाकू उत्पादों के प्रयोग और बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लागू किया गया है-**

विद्यालय में दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए परिसर में तंबाकू उत्पादों के प्रयोग और बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लागू किया गया है। छात्रों में जागरूकता फैलाने के लिए शिक्षकों द्वारा विशेष सत्र एवं गोष्ठियाँ आयोजित की गईं। साथ ही, तंबाकू मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नशे से दूर रहने और दूसरों को प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सिटी सेंटर में अवैध निर्माण पर चला बी एस एल का डंडा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर के सिटी सेंटर क्षेत्र को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर प्रशासन ने विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत सुरक्षा विभाग की टीम ने आज कई



प्लॉटधारकों द्वारा किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। यह कार्रवाई उन स्थानों पर की गई, जहाँ प्लॉट की सीमा से बाहर निर्माण कर सार्वजनिक मार्ग और नालियों को बाधित किया जा रहा था। महाप्रबंधक ए. के. सिंह ने बताया कि अधिकांश प्लॉटधारकों ने अपने प्लॉट के पिछले हिस्से में अवैध रूप से कमरे, रसोई या गोदाम बना रखे हैं, जिससे सीवर लाइन जाम हो रही है। रेस्टोरेंट संचालकों द्वारा गंदा और वेस्ट पानी सीधे नालियों में बहा देने से नालियाँ जाम हो रही हैं तथा पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। गंदा पानी सड़क पर बहने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महाप्रबंधक ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि सभी प्लॉटधारी स्वेच्छा से अपने अवैध निर्माण को तुरंत हटा लें, अन्यथा विभाग द्वारा उसे बलपूर्वक गिरा दिया जाएगा और इसकी लागत संबंधित व्यक्ति से वसूली जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए ऐसे अतिक्रमण पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। इस अभियान से स्थानीय लोगों में राहत और नगर प्रशासन के प्रति विश्वास की भावना भी देखी जा रही है।

### सिटी सेंटर में शुरू हुई सशुल्क पार्किंग व्यवस्था, पार्किंग से अतिक्रमण हटाया जाएगा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिटी सेंटर, जिसे बोकारो स्टील सिटी का हृदय स्थल माना जाता है, अब नई पार्किंग व्यवस्था के साथ एक सुव्यवस्थित रूप ले रहा है। लंबे समय से अतिक्रमण के कारण यहाँ आने वाले लोगों को पार्किंग और आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना



करना पड़ता था। इस समस्या के समाधान के लिए बोकारो स्टील प्लांट के नगर प्रशासन विभाग ने सशुल्क पार्किंग प्रणाली लागू की है, जो आज से प्रभावी हो गई है। महाप्रबंधक ए. के. सिंह ने बताया कि मार्केट क्षेत्र में पार्किंग स्थलों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा ताकि आगंतुकों को अपने वाहनों के लिए उचित जगह मिल सके। उन्होंने मौके पर ही ठेला और खोमचा लगाने वालों को निर्देश दिया कि वे तुरंत पार्किंग क्षेत्र खाली करें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्किंग व्यवस्था के संचालन का ठेका विस्थापितों को दिया गया है, जिससे उन्हें आजीविका का अवसर भी मिलेगा। महाप्रबंधक ने सभी व्यवसायियों और नगरवासियों से अपील की कि वे इस नई व्यवस्था को सफल बनाने में प्रशासन को सहयोग करें। नगर प्रशासन का कहना है कि यह पहल न केवल सिटी सेंटर को अतिक्रमण मुक्त बनाएगी बल्कि मार्केट क्षेत्र में साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था में भी सुधार लाएगी। नगर प्रशासन का लक्ष्य सिटी सेंटर को एक स्वच्छ, आकर्षक और सुगम व्यावसायिक क्षेत्र के रूप में विकसित करना है।

### दो बसों की आमने-सामने की टक्कर, एक घायल

**राजगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजगंज थाना क्षेत्र के चालीबंगला के समीप सोमवार की देर रात दो यात्री बसों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई. इस हादसे में कई यात्री घायल हुए हैं, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. बोकारो में आदिवासी मंच के कार्यक्रम में जा रही थीं दोनों बसें। बताया जा



रहा है कि दोनों बसें जामताड़ा से बोकारो के लगु पहाड़ में आयोजित आदिवासी मंच के कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थीं. तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने आगे चल रही बस को टक्कर मार दी. घटना की सूचना मिलते ही राजगंज पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया. इस घटना के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया. पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों बसों को सड़क से हटावाया, जिसके बाद आवागमन सुचारू हुआ. फिलहाल पुलिस दोनों बसों को जब्त कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है.

### डीवीसी चंद्रपुरा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह संपन्न

**चंद्रपुरा (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा विद्युत केंद्र प्रबंधन व सतर्कता विभाग द्वारा मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 कार्यक्रम संपन्न हो गया। सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित कई प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को तेजस भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें उपहार भेंट कर सम्मानित किया । इस अवसर पर आयोजित समारोह में वरिष्ठ महा प्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों से अपील किया कि वह नियम संगत कार्य करें ।

# ‘सेफ्टी फर्स्ट - लिफ्ट स्मार्ट एंड लिफ्ट सेफ’ की थीम पर ‘रिगिंग एंड लिफ्टिंग’ पर प्रशिक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल में कर्मियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा से सम्बंधित हर पहलु पर दक्ष बनाने तथा सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष पहल के तहत मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में ‘रिगिंग एंड लिफ्टिंग’ पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मेसर्स टाटा स्टील इंडस्ट्रियल कंसल्टिंग के अनुभवी फैकल्टी श्री राम मोहन सिंह के सहयोग से किया गया. कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 40 अधिशासी प्रक्षिणार्थी के रूप में शामिल थे. कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 40 अधिशासी प्रक्षिणार्थी के रूप में शामिल हैं. कार्यक्रम के उदघाटन सत्र मे श्री शरद गुप्ता मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण), बी के सरतापे मुख्य महाप्रबंधक (एस-एफएस), प्रकाश कुमार मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) एवं मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा उपस्थित थे. सर्वप्रथम मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा ने सभी प्रतिभागियों एवं मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा





प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी. अपने सम्बोधन मे शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) ने स्टील प्लांट के लिये कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा सभी प्रतिभगियो से इस कार्यक्रम से अधिकतम लाभ उठाने की अपील की. बी के सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (एस एंड एफ एस) ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आज के बदलते तकनीकी परिवेश में लगातार सीखना और कौशल-विकास अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने प्रतिभागियों को सक्रिय रूप से प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया. प्रकाश कुमार मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) ने भी सभी प्रतिभगियो से इस कार्यक्रम से अपनी जानकारी बढ़ाने की अपील की. टाटा स्टील इंडस्ट्रियल कंसल्टिंग के अनुभवी फैकल्टी राम मोहन सिंह ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के थीम ‘सेफ्टी फर्स्ट - लिफ्ट स्मार्ट एंड लिफ्ट सेफ’ संबंध में जानकारी देते हुए रिगिंग और लिफ्टिंग का परिचय, सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियम, सुपरवाइजर की भूमिका और जिम्मेदारी, मुख्य उपकरण और उनका उपयोग, लिफ्टिंग के प्रकार, रिगिंग प्लान, इंस्पेक्शन और डॉक्यूमेंटेशन, आपातकालीन तैयारी, व्यवहार और संचार जैसे विषय पर विस्तृत जानकारी दी. यह पहल कर्मचारियों की तकनीकी दक्षताओं को सुदृढ़ करने तथा भविष्य की स्वचालन चुनौतियों के लिए उन्हें तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

**‘सेल शाबाश योजना’ के तहत सम्मान समारोह का आयोजन**

बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन विभाग द्वारा बोकारो क्लब में ‘सेल शाबाश योजना’ के अंतर्गत वर्ष 2025-26 की प्रथम छमाही में चयनित कर्मचारियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट आलोक वर्मा के साथ अधिशासी निदेशक सहित मुख्य महाप्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी समारोह में सम्मिलित हुए. कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. इसके पश्चात महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रांजलि ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए ‘सेल शाबाश योजना’ की रूपरेखा, उद्देश्य एवं इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला. निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट श्री आलोक वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ‘सेल शाबाश योजना’ सेल की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य उन कर्मचारियों को पहचान और प्रोत्साहन प्रदान करना है जो अपने कार्य में उत्कृष्टता, निष्ठा और समर्पण का प्रदर्शन करते हैं. यह सम्मान उनके प्रयासों, संस्था के लक्ष्यों में उनके योगदान और अनुकरणीय कार्य संस्कृति को रेखांकित करता है. उन्होंने सभी पुरस्कृत कर्मचारियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. इस अवसर पर कुल 36 कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया. यह सम्मान समारोह न केवल कर्मचारियों के लिए गर्व का विषय रहा, बल्कि उनके परिजनों के लिए भी एक हर्ष का क्षण बना, जिन्होंने अपने प्रियजनों की उपलब्धियों को प्रत्यक्ष रूप से साझा किया. कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक (मानव संसाधन) सुश्री पी पी टोप्पो एवं सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) श्री आर एस बा तथा धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सुश्री माला रानी के द्वारा किया गया.

# लुगु बाबा के दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल लुगु पहाड़ में आज सुबह से ही श्रद्धा और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिल रहा है। बाबा लुगुबाबा के दर्शन के लिए देश के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ विदेशों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार अब तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु लुगु पहाड़ की चढ़ाई कर बाबा के दर्शन कर चुके हैं। पूरे परिसर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण व्याप्त है। अहले सुबह से ही लुगुबाबा पुण्य थान परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। श्रद्धालुगण अपने पारंपरिक भजन के माध्यम से अपनी आस्था व्यक्त कर रहे हैं।



**प्रशासनिक तैयारियां और व्यवस्था की सराहना**

श्रद्धालुगणों ने जिला प्रशासन द्वारा की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने इस बार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अभूतपूर्व प्रबंध किए हैं। मुख्यमंत्री के मार्ग-दर्शन में जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा, पेयजल, चिकित्सा, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, खिचड़ी सेवा, पार्किंग स्थल और यातायात नियंत्रण की सुदृढ़ व्यवस्था की गई है। पर्व के दौरान पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की गई है ताकि भीड़ प्रबंधन सुचारू रूप से हो सके। जिला प्रशासन की ओर से नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, जो 24 घंटे सक्रिय है । किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान करने हेतु स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, आपदा प्रबंधन दल और स्वयंसेवी संस्थाओं की टीमें सतर्क हैं। जिला प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे अनुशासन बनाए रखें, प्रशासन के निर्देशों का पालन करें, सफाई का ध्यान रखें और पर्व को शांतिपूर्ण एवं भक्ति-भाव से सम्पन्न करें।

**श्रद्धा, सुरक्षा और व्यवस्था- तीनों का सुंदर संगम**

महोत्सव के दौरान लुगु पहाड़ में इस वर्ष का आयोजन श्रद्धा, सुरक्षा और उत्कृष्ट प्रशासनिक व्यवस्था का एक सफल उदाहरण बन गया है। श्रद्धालुगणों ने लुगुबाबा के आशीर्वाद के साथ-साथ जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की है, जिन्होंने पर्व के सुचारू संचालन के लिए विशेष पहल की है।

# तम्बाकू छोड़ने के अगले 24 घण्टे में ही हार्ट-अटैक का खतरा कम हो जाता है : मो असलम

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के आदेशानुसार राजकीय कृत प्लस टू हाई स्कूल पेंक बोकारो एवं हाई स्कूल गोनियाटो मे तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को तम्बाकू से होने वाले जनित रोगों से अवगत कराया गया साथ ही सभी को तम्बाकू छोड़ने से क्या फायदे है। इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में जिला परामर्शी मोहम्मद असलम एवं छोटेलाल दास द्वारा बच्चों को बताया गया कि 13 से 15 आयु वर्ग के 5.1 प्रतिशत बच्चे झारखण्ड में तम्बाकू का सेवन करते हैं जो कि कक्षा 7 से 10 के छात्र होते हैं। अगर हम लोगो में से कोई तम्बाकू खाता है और वह आज से छोड़ना शुरू करता है तो उसका आगे चलकर बहुत फायदा नजर आयेगा जो निम्न है :-

- तम्बाकू छोड़ने के अगले 8 घण्टे में ही आक्सीजन का स्तर सामान्य होने लगता है।
- तम्बाकू छोड़ने के अगले 24 घण्टे में हार्ट-अटैक का खतरा कम होने लगता है।
- तम्बाकू छोड़ने के अगले 72 घण्टे में फेफडों की कार्य क्षमता में सुधार होने लगता है।
- तम्बाकू छोड़ने के अगले 1 महीने में खांसी और सांस की तकलीफ कम होने लगती है।
- तम्बाकू छोड़ने के अगले 12 महीने में दिल की बीमारी का खतरा कम हो जाता है।

तम्बाकू छोड़ने के अगले 5 वर्षो में स्ट्रोक का जोखिम कम हो जाता है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को तंबाकू न लेने हेतु शपथ दिलाया गया साथ ही अपने स्कूल को तंबाकू मुक्त रखने हेतु जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य स्वास्थ्य विभाग से जिला परामर्शीय मोहम्मद असलम छोटेलाल दास सोशल वर्कर बोकारो, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

# लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ महोत्सव में जिला प्रशासन ने बनाए 08 सूचना एवं सहायता केंद्र

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ राजकीय महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने कुल 08 सूचना एवं सहायता केंद्र स्थापित किए हैं। इन केंद्रों को हम बिछड़ों को मिलाते हैं नाम दिया गया है, जिनका मुख्य उद्देश्य महोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं को सहायता एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना है। इन केंद्रों पर प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती की गई है जो लगातार श्रद्धालुओं की सेवा में लगे रहेंगे। यहां खोया-पाया रजिस्टर, लाउडस्पीकर/ पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है ताकि किसी आपात स्थिति में तुरंत सहायता दी जा सके।

मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी लाखों श्रद्धालु इस राजकीय महोत्सव में हिस्सा ले रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और सुचारु आयोजन सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को निर्देशित किया गया है।

उपायुक्त अजय नाथ झा ने आमजन से अपील की है कि वे किसी प्रकार की परेशानी होने पर निकटतम सूचना एवं सहायता केंद्र से संपर्क करें।

# गुरु नानक देव जी की 557 वें प्रकाश उत्सव पर शोभा यात्रा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बड़ा गुरुद्वारा बैंक मोड़ धनबाद में श्री गुरु नानक देव महाराज का 557 वां पावन प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा भावना हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसे लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस उत्सव की शोभा बढ़ाने के लिए पंथ के उच्च कोटि के हजूरी रागी जत्था भाई अरविंदर सिंह धामी स्वर्ण मंदिर अमृतसर एवं प्रचारक प्रोफेसर अमरजीत सिंह गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है।

कल निकलेगा भव्य नगर कीर्तन (शोभायात्रा ) प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकलेगा भव्य नगर कीर्तन शोभा यात्रा 4 नवंबर 2025 को गुरुद्वारा कोइरीबांध झरिया से सुबह 11:00 बजे शोभायात्रा नगर कीर्तन निकलकर झरिया बाटा मोड़, देशबंधु टॉकीज, मातृ सदन,चिल्ड्रन पार्क, लक्ष्मीनिया मोड,बिहार टॉकीज,कतरास मोड़ बस्ताकोला, धनसार, जोड़ाफाटक, शक्ति मंदिर, पुराना बाजार पानी टंकी बैंक मोड़ होते हुए बड़ा गुरुद्वारा रात्रि 7:00 बजे पहुंचकर समाप्त होगा । शोभा यात्रा में फूलों से सज्जी भव्य पालकी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज विराजमान रहेंगे जिनके आगे पाँच प्यारे पाँच निशान साहिब रहेंगे ।

शोभायात्रा में इस बार निरवैर गतका खालसा ग्रुप जामाडोबा आकर्षण का केंद्र होगा भुजंगी बच्चे, शब्दी जत्था, बैंड, घोड़े खालसा हाई स्कूल के बच्चे एनसीसी कैडेट एवं हजारों की संख्या में संगत शोभा यात्रा में शामिल होंगे। नगर कीर्तन के सफल संचालन के लिए नगर कीर्तन के लिए कन्वीनर मनजीत सिंह पाथरडीह एवं को कन्वीनर सतपाल सिंह ब्रोका कमलजीत सिंह, दशमेश सिंह शहबाज सिंह को बनाया गया है । मुख्य कार्यक्रम प्रकाश पर्व 5 नवंबर को बड़ा गुरुद्वारा ग्राउंड में सुबह 10:30 बजे से लेकर 3:00 तक आयोजित होंगे जिसमें उच्च कोटि के रागी जत्था एवं प्रचारक कीर्तन एवं कथा वाचक के माध्यम से संगतो को निहाल करेंगे गुरु का लंगर अटूट वितरण किया जाएगा पुनः संध्या 7:00 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होकर रात के 10:00 बजे तक चलेगा उपरांत गुरु का लंगर एवं आतिशबाजी की जाएगी। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान गुरचरण सिंह माझा महासचिव मनजीत सिंह पाथरडीह को नगर कीर्तन कन्वीनर




को कन्वेनर सतपाल सिंह ब्रोका को बनाया गया है उक्त बैठक में मनजीत सिंह सलूजा, वरियाम सिंह उपस्थित थे ।

# आईआईटी आईएसएम में दो हफ्ते का ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स शुरू

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आईआईटी आईएसएम धनबाद के ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज विभाग में ह्लरिसर्च मेथडोलॉजी और एकेडमिक राइटिंगह्न विषय पर दो हफ्ते का ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स शुरू हुआ। यह कार्यक्रम यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन और शिक्षा मंत्रालय द्वारा मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत प्रायोजित है। यह कोर्स 15 नवंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस कोर्स को देशभर के विभिन्न संस्थानों के 207 शिक्षकों और शोधार्थियों का शानदार रिस्पॉन्स मिला है। कार्यक्रम में 23 विशेषज्ञ वक्ता, जिनमें देश के नामी सेंट्रल यूनिवर्सिटीज, आइआइटी, एनआइटी और क्आइआइएम के प्रोफेसर शामिल हैं, अपने अनुभव और ज्ञान साझा कर रहे हैं। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्रो. मृणालिनी पांडेय ने की, जो डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग की एसोसिएट प्रोफेसर और मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद की कोऑर्डिनेटर हैं। उन्होंने स्वागत भाषण में बताया कि मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विजन के अनुरूप एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षा में अध्यापन और शोध के स्तर को मजबूत बनाना है। विभागाध्यक्ष प्रो. ज्ञान प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम रिसर्च मेथडोलॉजी और एकेडमिक राइटिंग के क्षेत्र में क्वालिटी बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं और अध्यापकों व शोधार्थियों को अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में प्रेरित करते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com